बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 17 मई 2024
वर्ष 34, अंक 110, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में 16

ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक 2

रेप पीड़िता किशोरी ने आरोपी को दी क्लीन चिट, अदालत ने सुना दी सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने डीएनए और एफएसएल नतीजों के आधार पर आरोपी को माना दोषी
- आरोपी को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती : कोर्ट

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने एक असाधारण फैसला सुनाते हुए लगभग दस साल पहले 12 वर्षीय एक लड़की के साथ बलात्कार करने के लिए एक व्यक्ति को दोषी ठहराया है। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी को क्लीन चिट दे दी थी।

अदालत ने कहा कि डीएनए और एफएसएल नतीजों जैसे निर्णायक सबूत के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया जाता है। आमतौर पर यौन उत्पीड़न के मामलों में बलात्कार पीड़िता की गवाही को मुख्य सबूत माना जाता है और यदि पीड़िता आरोपी को क्लीन चिट दे देती है तो उसे संदेह का लाभ मिल जाता है और वह छूट जाता है। अक्टूबर 2014 में नाबालिग लड़की से हुए बलात्कार के इस मामले की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने कहा, पीड़िता हालांकि इस तथ्य से मुकर गई कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये थे, लेकिन डीएनए और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के नतीजों से सच्चाई सामने आ गई है, जो कि एक निर्णायक सबूत है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता ने पहले चिकित्सक, पुलिस और मजिस्ट्रेट को दिए अपने बयानों में कहा था कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। अदालत के समक्ष अपने चौथे बयान में वह मुकर गई और अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत का कर्तव्य सच्चाई का पता लगाना है और आरोपी व्यक्तियों को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

पांच मामलों में आजम समेत 12 पर आरोप तय

रामपुर। जौहर यूनिवर्सिटी के लिए किसानों की जमीन कब्जाने के पांच मामलों में गुरुवार को एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, उनके परिवार के चार सदस्यों और चमरौआ के सपा विधायक नसीर खां समेत 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए। अब इस मामले में 21 मई को सुनवाई होगी। कोर्ट ने आजम खां, आलेहसन, कुशलवीर, तंजीन फात्मा, अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम, निकहत अखलाक, जकी उर रहमान सिद्दकी, मुश्ताक अहमद सिद्दकी, फसीह जैदी और लेखपाल आनंदवीर सिंह पर आरोप तय कर दिए।

चारधाम यात्रा : भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार का निर्णय

ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 19 मई तक बंद

ब्यूरो, देहरादून

- मंदिरों से 200 मीटर दूर से मोबाइल रहेंगे प्रतिबंधित
- मुख्यमंत्री की श्रद्धालुओं से अपील, तय तिथि पर ही करें यात्रा
- मुख्यमंत्री धामी ने की चारधाम यात्रा की व्यवस्था की समीक्षा

अमृत विचार : चारधाम यात्रा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और उसके चलते हो रही दिक्कतों के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है, यात्रा में मानकों का अनुपालन किया जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे रजिस्ट्रेशन तिथि के अनुसार ही यात्रा करें। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसके चलते व्यवस्थाएं चरमराने लगी हैं। गुरुवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि वे चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के अनुसार जो तिथि मिली है, उसके अनुसार ही दर्शन के लिए आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था स्थगित रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में प्रतिदिन के लिए जो क्षमता निर्धारित की गई है, उसके अनुसार ही यात्रियों को दर्शन के लिए भेजा जाए। रजिस्ट्रेशन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जाए। श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा हेतु रजिस्ट्रेशन होने पर ही चेक प्वाइंट से आगे जाने दें। उन्होंने कहा कि 17 से 19 मई तक तीन दिन ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन रोका जाए।

चारधाम के सभी मार्गों के एंट्री प्वाइंट एवं विकासनगर, यमुना पुल क्षेत्र, धनौल्टी, सुवाखोली में भी सख्ती से चेकिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि चारों धाम में मंदिर से 200 मीटर तक मोबाइल प्रतिबंधित रहेंगे।

एक नजर

बंगाल में 10 स्थानों पर आईटी की छापेमारी

कोलकाता। आयकर (आईटी) अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में कोलकाता के दक्षिण से लेकर उत्तरी हिस्सों तक 10 स्थानों पर छापे मारे और लगभग 55 लाख रुपये जब्त किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आईटी अधिकारी बुधवार से शहर के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान चला रहे हैं, जिनमें दक्षिण में गरियाहाट, मध्य भाग में एस्प्लेनेड और उत्तर में शोभा बाजार शामिल हैं।

जैश के शीर्ष आतंकी की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर। एनआईए ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष सदस्य की सात अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। आतंकवादी सरताज अहमद मंटू की जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के किसरीगाम में 19 मरला और 84 वर्ग फुट की भूमि और संपत्तियों को बुधवार को कुर्क कर लिया गया।

कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश की नाकाम

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है। जिले के तंगधार सेक्टर में बुधवार रात नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी। सुरक्षा बलों के ललकारे जाने के बाद घुसपैठियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायीं।

ऐसा प्रधानमंत्री चुनने का मौका जिस पर दुनिया रौब न जमा सके : मोदी

प्रधानमंत्री ने पूर्वांचल में कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया

- बोले-अगले पांच साल में बदल देंगे पूर्वांचल की तस्वीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

जौनपुर में भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह के समर्थन में जनसभा के दौरान गदा लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाते प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह चुनाव देश के लिए एक ऐसा प्रधानमंत्री चुनने का अवसर है जिस पर दुनिया रौब न जमा सके। एक ऐसा प्रधानमंत्री, जो एक दमदार सरकार चलाए और भारत के दम-खम से दुनिया को परिचित करवाए। गुरुवार को उत्तर प्रदेश में चार जनसभाएं करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी जगहों पर अलग-अलग मुद्दे उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी जौनपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह और मछलीशहर (आरक्षित) के बीपी सरोज के समर्थन में टीडी कालेज मैदान में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में अपना भाषण शुरू करते हुए सभी को आश्वस्त किया कि आने वाले पांच साल में मोदी और योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने जय श्री राम, हर हर मोदी के नारों के बीच कहा आपका यह उत्साह दिखाता है कि आप लोगों ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन वालों के लिए एक सीट भी जीतना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि चार जून को मतगणना के बाद जौनपुर में इतनी इमरती बंटेगी कि सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे।

जौनपुर के अलावा प्रधानमंत्री ने गुरुवार को पूर्वांचल के आजमगढ़, भदोही, प्रतापगढ़ जिले में भी जनसभाओं को संबोधित किया और सभी जगह उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की भी काफी प्रशंसा की। इस कड़ी में उन्होंने उत्तर प्रदेश में माफिया के सफाए के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े बदलाव का श्रेय योगी को देते हुए पूर्वांचल को विकसित भारत का नया ग्रोथ इंजन करार दिया। आजमगढ़ पहुंचकर मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सपा की सरकारों ने सीएए के नाम पर झूठ का पहाड़ खड़ा कर दिया। इन लोगों ने सात दशकों तक हिंदू-मुसलमान किया। ये दल कह रहे हैं कि जब मोदी जाएगा तो सीएए को भी हटा दिया जाएगा, लेकिन मैं कहता हूं कि इस देश में अब कोई माई का लाल ऐसा नहीं है, जो सीएए को खत्म कर सके। प्रधानमंत्री ने भदोही में कहा, मैं काशी वाला हूं और भदोही अपना ही घर है। मुझे पक्का विश्वास है कि आप वोट देकर भाजपा प्रत्याशी को दिल्ली भेजने वाले हैं। इसी क्रम में मोदी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां लोग पूछ रहे हैं कि भदोही में टीएमसी कहां से आ गई।

चार जून के बाद होगा खटाखट-खटाखट

प्रधानमंत्री ने प्रतापगढ़ में राहुल गांधी के खटाखट वाले बयान पर तंज कसा। कहा, शहजादों (राहुल-अखिलेश) को न मेहनत की आदत है और न ही नतीजे लाने की, इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा। उन्होंने कहा, ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जाएगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखट-खटाखट। चार जून के बाद इंडिया गठबंधन टूटकर बिखर जाएगा खटाखट-खटाखट। बलि के बकरे को खोजा जाएगा खटाखट-खटाखट। शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वाले, गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे खटाखट-खटाखट। दरअसल, तीन दिन पहले राहुल ने झांसी में कहा था- महिलाओं के खाते में हर साल 1 लाख रुपये भेजे जाएंगे। यानी महीने 8500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जाएगा।

भाजपा सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म, योगी नहीं रहेंगे मुख्यमंत्री

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोहराया अपना दावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। यहां समाजवादी पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने दोहराया कि भाजपा अगर केन्द्र की सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म कर देगी, संविधान तार-तार हो जाएगा। इसी के साथ यह दावा भी फिर दोहराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमित शाह को अपना वारिस बना देंगे। वहीं उनकी सरकार अगर बनी तो दो-तीन महीने बाद योगी आदित्यनाथ से उप्र. के मुख्यमंत्री की कुर्सी छीन लेंगे।

अपनी दावों को तर्क देते हुए केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ समय से इन्होंने (भाजपा) हल्ला मचाया हुआ था। 400 पार सीटें चाहिए। ये लोग कहते थे कि मोदी कुछ बड़ा काम करना चाहते हैं। अंदर से पता कराया तो मालूम हुआ कि ये लोग आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। संघ और भाजपा शुरू से ही आरक्षण के खिलाफ रही है। ये संविधान को तार-तार करना चाहते हैं। वहीं, शाह के उत्तराधिकारी बनने के पीछे तर्क दिया कि मोदी अपने ही तयशुदा नियमों के तहत 75 साल के होते हुए पद छोड़ देंगे। यानि 17 सितम्बर को उम्र के इस पायदान पर पहुंचते ही वह शाह को अपनी कुर्सी सौंप देंगे। योगी वाले बयान के पीछे तर्क दिया कि शाह के रास्ते में जो नेता बाधा बने उन्हें हटा दिया गया।

जैसे- शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे। अब एक ही शख्स बचे हैं, जो पीएम मोदी की राह का कांटा बन सकते हैं, वो हैं योगी आदित्यनाथ। उन्हें हटाने का मन बना लिया है। अगर चुनाव जीतते हैं, तो उन्हें 2-3 महीने में हटा दिया जाएगा। इस लोस चुनाव में केजरीवाल का यह पहला उप्र. दौरा था। आप सांसद संजय सिंह भी उनके साथ रहे।

भाजपा चार चरणों में चारों खाने चित : अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि जो देश का माहौल है, भाजपा चार चरणों में चारों खाने चित हो गई। अब वह स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि 143 सीटों से ज्यादा नहीं जीत रहे हैं। 140 करोड़ जनता इनको 140 सीटों के नीचे पहुंचा देगी। यह यूपी, दिल्ली और पंजाब की 99 सीटों पर ही उलझ के रह गए हैं। यहां सबसे बड़ी हार भाजपा की होने जा रही है।

जेल जाकर केजरीवाल की बुद्धि फिर गई : योगी

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरविंद केजरीवाल के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। योगी ने कहा कि अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। योगी गुरुवार को यहां तिंदवारी में हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां से पार्टी प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के लिए वोट करने की अपील की।

कस्टडी में युवक की हुई मौत, पूरी चौकी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

- पुलिसकर्मियों पर पांच लाख रुपये मांगने का आरोप
- डीजीपी ने मामले की जांच व कार्रवाई की बात कही

अमृत विचार : नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की चिपियाना चौकी में पुलिस कस्टडी में एक युवक की मौत के बाद पुलिस कमिश्नर ने गुरुवार को पूरी चौकी निलंबित कर दी।

मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उसके भाई को छोड़ने के लिए चौकी इंचार्ज सहित अन्य पुलिसकर्मी पांच लाख रुपये मांग रहे थे। 50 हजार रुपये उसने शाम को ही दे दिया था। हिरासत में लिए गए युवक ने फंदे पर लटककर खुदकुशी की या कुछ और कारण है। इसे लेकर डीजीपी ने जांच कर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मृतक योगेश के भाई जितेंद्र ने बताया कि योगेश चिपियाना की एक बेकरी में काम करता था। उसकी एक सहकर्मी ने चौकी पर योगेश के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था, योगेश को पुलिस चौकी पर बुलाया गया था। न पहुंचने पर कई पुलिसकर्मी पहुंचे और उसे चौकी ले आए। उसे जब पता चला तो वह भाई योगेश को छुड़ाने के लिए चौकी पहुंचा।

केजरीवाल के सहयोगी के खिलाफ प्राथमिकी

- स्वाती मालीवाल मारपीट मामला

नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से कथित 'मारपीट' के संबंध में बृहस्पतिवार को एक प्राथमिकी दर्ज की और उनके निजी सहायक विभव कुमार को आरोपी बनाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह प्राथमिकी महिलाओं के खिलाफ हिंसा के अपराध से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत दर्ज की गई। मालीवाल द्वारा कई पन्नों की शिकायत दर्ज कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

24 लाख का कर्ज चुकाने को अजीत ने की थी 6 की हत्या

संवाददाता, सीतापुर

सीतापुर सामूहिक हत्याकांड

- भाई-भाभी ,अपनी मां व तीन बच्चों की हत्या की बात अजीत ने स्वीकारी

अमृत विचार: रामपुर मथुरा इलाके के पाल्हापुर सामूहिक हत्याकांड में हुई छह मौतों के राज पर पुलिस ने अमृत विचार की प्रकाशित खुलासे की खबर पर मुहर लगा दी। सीतापुर पुलिस लाइन सभागार में आईजी रेंज, लखनऊ तरुण गाबा ने घटना का खुलासा करते हुए वारदात के मास्टरमाइंड मृतक के भाई अजीत को मुख्य आरोपी बताकर घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम देने की बात कही है। पुलिस ने मौका-ए-वारदात पर मिले हथौड़े पर मौजूद फिंगरप्रिंट और असलहे की बैलेस्टिक रिपोर्ट के साथ अजीत के इकबालिया जुर्म के आधार पर उसे कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया। आईजी के अनुसार इस जघन्य हत्याकांड के पीछे पिता के नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड पर लिए गये 24 लाख रुपये को बैंक में जमा करने को लेकर आपसी विवाद है। इसी वजह से अजीत ने सभी 6 हत्याएं की है। अजीत ने पुलिस को बताया कि उसने 11 मई की रात करीब 2 बजे इस पूरी घटना को अंजाम दिया।

पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को प्रेसवार्ता के दौरान आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा सहित पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से वारदात के खुलासे पर अहम बिंदुओं को सामने रखा। आईजी ने बताया कि पुलिस टीम की जांच पड़ताल और विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों से यह साफ हो गया कि मृतक अनुराग के भाई अजीत ने ही किसान क्रेडिट कार्ड के 24 लाख रुपये जमा करने को लेकर चल रहे विवाद को लेकर सामूहिक हत्याकांड की स्क्रिप्ट लिखी। आईजी ने बताया कि अजीत को चौथे चरण के मतदान को लेकर मृतक अनुराग और उसके परिवार के सदस्यों का गांव में मतदान से पहले पहुंचने की जानकारी थी। इसे देखते हुए अजीत ने 11 मई की रात को नशे की गोलियां खाने में मिलाकर मां और बच्चों को गहरी नींद में सुला दिया। भाभी प्रियंका और भाई अनुराग की हत्या की योजना भी बना चुका था। रात में जब सभी सो गए तब अजीत ने पूरे घर की बिजली काट दी। गर्मी के चलते जब घर के सदस्य बाहर आने लगे तो अजीत ने सबसे पहले भाभी प्रियंका व मां सावित्री और बाद में भाई अनुराग को गोली मारी। इसके बाद अजीत ने तीनों बच्चों को बारी-बारी से ले जाकर छत से नीचे फेंक दिया। फिर नीचे आकर उन तीनों बच्चों के पास उनकी मौत होने तक बैठा रहा। छहों की सांस बंद होने के बाद फिर घर के अंदर चला गया। यही नहीं, अजीत ने पुलिस को स्वयं ही घटना का वादी बनकर मृतक भाई के खिलाफ हत्या का रिपोर्ट भी दर्ज करा दिया।

गले में टॉफी फंसने से बच्चे की मौत

शाहबाद (रामपुर)। सभासद के चार साल के बेटे के गले में टॉफी अटकने से उसकी हालत बिगड़ गई। बच्चे ने दुकान से खरीदकर टाफी खाई जो गले में फंस गई। सांस लेने में दिक्कत होने पर लोगों ने परिजनों को सूचित किया। आनन-फानन परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। मोहल्ला जिलेदरान वार्ड नंबर आठ से इकबाल खां की पत्नी अंजुम सभासद हैं। गुरुवार की सुबह उनका चार वर्षीय बेटा हमजा दुकान से टॉफी लेने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खाते समय हमजा के गले मे टॉफी अटक गई। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में बालक को सीएचसी ले आए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

केजरीवाल को अंतरिम बेल अपवाद नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- फैसले के आलोचनात्मक विश्लेषण का स्वागत : सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देना कोई अपवाद नहीं है और इस फैसले के 'आलोचनात्मक विश्लेषण' का स्वागत है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत(बेल) के संबंध में दिए गए कुछ बयानों पर ईडी और केजरीवाल के वकील के दावों तथा जवाबी दावों पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि हमने किसी के लिए अपवाद स्वरूप कुछ नहीं किया है। हमने अपने आदेश में वही कहा, जो हमें न्यायोचित लगा। ईडी की ओर से सॉलसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी रैलियों में दिए गए केजरीवाल के इन भाषणों पर विरोध जताया कि अगर जनता आप को वोट देती है तो उन्हें दो जून को जेल वापस नहीं जाना पड़ेगा। पीठ ने मेहता से कहा कि यह उनका मानना है। शीर्ष अदालत गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की मुख्य याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत दी थी।

केजरीवाल के खिलाफ जल्द चार्जशीट : ईडी

ईडी ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह जल्द ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आरोप पत्र दाखिल करेगा।

2 जून को करना होगा आत्मसमर्पण

सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर 10 मई को रिहा हुए केजरीवाल के बयान अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा पर ईडी की आपत्ति पर कहा कि उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा।

बंगाल-पंजाब में ओबीसी कोटा बढ़ाने की सिफारिश

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने पंजाब और पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए रोजगार में आरक्षण कोटा बढ़ाने की सिफारिश की है। वर्तमान में पंजाब में कुल 37 प्रतिशत आरक्षण है, जिसमें 25 प्रतिशत एससी को और 12 प्रतिशत ओबीसी को दिया गया है। एनसीबीसी ने ओबीसी के लिए 13 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण की सिफारिश की है। पश्चिम बंगाल में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण कोटा क्रमशः 22 प्रतिशत, छह और 17 प्रतिशत है। एनसीबीसी का कहना है कि ओबीसी कोटा शेष पांच प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है।

कोविशील्ड के बाद अब कोवैक्सीन का भी दुष्प्रभाव

अध्ययन में दावा : कोवैक्सीन लगवाने वाले 30 % से अधिक लोगों को एक साल बाद हुईं स्वास्थ्य समस्याएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- श्वास संबंधी संक्रमण और मस्तिष्काघात की भी शिकायत

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के शोधकर्ताओं की एक दल द्वारा किए गए एक साल के अध्ययन में दावा किया गया कि भारत बायोटेक के कोविड रोधी टीके ''कोवैक्सीन'' लगवाने वाले लगभग एक-तिहाई व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शोधकर्ताओं ने इन स्वास्थ्य समस्याओं को 'विशेष रुचि वाली प्रतिकूल घटनाओं' या एईएसआई की संज्ञा दी है। अध्ययन में भाग लेने वाले 926 प्रतिभागियों में से लगभग 50 प्रतिशत लोगों ने शिकायत की है कि उन्हे कौवैक्सीन लगवाने के बाद श्वास संबंधी संक्रमण का सामना करना पड़ा है। यह संक्रमण उनके श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से में हुआ।

अध्ययन में दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने वाले एक प्रतिशत व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें मस्तिष्काघात एवं गिलियन-बर्र सिंड्रोम से ग्रसित हुए। इस सिंड्रोम में लोगों के पैरों का सुन्न होना शुरू होता है तथा यह लक्षण शरीर के अन्य अंगों में फैलने लगता है।

पत्रिका स्प्रिंगर नेचर में प्रकाशित यह अध्ययन ब्रिटेन की फार्मास्युटिकल दिग्गज एस्ट्राजेनेका द्वारा ब्रिटेन की अदालत में यह स्वीकार करने के बाद आया कि कोविशील्ड से खून के थक्के जम सकते हैं और प्लेटलेट काउंट कम हो सकते हैं। बीएचयू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) के शोधकर्ताओं द्वारा जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक किए गए अध्ययन में बताया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद लगभग एक तिहाई व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें उन्हें त्वचा से संबंधित बीमारी, सामान्य विकार और तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ा। खासकर किशोरों को ये समस्याएं हुईं। शोध में 635 किशोर और 391 वयस्क शामिल थे।

महिलाओं में मासिक धर्म की असामान्यताएं

अध्ययन में यह भी दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद 4.6 प्रतिशत महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं देखी गईं। इसमें यह भी बताया गया कि चार व्यस्कों की भी मौत हुई। इन चारों को मधुमेह था, जबकि तीन को उच्च रक्तचाप था और उनमें से दो लोगों ने कोवैक्सिन टीका लगवाया हुआ था।

आज का मुकाबला

मुंबई इंडियंस

बनाम

लखनऊ सुपरजाइंटस

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	13	22
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	12	18

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	13	661
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	13	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

जीत से विदा चाहेंगे मुंबई-लखनऊ

मुंबई, एजेंसी

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी। मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य हैं। तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाये और रनरेट भी खराब हो गया।

सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रनरेट माइनस 0.787 है जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का रनरेट 0.387 है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। नये कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब तक 13 मैचों में बस चार जीत सकी मुंबई इंडियंस

शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है। सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तानी सौंपे जाने से मुंबई के प्रशंसकों में काफी आक्रोश था जिसका टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ा। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तीन अर्धशतक समेत 136.36 के स्ट्राइक रेट से 465 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट हालांकि चर्चा का विषय रहा। निकोलस पूरन ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम नाकाम रही।

हस्सी को उम्मीद, दो साल और खेलेंगे धोनी

बेंगलुरू। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी को उम्मीद है कि करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी अगले दो साल और टीम के साथ रहेंगे क्योंकि वह बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। आईपीएल 2024 की शुरूआत से एक दिन पहले रूतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपकर 42 वर्ष के धोनी ने सभी को हैरान कर दिया था।

हस्सी ने कहा हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह खेलते रहेंगे। वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह शिविर में जल्दी आकर काफी अभ्यास करते हैं और पूरे सत्र में फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने कहा हम उनके कार्यभार को अच्छे से मैनेज कर पाये हैं। पिछले सत्र के बाद उनके घुटने का आपरेशन हुआ था। उम्मीद है कि वह दो साल और खेलेंगे।

एक बार काम हो गया तो चला जाऊंगा फिर जल्दी नजर नहीं आऊंगा : कोहली

बेंगलुरू, एजेंसी

भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पता है कि वह हमेशा खेलते नहीं रह सकते लेकिन विदा लेने से पहले वह अपना सबकुछ क्रिकेट कैरिअर को देना चाहते हैं और उनका कहना है कि एक बार जाने के बाद वह कुछ समय नजर भी नहीं आएंगे। कोहली आईपीएल में इस सत्र में अब तक का रिकॉर्ड आठवां शतक जड़ चुके हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं।

आरसीबी द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में 35 वर्ष के कोहली ने कहा कि मलाल के बिना जीने की ललक ही उनकी प्रेरणा है। मैं कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ना चाहता ताकि बाद में कोई पछतावा नहीं हो। एक बार काम पूरा हो जाए तो मैं चला जाऊंगा और फिर कुछ समय नजर नहीं आऊंगा। जब तक मैं खेल रहा हूं, अपना सब कुछ खेल को देना चाहता हूं। हर खिलाड़ी के कैरिअर का अंतिम समय आता है। मैं भी हमेशा खेलता नहीं रहूंगा लेकिन मैं इस सोच के साथ विदा नहीं लेना चाहता कि अगर मैने उस दिन ऐसा किया होता तो अच्छा होता।

आईपीएल मैचों में अधिकतम बाउंड्री रखना बेहतर : कुंबले

गेंदबाजों की बढ़ी हैं मुश्किलें, हर खिलाड़ी बनना चाहता है बल्लेबाज

नई दिल्ली, एजेंसी

महान स्पिनर अनिल कुंबले को डर है कि अगर क्रिकेट का खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुका रहा तो अगले कुछ वर्षों में काफी अधिक युवा गेंदबाजी करने के लिए तैयार नहीं होंगे। उन्होंने गेंद और बल्ले के बीच संतुलन बहाल करने के लिए आईपीएल स्थलों में जितनी अधिक लंबी संभव हो उतनी बाउंड्री रखने और गेंद में अधिक उभरी हुई सीम रखने वकालत की।

मौजूदा सत्र में छोटी बाउंड्री, सपाट पिचों और इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के कारण बल्लेबाजी में मदद मिलने के कारण 250 रन से अधिक का स्कोर आठ बार बन चुका है। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की तरह कुंबले को भी लगता है कि अधिकतम बाउंड्री रखना समय की मांग है। कुंबले ने कहा, यह वास्तव में गेंदबाजों के लिए कठिन रहा है, खासकर टूर्नामेंट के पहले भाग में। मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि आपको हर स्थान पर अधिकतम बाउंड्री रखने की जरूरत है। कोशिश करें और स्थल पर सबसे बड़ी बाउंड्री बनाएं। मुझे पता है कि आप कुछ सीटें खो देंगे लेकिन ऐसा होता है।

कुंबले ने कहा हमने देखा है कि गेंद एक ओवर के बाद या कभी-कभी उससे भी कम समय में स्विंग करना बंद कर देती है। आपको बल्ले और गेंद के बीच संतुलन की जरूरत होती है। आप सिर्फ दौड़कर नहीं आते रह सकते क्योंकि कुछ वर्षों बाद आपके पास गेंदबाजी से जुड़ने के लिए बहुत अधिक युवा खिलाड़ी नहीं होंगे। उन्होंने कहा हर कोई बल्लेबाज बनना चाहता है। आईपीएल के खेलने के हालात के अनुसार खेलने का मैदान स्क्वायर बाउंड्री से बाउंड्री तक न्यूनतम 150 गज (137.16 मीटर) होगा जबकि छोटी बाउंड्री से बाउंड्री तक न्यूनतम 150 गज (137.16 मीटर) होगा जबकि छोटी बाउंड्री कम से कम 65 गज (59.43 मीटर) की होगी।

केएल राहुल ने इस बार बल्ले से खराब प्रदर्शन नहीं किया है : क्लूजनर

मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच लांस क्लूजनर ने कहा कि टीम के कप्तान केएल राहुल भले ही थोड़ा हताश हों लेकिन बल्ले से उन्होंने बिलकुल भी खराब प्रदर्शन नहीं किया है क्योंकि विकेट गिरने के कारण उन्हें अपनी आक्रामकता पर लगाम रखने के लिए बाध्य होना पड़ा। राहुल अपने स्ट्राइक रेट की वजह से चर्चा में रहे हैं और वह 13 मैच में तीन अर्धशतक से 136.36 के स्ट्राइक रेट से इस सत्र में 465 रन बनाकर सातवें सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी हैं। लेकिन फिर भी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने की कगार पर है। शुक्रवार को सातवें स्थान पर चल रही लखनऊ की टीम मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी जो दोनों टीमों के लिए इस आईपीएल का अंतिम ग्रुप मैच होगा। क्लूजनर ने गुरुवार को यहां वानखेडे स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान मीडिया से कहा उसने टूर्नामेंट के दौरान कुछ बेहतरीन प्रदर्शन दिए हैं।

बारिश ने बढ़ाई सनराइजर्स की मुश्किलें

हैदराबाद। हैदराबाद और गुजरात के मैच पर बारिश का साया छाया रहा। एक तरफ जहां इस मैच में गुजरात के लिए कुछ नहीं बचा वहीं अपने घरेलू मैदान पर खेल रही सनराइजर्स हैदाराबाद के लिए यह मुकाबला प्लेआफ की टिकट की तरफ उनका अगला कदम तय करने के लिए अहम है। सुबह से ही हैदाराबाद के इस मैच पर संकट के बादल छाए हुए थे। खबर लिखे जाने तक टॉस नहीं हो पाया था। बता दें कि गुजरात का पिछला मुकाबला भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। शाम 7.30 बजे एक बार बारिश रूकी जरूर और हैदराबाद के फैंस को लगा कि अब उन्हें लबां इंतजार नहीं करना पड़ेगा जल्द ही मैच शुरू होगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं 7.42 बजे बारिश ने एक बार दस्तक दे कर हैदराबाद के फैंन का दिल तोड़ दिया। बता दें कि अगर किसी चमत्कार से यह मैच होता भी है तो 20-20 ओवर का नहीं हो पाएगा और अगर मुकाबला नहीं खेला जाता है तो दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया जाएगा। हैदराबाद के लिए एक अंक का मतलब होगा कि प्लेआफ के सफर में उसे और मुश्किलों का सामना करना होगा। वहीं, गुजरात के लिए जीत से इस आईपीएल के सफर को अलविदा कहने का सपना भी अधूरा रह जाएगा।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रद	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	13	9	3	19	1	+1.428
राजस्थान	13	8	5	16	0	+0.273
चेन्नई	13	7	6	14	0	+0.528
हैदराबाद	12	7	5	14	0	+0.406
दिल्ली	14	7	7	14	0	-0.377
बेंगलुरु	13	6	7	12	0	+0.387
लखनऊ	13	6	7	12	0	-0.787
गुजरात (बा)	13	5	7	11	1	-1.063
पंजाब (बा)	13	5	8	10	0	-0.347
मुंबई (बा)	13	4	9	8	0	-0.271

खेल डायरी

सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में

बैंकॉक। युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेईराबा लुवांग मैसनाम और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत के एक दिन बाद 21 वर्षीय मेईराबा ने 50 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हरा दिया। मेईराबा को अगले दौर में विश्व चैंपियन और स्थानीय दावेदार कुनलावुत वितिदसार्न की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग वाले शेई साओ नान और झेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की मलेशिया की जोड़ी से होगा।

श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ खेलेगी वनडे और टी-20

कोलंबो। श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ 15 से 28 जून तक तीन एकदिवीसय और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगी। 20 जुलाई से श्रीलंका में होने वाले टी-20 एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर इस श्रृंखला को महत्वपूर्ण माना जा रहा। मार्च और अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के उनके सफल दौरे के बाद इस वर्ष यह श्रीलंका की महिला टीम की दूसरी द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला होगी। श्रीलंका की टीम अगस्त में आयरलैंड का दौरे पर जाएगी। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने हाल ही में पाकिस्तान का एक महीने का दौरा पूरा किया जहां उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 सीरीज में जीत दर्ज की। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 2017 में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली गई थी।

टी20 हरफनमौलाओं की रैंकिंग में हसरंगा के साथ शीर्ष पर शाकिब

दुबई। हार्दिक पंड्या टी20 हरफनमौलाओं की आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पांड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन माक्रम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव 861 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

ओलंपिक चयन ट्रायल में जीते अंजुम और स्वप्निल

भोपाल। ओलंपियन अंजुम मोदगिल और पेरिस ओलंपिक खेलों के कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को यहां चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल में क्रमश: महिला और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहली जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में स्वप्निल ने 463.7 अंक का स्कोर बनाकर अखिल श्योराण (461.6 अंक) की चुनौती पस्त की। स्थानीय निशानेबाज ऐश्वर्य तोमर 451.9 अंक के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पोजिशन फाइनल में अंजुम ने 463.9 अंक का स्कोर बनाया और भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। आशी चौकसे 447.3 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के टी3 क्वालीफिकेशन में ओलंपियन मनु भाकर 577 के स्कोर से शीर्ष पर रही।

हमें अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा : संजू सैमसन

गुवाहाटी, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहते हुए अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा।

उन्होंने पंजाब किंग्स के हाथों मिली हार के बाद कहा ईमानदारी से कहूं तो हम एक अच्छे विकेट की अपेक्षा कर रहे थे। यह 140 रन वाली यह पिच नहीं थी, लेकिन हमें 160-170 तो बनाने ही चाहिए थे। हम ऐसे विकेटों पर खेलने के आदी नहीं हैं। हमें यहां पर अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा। सैमसन ने कहा ईमानदारी से कहूं तो हमें स्वीकार करना होगा कि हमें असफलता मिली है। हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहना होगा। जब आप लगातार चार मैच हारते हैं तो आपको देखना होगा कि कहां कमी हो रही है, टीम के लिए क्या अच्छा नहीं जा रहा है। किसी एक को आगे आकर कहना होगा।

पेरिस खेलों की चयन पात्रता पर 21 मई को फैसला करेगा डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए 21 मई को चयन मानदंड तय करेगा। भारत ने ओलंपिक खेलों के लिए कुश्ती में छह कोटा स्थान हासिल किए हैं जिनमें से पांच महिला पहलवानों को मिले हैं। अमन सहरावत पुरुषों के फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान हैं। डब्ल्यूएफआई ने कहा था कि वह 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों का चयन करने के लिए एक अंतिम ट्रायल आयोजित करेगा। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया डब्ल्यूएफआई ने चयन मानदंड तय करने के लिए 21 मई को दिल्ली में चयन समिति की बैठक बुलाई है। दोनों शैलियों के दो मुख्य कोच चर्चा का हिस्सा होंगे।

पेरिस ओलंपिक : शरत, मनिका का ओलंपिक टीम में पदार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया। शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में वैकल्पिक खिलाड़ी जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे। पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है।

सुनील छेत्री ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि छह जून को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ होने वाला फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच उनका आखिरी मुकाबला होगा। सुनील छेत्री ने सोशल मीडिया मंच पर भावनात्मक पोस्ट में कहा आप जानते हैं, पिछले 19 वर्षों में मुझे जो एहसास याद है, वह कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि ये इतने सारे मुकाबले हैं जो मैंने देश के लिए खेले हैं। मैंने यही किया है, अच्छा या बुरा, लेकिन अब मैंने यह कर लिया। यह पिछले डेढ़, दो महीने मैंने किया। मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि शायद मैं इस निर्णय की ओर जा रहा था कि यह गेम (कुवैत के खिलाफ), यह अगला गेम मेरा आखिरी होगा। उन्होंने 19 वर्षो के अपने फुटबॉल करिअर देश के लिए 150 मुकाबलों में 94 गोल किए। छेत्री, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी - फुटबॉल के सभी दिग्गज नामों के बाद सर्वकालिक शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय गोल स्कोरर की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

खेल जगत ने कहा- सुनील छेत्री खेल के असली लीजेंड

नई दिल्ली। चैम्पियन फुटबॉलर सुनील छेत्री के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा के बाद खेल जगत के दिग्गजों ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की जिसमें विराट कोहली, 2011 विश्व कप के नायक युवराज सिंह और स्टार फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया शामिल हैं। कोहली ने उन्हें अपना अच्छा मित्र बताते हुए लिखा, मेरे भाई, तुम पर फक्र है। युवराज ने उन्हें 'लीजेंड' करार करते हुए कहा कि 39 वर्ष के खिलाड़ी की 150 राष्ट्रीय मैच खेलने की लंबी विरासत लंबे समय तक बरकरार रहेगी। खेल का सही मायने में लीजेंड जिसने भारतीय फुटबॉल को वैश्विक मंच तक पहुंचाया। आपके जुनून ने एक पीढ़ी को इस खेल में आने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय खेलों में आपकी विरासत हमेशा याद रहेगी। अब आप अपना विदाई मैच खेलने के लिए तैयार हो तो आप गर्व के साथ मुड़कर देख सकते हो। शुक्रिया लीजेंड। महान भारतीय स्ट्राइकर भूटिया ने कहा कि यह भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। इसमें कोई शक नहीं कि सुनील भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक है।

बॉलीवुड हलचल

ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रौशन फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। करण जौहर निर्मित और अयान मुखर्जी निर्देशित ब्रह्मास्त्र पार्ट वन शिवा ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। इस फिल्म रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, मॉनी राय ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया जा रहा है कि ब्रह्मास्त्र-2 में ऋतिक विलेन का किरदार निभाते नजर आएंगे। ऋतिक इस फिल्म की शूटिंग वॉर-2 के बाद करेंगे। ब्रह्मास्त्र-2 को 2026 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

कार्तिक की फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। चंदू चैंपियन के नए पोस्टर में कार्तिक आर्यन हाथ में बॉक्सिंग ग्लव्स पहने बॉक्सर अवतार में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन का नया पोस्टर ब्लैक एंड व्हाइट है। आंख के पास चोट का निशान, मुंह में सेफ्टी गार्ड्स और हाथों में बॉक्सिंग गलव्स पहने कार्तिक नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन के पोस्टर के साथ-साथ मेकर्स ने एक बार फिर कार्तिक आर्यन की फिल्म की सिनेमाघरों में आने की तारीख ऑफिशियली अनाउंस कर दी है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित और कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

अवैध असलहों का गढ़ बना जिला, आखिर कहां से आ रहे तमंचे

टीएन अवस्थी, लखीमपुर खीरी

- एक महीने में 48 तमंचा, एक बंदूक, 52 कारतूस, सात चाकू के साथ 54 आरोपी पकड़े
- छह अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामद 11 लोग हो चुके गिरफ्तार

अमृत विचार: लखीमपुर खीरी अवैध असलहों का गढ़ बन गया है। ऐसा ही कुछ पुलिस के आंकड़े बयां कर रहे हैं। अप्रैल में पुलिस ने 48 तमंचा, एक देशी बंदूक, 52 कारतूस, छह चाकू समेत 54 बदमाशों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भिजवाया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल है कि आखिरकार अवैध असलहा कैसे और कौन सप्लाई कर रहा है? बरामद फैक्ट्रीमेड कारतूस कहां से सप्लायर को मिल रहे हैं। पुलिस इसकी जांच करने के बजाय असलहा रखने वाले को गिरफ्तार कर इतिश्री कर रही हैं।

नशीले पदार्थों के साथ लखीमपुर खीरी अवैध असलहों की तस्करी का गढ़ बन गया है। पुलिस के आंकड़ों पर नजर डालें तो पहली अप्रैल से लेकर 30 जून तक मैलानी, तिकुनिया, पढुआ, पसगवां, खीरी, उचौलिया, भीरा, कोतवाली सदर, धौरहरा, मैगलगंज, सिंगाही, निघासन समेत करीब सभी थानों की पुलिस ने अलग-अलग दिनों में 48 तमंचा, 52 फैक्ट्री मेड कारतूस. छह चाकू समेत 54 लोगों को गिरफ्तार कर चालान भेजा। पढुआ पुलिस ने देशी बंदूक समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। फरधान पुलिस ने सिर्फ एक युवक को एक मिस कारतूस के साथ पकड़ा था। 6 अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामद कर 11 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। खास बात यह है कि तमंचों के साथ बरामद सभी कारतूस फैक्ट्रीमेड हैं। पुलिस तमंचा रखने वाले बदमाश को कारतूस कहां से मिले। किसने उपलब्ध कराए आदि की जांच नहीं करती है। यदि पुलिस इसकी जांच कर कारतूस उपलब्ध कराने वाले पर कड़ी कार्रवाई करे तो अवैध असलहों पर अंकुश लग सकता है।

दो नहीं, अब अपराधियों के पास बरामद होता है एक कारतूस

लखीमपुर खीरी। अधिक नहीं दो साल पीछे के यदि पुलिस के आंकड़ों पर नजर डालें तो पुलिस अक्सर तमंचे के साथ दो कारतूस बरामद करती थी, लेकिन अब बरामदगी सिर्फ एक कारतूस की होती है। अप्रैल महीने में बरामद हुए 52 कारतूसों में सिर्फ मोहम्मदी पुलिस ने दो तमंचों के साथ तीन, खमरिया पुलिस ने एक तमंचे के साथ दो कारतूस ही बरामद किए हैं।

युवाओं में असलहा रखने का बढ़ा क्रेज

अब युवाओं के लिए असलहा स्टेटस सिंबल बनता जा रहा है। असलहों का जहां आपराधिक घटनाओं में बड़े पैमाने पर उपयोग हो रहा है। वहीं युवाओं में इसका क्रेज बढ़ा है। जिले में कई युवाओं के सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर असलहों के साथ प्रदर्शन करते हुए वीडियो और फोटो भी वायरल हो रहे हैं। पुलिस इन लोगों पर कार्रवाई भी कर रही है।

इन जगहों पर पकड़ी गई अवैध असलहा फैक्ट्री

थाना	बरामद फैक्ट्री	गिरफ्तारों की संख्या
मोहम्मदी	एक	एक
भीरा	एक	एक
पढुआ	एक	2
गोला	एक	एक
मझगई	एक	3
शारदानगर	एक	3

> अवैध असलहों को लेकर समय-समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। विवेचना के दौरान कारतूस के बारे में भी जानकारी की जाती है और कार्रवाई भी होती है।
> -नैपाल सिंह, एएसपी पश्चिमी

डिप्टी सीएमओ का निर्देश टीकाकरण से न छूटें बच्चे

समीक्षा बैठक करते डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित कुमार। अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : डिप्टी सीएमओ अमित कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र की सभी सीएचसी अधिकारियों व स्टाफ के साथ टीकाकरण में किसी बच्चे के न छूटने के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएमओ ने गुरुवार को पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पलिया सीएचसी अधीक्षक भरत कुमार की अगुवाई मे पलिया स्टाफ व पलिया ब्लॉक के संपूर्णानगर, मझगई, चंदन चौकी सहित पीएचसी अधिकारियों व पर्यवेक्षक, एनएम सहित स्टाफ के साथ बैठक की। इस दौरान डॉ. अजीत कुमार, पंकज अस्थाना, डॉ. आरके वर्मा, चीफ फ़ार्माशिष्ट टीआर रेहमान, परशुराम, सीएचसी काउंसलर अंकित दीक्षित आदि मौजूद रहे।

हीट वेव : लोगों को आने वाले दिनों में अभी और सताएगी गर्मी

मौसम विभाग का अनुमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा, डॉक्टरों ने बचने की दी सलाह

छाता लगाकर तेज धूप से बचाव करती महिला। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: सूरज की तपिश दिन पर दिन तेज हो रही है। आने वाले दिनों में इसमें और इजाफा होगा, क्योंकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी होने के साथ हीटवेव की भी संभावना जताई है। इससे आगामी चार पांच दिन में पारा 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के अनुमान को लेकर डॉक्टरों का कहना है कि धूप से बचें और पानी पीते रहें। जरा सी भी लापरवाही बीमारी की वजह बन सकती है।

गर्मी का मौसम दिन पर दिन जोर पकड़ रहा है। इस सप्ताह तापतान 42 से अधिक रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 18 व 19 मई को पारा 43 से 44 डिग्री तक पहुंचने की संभावना जताई है। यदि ऐसा हुआ तो ये दिन शहर के लिए सबसे गर्म साबित होगें। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को ही पारा 42 डिग्री पार कर सकता है। ऐसे में तेज धूप में निकलने से बचें और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करते रहें, क्योंकि पिछले दिनों हुई बरसात से कुछ दिन तक राहत मिलने के बाद मंगलवार से मौसम के तीखे तेवरों ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। गर्म हवाओं के थपेड़ों के साथ धूप की तपिश तन को झुलसा रही है। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री पहुंच गया। ऐसे में घरों से निकले लोग तपिश से बचने के लिए चेहरे को छाता एवं सूती कपड़े से ढककर निकलने के लिए मजबूर हुए। इन दिनों आसमान से बरसती आग ने हर किसी का जीना दुश्वार कर रखा है। उधर,मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनो में गर्मी से फिलहाल कोई राहत नहीं मिलने वाली है। आगामी तीन चार दिनों में अधिकतम तापमान में और बढ़ोत्तरी होने से तपिश में भी इजाफा होगा।

आने वाले दिनों में तापमान

दिनांक	अधिकतम	न्यूनतम
17 मई	43	24
18 मई	44	25
19 मई	44	25
20 मई	44	26
21 मई	44	26

गर्मी का प्रकोप: सीएचसी पर बढ़ रहे मरीज

संवाददाता, निघासन, अमृत विचार : भीषण गर्मी बीमारियों की वजह बन रही है। छोटे बच्चे सबसे ज्यादा गर्मी में होने वाले रोगों की चपेट में आ रहे हैं। वहीं महिलाएं और युवा भी बीमार होकर सीएचसी पहुंच रहे हैं। गत एक सप्ताह से सीएचसी पर रोजाना करीब 100 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें उल्टी, दस्त के अलावा बुखार की चपेट में आने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है। हालांकि अधिकतर इन बीमारियों की चपेट में बच्चे हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ. पीके रावत ने बताया कि एक सप्ताह से 300 से अधिक मरीजों का पंजीकरण हुआ है। इनमें छोटे बच्चों की संख्या सबसे अधिक है। गर्मी के दिनों में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, क्योंकि इन दिनों उल्टी, दस्त, बुखार के अलावा पेट दर्द होने की समस्या बढ़ जाती है। इसकी वजह प्रदूषित पेयजल व भोजन है। साफ सफाई और पौष्टिक खानपान अपनाकर इन बीमारियों से बचा जा सकता है।

सीएचसी पर बीमार बच्चों को दवा दिलवाने के लिए आईं महिलाएं।

बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत

संवाददाता, बेहजम, अमृत विचार : थाना नीमगांव क्षेत्र में बुधवार की देर शाम बाइक ने पैदल जा रहे एक मजदूर को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। कस्बा बेहजम निवासी छोटे लाल (32) ओयल मार्ग पर कोल्हू पर मजदूरी करता था। वह मजदूरी कर बुधवार की शाम पैदल घर जा रहा था। कस्बे में ही बाइक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छोटेलाल को एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल भेजा, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। बेहजम चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता ने बताया कि बाइक को पुलिस ने कब्जे में लिया है। बाइक स्वामी और उसके चालक का पता लगाया जा रहा है। अभी परिवार के लोगों ने तहरीर पुलिस को नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

कलश यात्रा के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचार : अखिल विश्व गायत्री परिवार पलिया ने मोहल्ला बरवंडा-सिंगहिया में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं युवा महोत्सव कार्यक्रम का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। जिसमें भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। कलश पूजन का कार्यक्रम वरिष्ठ गायत्री परिजन चंद्रिका प्रसाद मौर्य ने वैदिक मंत्रों के साथ विधि विधान से कराया। इसके बाद नगर के पुराना अस्पताल रोड, नगर पालिका रोड, माल गोदाम रोड, संपूर्णानगर रोड आदि से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय सिंह, विनय कुमार सिंह, मीरा सिंह, सुभाष दास, जेके मौर्य, आलोक मिश्रा, अशोक मौर्य, बालक राम, राम बहादुर मौर्य, प्रेम प्रकाश पांडेय आदि शामिल रहे।

एएसपी ने संपूर्णानगर थाना व परसपुर पुलिस चौकी किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, महंगापुर, अमृत विचार: एएसपी खीरी ने संपूर्णानगर थाना व परसपुर पुलिस चौकी निरीक्षण किया, जहां पर सब कुछ ठीक पाया गया। गुरुवार को एएसपी नैपाल सिंह ने सबसे पहले संपूर्णानगर थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेख, बैरक आदि चेक किया। पश्चात उन्होंने थाना प्रभारी निराला तिवारी के साथ पूरे थाना परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान इंडोनेपाल बॉर्डर पर अवैध गतिविधियों पर नजर रखने व कस्बा व रात्रि गस्त के लिए दिशा निर्देश दिया। इसके बाद उन्होने परसपुर पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। परसपुर चौकी प्रभारी साहबलाल द्वारा बैरक की मरम्मत व रंग रोगन कराए जाने के कार्य की सराहना की।

सार-संक्षेप

जिले में चौथा स्थान पाने पर छात्र अहाद का सम्मान

अहाद अमन को सम्मानित करते डॉ कौशल वर्मा। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : जनपद में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में जिले में चौथा स्थान पाने पर छात्र अहाद अमन को सनसाइन हॉस्पिटल के संचालक डॉ कौशल वर्मा ने सम्मानित किया है। देवकली निवासी रहमत अली के पुत्र अहाद अमन ने लखीमपुर के सिटी मांटेसरी स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर जनपद में चौथा स्थान पाकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। अहाद अमन ने बताया कि वह डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहता है। परिवार की तीन लड़किया और उसकी माता मेडिकल क्षेत्र में कार्यरत हैं। परिवार के लोग दुकान, कारखाने लगाकर बच्चो को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दे रहे हैं। डॉ. कौशल वर्मा ने घर जाकर अहाद अमन को आगे की शिक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया, और मिठाई खिलाकर उसे प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया है। अनुज सिंह, मित्रपाल, सुमित वर्मा आदि मौजूद रहे।

रैम कैरियर इंस्टीट्यूट में टॉपर्स को किया सम्मानित

टॉपर को मिठाई खिलाते शिक्षक बीडी वर्मा।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर की पंजाबी कॉलोनी स्थित रैम कैरियर इंस्टीट्यूट में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इंस्टीट्यूट की पीआरओ अनिका दीक्षित ने बताया ने कि संस्था में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं और अपना बेस्ट परफार्मेंस देते हैं। इस वर्ष भी इंटरमीडिएट में शरद वर्मा, हाईस्कूल में ऋषभ श्रीवास्तव ने टाप किया। अनुष्का बाथम और अंशदीप कौर ने जीव विज्ञान में 96 अंक, दीपक वर्मा ने 90 अंक, कक्षा 10 में दुर्गेश वर्मा एवं सलोनी गुप्ता ने 95 अंक, मयंक कश्यप और आयुष पटेल ने 92 अंक, अभ्यर्थ गुयल और आरुष पटेल ने 90 अंक हासिल कर संस्था सहित नगर और अपने अभिभावकों का मान बढाया है। शिक्षक बीड़ी वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी संस्था का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। गुरूवार को उन्होंने टॉपर्स को बुलाकर उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के विद्यार्थी अपने अभिभावकों सहित मौजूद रहे।

समाजसेवी ने नकदी लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिशाल

रुपये व पासबुक सौंपते महबूब हसन।

मितौली, अमृत विचार : कस्बा निवासी समाजसेवी महबूब हसन को अस्पताल रोड पर बुधवार को दो पासबुक और उसके अंदर रखे इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के साथ दो हजार रुपये की नगदी मिली थी। पासबुक पर नाम केशव राम पाल निवासी चुरई पुरवा लिखा था। जिसको देख कर महबूब हसन खुद पासबुक धार के घर गांव चुरईपुरवा पहुंचे। नगदी और पासबुक सौप दी। खोये हुए दो हजार रुपये और पासबुक पाकर केशवराम का चेहरा खिल उठा। उन्होंने धन्यवाद दिया। केशव राम सहित उनके परिवार के लोगों ने महबूब हसन की ईमानदारी की सराहना की। केशव राम बैंक से रुपये निकाल कर घर जा रहे थे। रास्ते मे पासबुक सहित रुपये गिर गये थे।

सीतापुर आंख अस्पताल के शिविर में 148 मरीजों का इलाज

शिविर में मरीजों का परीक्षण करती चिकित्सक। अमृत विचार

मितौली, अमृत विचार : कस्बे के रोहनलाल मेमोरियल स्कूल में सीतापुर आंख अस्पताल ने नि :शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया, जिसमें 148 मरीजों का परीक्षण कर इलाज किया गया। 49 मरीजों को ऑपरेशन के लिए बस से आंख अस्पताल सीतापुर ले जाया गया। शिविर में डॉ. निधि सिंह, डॉ. आरिफा, डॉ. सैजल, डॉ. पलक, डॉ. संध्या आदि डॉक्टरों का पैनल मौजूद रहा। कैंप इंचार्ज रामकिशोर शुक्ला, विद्यालय प्रबंधक दिनेश कुमार मास्टर, प्रधानाचार्य अनिकेत कुमार, संदीप भट्ट, राजू शुक्ला, राहुल त्रिवेदी, शिवम मिश्रा आदि लोग भी मौजूद रहे।

छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाला शिक्षामित्र गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- गुरुवार को एक छात्रा ने परिवार वालों से की शिकायत तो सामने आया मामला

अमृत विचार: थाना मैगलगंज क्षेत्र में के एक संविलियन विद्यालय की कक्षा चार में पढ़ने वाली छात्राओं ने स्कूल के शिक्षामित्र पर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी शित्रा मित्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पॉक्सो एक्ट भी लगाया गया है।

अभिभावकों ने बताया कि शिक्षामित्र काफी समय से कक्षा चार की छात्राओं से अश्लील हरकतें कर रहा था। साथ ही किसी को बताने पर धमकी देता था। गुरुवार को भी शिक्षामित्र ने एक छात्रा से छेड़छाड़ की। छात्रा ने घर जाकर अपने माता-पिता को पूरी बात बताई। पीड़ित छात्रा को लेकर परिवार के लोग थाना पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय पूरे मामले को दबाने में जुट गई, लेकिन पूरी घटना का एक वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस भी बैक फुट पर आ गई। पुलिस ने जब छात्राओं से जानकारी ली तो पता चला कि आरोपी एक नहीं कक्षा चार की कई छात्राओं के साथ अश्लील हरकत कर चुका है। पुलिस ने आरोपी शिक्षामित्र इटारा गांव निवासी बालेश्वर मिश्र के खिलाफ छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की और उसे गिरफ्तार कर लिया। उधर आरोपी शिक्षामित्र बालेश्वर मिश्र ने बताया कि उसे साजिशन फंसाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी पसगवां संजीव भारती ने बताया कि उक्त शिक्षामित्र की शिकायत मिली है। अगर वह इस तरह की हरकत करता था तो यह बहुत ही गंभीर विषय है। छात्राओं की तरफ से बयान मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

बीएसए की फटकार से आहत शिक्षक का वीडियो वायरल

संवाददाता, पलिया कलां (खीरी)

- फूट फूटकर रोते हुए कर रहे अंतिम नमस्कार, मचा हड़कंप

निरीक्षण के समय संविलियन स्कूल अतरिया में मौजूद बकरियां।

अमृत विचार: बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी के निरीक्षण और फटकार से आहत संविलियन विद्यालय अतरिया के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद अफजल अली अंसारी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह न सिर्फ फूट फूटकर रो रहे हैं, बल्कि शर्मिंदगी जताते हुए सभी से अंतिम नमस्कार कर रहे है। इससे उनके आहत होने का अंदाजा लग रहा है। उधर बीएसए ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है।

पलिया ब्लॉक के संविलियन विद्यालय अतरिया का गुरुवार को निरीक्षण करने गए बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी को स्कूल बंद मिला और कक्ष के दरवाजे पर बकरियां देख वह आगबबूला हो गए। तभी मौके पर पहुंचे इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद अफजल अली अंसारी को बीएसए ने जमकर फटकार लगाई। इधर, इंचार्ज प्रधानाध्यापक को सोशल मीडिया पर फूट फूटकर रोने का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह सभी से अंतिम नमस्कार (आत्महत्या) कर लेने की बात कह रहे हैं। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने वायरल वीडियो में कहा है कि आज 16 मई को बीएसए ने सुबह 09.50 बजे उनके विद्यालय में छापा मारा। उनसे कई सवाल किए और बच्चों से भी पूछा कि टीचर रोज आते हैं या नहीं? बीएसए ने बच्चों और स्टाफ के सामने उनसे नेतागीरी करने आदि के आरोप लगाकर जलील किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बीएसए पर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विद्यालय में कमियां होने पर बीएसए को शिक्षक नियमावली के तहत कार्रवाई करनी चाहिए थी, न कि ऐसा व्यवहार करना चाहिए, जिससे शिक्षक की गरिमा तार तार हो। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बेइज्जत होने के बाद दुबारा साथी शिक्षकों एंव बच्चों को मुंह दिखाने में असमर्थता जताकर सभी शिक्षकों को अंतिम नमस्कार किया है। बहरहाल, फूट फूटकर रोने वीडियो इंचार्ज प्रधानाध्यापक की हताशा बयां कर रहे हैं। इसकी जिले भर में चर्चा आम है।

बीएसए की सफाई भी सोशल मीडिया पर आई

शिक्षक का वीडियो वायरल होने के बाद सकते में आए बीएसए ने अपनी सफाई में निरीक्षण आख्या सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जारी आख्या में बताया गया है कि इंचार्ज प्रधानध्यापक अफजल अली अंसारी हस्ताक्षर करने के बाद विद्यालय से गायब मिले, शिक्षक डायरी भी नहीं प्रस्तुत की गई। कक्षा-सात के बच्चे चन्द्रमा, सूर्य की अंग्रेजी नहीं बता पाये। वहीं कक्षा- 6, 7, 8 के बच्चे पहाड़ा भी नहीं सुना सके। विद्यालय में भौतिक परिवेश एवं शैक्षिक स्तर निम्नकोटि का मिला। विद्यालय में बकरी चरती मिलीं। इसके अलावा शिक्षकों का शिक्षण कार्य भी विभाजन नहीं किया गया मिला। अनुपस्थित का कारण पूछने पर अफजल अली अंसारी कोई उत्तर नहीं दे सके। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन भी नहीं बनता मिला। बीएसए ने स्वयं शिक्षक पर अपने साथ अभ्रदता करने का आरोप लगाया है।

> संविलियन विद्यालय अतरिया का रूटीन निरीक्षण किया था। इंचार्ज प्रधानाध्यापक अनुपस्थित पाए गए। काफी देर बाद वह आए तो उनसे जो जानकारी मांगी गई, वह नहीं दे पाए। विद्यालय में कई खामियां पाई गई हैं, जिसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक के वायरल वीडियो की जानकारी नहीं है। निरीक्षण में पूछतांछ इंचार्ज से ही की जाती है। इसमें किसी को आहत करने का उद्देश्य नहीं होता। बच्चों व स्टाफ के सामने बेइज्जत करने का आरोप निराधार है। - प्रवीण कुमार तिवारी, बीएसए।

असंतुलित दिनचर्या व खानपान, लोगों को बना रहा हाईपरटेंशन का शिकार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन के मरीजों में तेजी से इजाफा हो रहा है। हालांकि कभी यह बुजुर्गों की बीमारी हुआ करती थी, लेकिन अब इसकी चपेट में युवा भी आने लगे हैं। इसकी मुख्य वजह खराब लाइफस्टाइल और खानपान के साथ बढ़ता तनाव व शारीरिक श्रम का अभाव है। हालांकि कुछ युवाओं में यह समस्या जेनेटिक है। पिछले साल हाई ब्लड प्रेशर के 28104 नए मरीज मिले हैं। हापरटेंशन की बढ़ती समस्या को देखते हुए एनसीडी सेल ने सरकारी अस्पताल में 30 साल से अधिक उम्र के आने वाले हर मरीज की ब्लड प्रेशर जांच अनिवार्य कर दी है।

विश्व हाईपरटेंशन दिवस

- गत वर्ष हाईब्लड प्रेशर के 28104 मिले नए मरीज
- डॉक्टरों की सलाह तनावमुक्त रहकर आठ घंटे की लें पूरी नींद

पिछले साल जिले में हापरटेंशन के 21236 पुराने रोगियों के अलावा 28104 मरीज नए मिले हैं। इनमें बुजुर्गों के अलावा युवाओं की भी पर्याप्त संख्या है। उधर, सीएचसी से लेकर नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर भी रोजाना आठ दस लोगों की जांच करने पर चार पांच लोग हाइपरटेंशन रोगी मिल रहे हैं। अस्पतालों के आंकड़ों के मुताबिक हाइपरटेंशन रोग की चपेट में युवाओं की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। डॉक्टर इसकी वजह अनियमित दिनचर्या और असंतुलित खानपान बता रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि नौकरीपेशा लोगों पर ऑफिस में काम का दबाव होने से तनाव रहता है। वहीं, रात में भी देर तक जागते हैं। यही वजह लोगों को हाईब्लड प्रेशर का शिकार बना रही है। फिजीशियन डॉ. रोहित पाठक बताते हैं कि अधिकतर लोगों को तो इसके बारे में पता ही नहीं चल पाता कि उन्हें हाइपरटेंशन है। अचानक सीने में तेजदर्द होने, उल्टी और चक्कर आने पर जब वह अस्पताल आते हैं तब जांच में हाईब्लड प्रेशर की मालुमात होती है। उन्होंने बताया कि खान पान दुरुस्त रखकर इस रोग से बचा जा सकता है। वहीं, जब रक्त वाहिकाओं में दबाव सामान्य यानी 120/80 से अधिक 140/90 एमएमएचजी या इससे भी अधिक होता है, तो यह उच्च रक्तचाप की दशा होती है। यदि रक्तचाप अनियंत्रित रहता है, तो हृदय और रक्त वाहिकाओं को गंभीर क्षति होने के साथ किडनी और लिवर को भी नुकसान हो सकता है।.

नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर बुजुर्ग का बीपी मांपते फार्मासिस्ट। अमृत विचार

खानपान में रखें ध्यान

सोडियम पोषण का अनिवार्य हिस्सा है। यह प्लाज्मा की मात्रा, अम्ल एवं क्षार का संतुलन और कोशिकाओं के सामान्य कार्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। वहीं इसकी अधिकता से रक्तचाप बढ़ने लगता है। बाहर के खाद्य पदार्थ में अतिरिक्त चीनी, सोडियम एवं वसा की बेहिसाब मात्रा होती है। जो स्वाद में बेहतर जरूर लगता है, लेकिन उच्च रक्तचाप की वजह बनता है।

बचाव

- मोटे अनाज को खाने में शामिल करें।
- पोटैशियम फल व सब्जी में पर्याप्त होता है। यह हृदय की सेहत के लिए जरूरी है।
- फ्रोजन खाद्य पदार्थों को न लें, उसमें भी नमक होता है।
- रोज का घंटा व्यायाम अवश्य करें।
- धूम्रपान कदापि न करें।
- घर पर बने ताजे भोजन का ही सेवन करें।
- मसालेदार चटपटा एवं फास्ट फूड का सेवन न करें।

क्या है हाईपरटेंशन

दिल को रक्त को पंप करने के दौरान रक्त जिस दबाव से रक्त धमनियों की दीवारों से टकराता है। उस दबाव को रक्तचाप यानि ब्लड प्रेशर कहा जाता है। अगर रक्त का रक्त धमनियों की दीवारों पर तेज दबाव बनता है तो यह हाई ब्लड प्रेशर यानि उच्च रक्तचाप है।

लक्षण

सिरदर्द, छाती में दर्द, चक्कर आना, सांस लेने में परेशानी, असामान्य हृदयगति, जी मिचलना, उलझन महसूस होना, अचानक ज्यादा प्यास लगना।

डीहपुर : नकदी-जेवर समेत करीब दस लाख की चोरी

लगातार हो रहीं चोरियां, थाने से नहीं निकलती पुलिस

▸▸ रिपोर्ट दर्ज न कर आंकड़ों में करती है खेल

संवाददाता, खीरी टाउन

अमृत विचार: अपराधों पर अंकुश लगाने में थाना खीरी पुलिस नाकाम साबित हो रही है। चोर आए दिन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन चोरी का आंकड़ा कम रहे। इसके लिए पुलिस रिपोर्ट भी दर्ज नहीं करती है। दर्ज भी की तो उसमें भी बड़ा खेल करती है। बुधवार की रात चोरों ने मोहल्ला डीहपुर के एक मकान पर धावा बोल दिया। चोर नकदी-जेवर समेत करीब 10 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

मोहल्ला डीहपुर निवासी मोहम्मद मोईन ने बताया कि उनका चचेरा भाई मुशीर अंसारी का घर पास में ही है। भतीजा मुशीर अंसारी का दिल्ली में कपड़ों की सिलाई का कारखाना है। वह अक्सर दिल्ली में ही रहकर व्यापार करते हैं। घर पर मुशीर की पत्नी रेशमा, मां रेहाना और तीन बच्चे रह रहे हैं। बुधवार की रात सभी खाना पीना खाकर सो गए। रात में किसी समय चोर घर के अंदर घुस गए और कमरों में रखी सेफ, बक्से आदि का ताला तोड़ दिया। चोर 80 हजार रुपये की नकदी, जेवर, कीमती कपड़े, एक मोबाइल समेत करीब करीब दस लाख रुपये का माल चोरी कर ले गए हैं। घटना की जानकारी सुबह हुई। इससे पूरे नगर में चोरों की दहशत व्याप्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताते चलें कि थाना खीरी क्षेत्र में चोर पिछले कई महीनों से सक्रिय हैं। नगर समेत पूरे क्षेत्र में चोर तीन महीने के भीतर 25 से अधिक घरों को खंगाल चुके हैं। इनमें से 15 से अधिक घटनाएं सिर्फ ओयल पुलिस चौकी क्षेत्र में हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस ने करीब आठ स्थानों पर हुई चोरी की वारदात ही दर्ज की है, लेकिन किसी वारदात का अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। नगरवासी बताते हैं कि पुलिस देर शाम तो कस्बे के प्रमुख चौराहों पर दिखती है, लेकिन आधी रात के बाद न तो हूटरों की आवाज आती है और न ही पुलिस घूमती दिखती है। इससे अपराधी बेखौफ होकर लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। उधर पुलिस घटना को संदिग्ध बता रही है।

घर के अंदर बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

कस्ता में दिनदहाड़े डेढ़ लाख रुपये की छिनैती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले में एकाएक बढ़ी चोरी, लूट की घटनाओं से लोगों में दहशत व्याप्त हो गई है। गुरुवार को गोला गोकर्णनाथ में पंजाब नेशनल बैंक से 40 हजार रुपये निकालकर बाइक की डिग्गी में रखकर युवक एक दुकान में सामान लेने लगा, इसी बीच उचक्के ने डिग्गी से झोले में रखे 40 हजार रुपये उड़ा लिए। उधर, मितौली में सरेआम बाजार से गल्ला व्यापारी का थैला लेकर बाइक सवार बदमाश भाग निकले। थैले में डेढ़ लाख रुपये की नगदी थी।

दिनदहाड़े उचक्के ने डिग्गी से उड़ाए 40 हजार

गोला गोकर्णनाथ: थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम काजरकोरी निवासी नंदलाल के पुत्र श्रीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने नगर की मोहम्मदी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक से दोपहर डेढ़ बजे 40 हजार रुपये निकाले, उन्हें झोले में रखकर डिग्गी में बंद कर दिया और मिल रोड स्थित गुप्ता बीज भंडार पर बाइक खड़ी कर सामने की दुकान में स्प्रे मशीन का चार्जर लेने गया। इतने में ही अज्ञात व्यक्ति बाइक की डिग्गी से झोले में रखे 40 हजार, बैंक की तीन पासबुकें लेकर चला गया। सीसीटीवी कैमरे में देखने पर नीले रंग की शर्ट पहने हुए एक व्यक्ति को बाइक के निकट खड़ा देखा गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

डेढ़ लाख रुपये की नकदी से भरा थैला उठा ले गए बदमाश

मितौली, अमृत विचार: थाना मितौली के गांव बरूई निवासी रामपाल गुप्ता उर्फ बलारी रोज की भांति कस्ता चौराहा के निकट मेडिकल स्टोर के बगल में गेहूं खरीद कर रहे थे। तभी गेहूं खरीद करते समय बाइक सवार दो अज्ञात युवक गेहूं लेकर उनके पास आए। रामपाल गुप्ता जब तक गेहूं बोरे में भरते। तब तक एक बाइक सवार बाइक स्टार्ट किए खड़ा रहा। दूसरा उनकी रुपए से भरी थैली उठा ली और बाइक पर सवार होकर भाग निकला। व्यापारी और आसपास के लोग जब तक शोर मचाते। तब तक आरोपी रफू चक्कर हो गए। पुलिस पिकेट से 100 मीटर दूर दिनदहाड़े भरी बाजार में हुई घटना से व्यापारियों में दहशत है। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस जांच कर रही है।

भीरा पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ 48 घंटे बाद परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

▸▸ पुलिस ने रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का दिया आश्वासन

अमृत विचार: भीरा जंगल में खुटार (शाहजहांपुर) के गांव रसवां कलां निवासी वीरेंद्र कुमार का शव मिलने के मामले में गुरुवार को मृतक के भाई पुष्पेंद्र कुमार ने भीरा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के समझाने के बाद 48 घंटे के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

खुटार के गांव रसवां कलां निवासी पुष्पेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि 12 मई को उसका भाई वीरेंद्र कुमार(26) पीलीभीत के कस्बा गजरौला के गांव निवासी रिश्तेदार के घर जन्मदिन समारोह में शामिल होने गया था। वहां से वापस आकर 13 मई को जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा भीरा के गांव दूसरे रिश्तेदार के यहां चला गया था। जहां रिश्तेदारों ने एक राय होकर उसके भाई वीरेंद्र के साथ पुरानी रंजिश में पिटाई की और हत्या करके शव भीरा जंगल में फेंक दिया। 14 मई को शाम करीब चार बजे शव मिलने के बाद भीरा बरगद चौकी पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी थी। इसके बाद मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेज दिया था। 15 मई को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा, लेकिन परिजनों ने अंतिम संस्कार नहीं किया। खुटार पुलिस गुरुवार को रसवां कलां पीड़ित के घर पहुंची। जहां समझाकर भीरा थाने जाने को कह दिया। पुलिस ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। इस बात पर परिजन राजी हो गए व दोपहर बाद चार बजे अंतिम संस्कार कर दिया।

> मृतक के भाई द्वारा कार्रवाई के लिए तहरीर दी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – पंकज त्रिपाठी, इंस्पेक्टर, भीरा खीरी

डीआईओएस समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : डाक विभाग के माध्यम से भेजे गए दो पत्रों को पत्र पंजिका में दर्ज न करने के पांच साल पुराने मामले में सदर तत्कालीन डीआईओएस फंस गए हैं। सदर कोतवाली पुलिस ने सीजेएम के आदेश पर डीआईओएस समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला रामनगर (बरखेरवा) निवासी प्रकाश गुप्ता ने दर्ज की गई रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने 25 नवंबर 2019 को डीआईओएस डॉ. आरके जायसवाल को संबोधित दो जरूरी पत्र डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से भेजा था। दोनों पत्रों को डाक वितरण करने वाले डाकिया देवेंद्र कुमार ने 26 नवंबर 2019 को कार्यालय में डाक पटल का कार्य देख रहे भानु प्रताप सिंह वरिष्ठ लिपिक को प्राप्त कराया था। डाक वितरण प्रमाण पत्र पर भानु प्रताप सिंह ने हस्ताक्षर भी किए हैं। वरिष्ठ लिपिक भानु प्रताप सिंह ने जान बूझकर दोनो पत्रों को पत्र प्राप्त पंजिका में दर्ज नही किया और डीआईओएस आरके जायसवाल और राजकीय जिला पुस्तकालय के वरिष्ठ लिपिक मनोज कुमार पांडेय के साथ मिलकर आपराधिक षडयन्त्र करते हुए दोनों पत्रों को कार्यालय अभिलेखों में संरक्षित नहीं किया। धोखाधडी कर दोनों पत्रों को गायब कर दिया। उन्होंने इसकी शिकायत 06 नवंबर 2023 को एसपी को शिकायती पत्र देकर की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सीजेएम ने मामले को गंभीरता से लिया है और रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश सदर कोतवाली पुलिस को दिए। इस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आकृति और हरमन ने विद्यालय टॉप किया

संवाददाता, संपूर्णानगर

अमृत विचार: आक्सफोर्ड पब्लिक इस्कूल मुरारखेड़ा में सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में आकृति सिंह और 12वीं में हरमन सिंह ने कॉलेज टॉप किया। 10 वीं आकृति पुत्री विपिन सिंह ने 94 फीसदी अंक और 12वीं के छात्र हरमन सिंह पुत्र रणजीत सिंह ने 88 फीसदी अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

चेयरमैन गुरुकृपाल सिंह मांगट ने बताया कि 10वीं में क्रमशः पुलकित सिंह पुत्र सुधीर सिंह 93.6 फीसदी अंक लाकर द्वितीय एवं सलोनी कुमारी पुत्री रिंटू पांडेय 89.2 फीसदी अंक लाकर तृतीय, जारा खान पुत्री सरवर अहमद खान ने चतुर्थ एवं कौशिकी मिश्रा पुत्री रविंद मिश्र ने पांचवां स्थान हासिल करने में सफल रहीं। वहीं 12वीं के परीक्षा परिणाम में क्रमशः प्रियंका राजपूत पुत्री योगेंद्र नाथ ने 82.2 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय एवं कनन शाही पुत्री अखिलेश शाही ने 79.2 फीसदी अंकों के साथ तृतीय स्थान, जपनीत कौर पुत्री गुरमेल सिंह 78.6 फीसदी चौथा एवं अर्शदीप कौर पुत्री बलजीत सिंह ने 77 फीसदी अंकों के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य झुम्पामल, उप प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना, असिस्टेंट साबिर हुसैन, गगनदीप कौर, वार्डेन आभा वर्मा सहित विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी।

आकृति सिंह।

हरमन सिंह।

समर शिविर का आगाज: बच्चों ने की घुड़सवारी

▸▸ जयपुरिया स्कूल में आठ दिवसीय शिविर का शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में बृहस्पतिवार को आठ दिवसीय समर कैंप शुरू हुआ। जो 23 मई तक चलेगा। शुभारंभ प्रधानाचार्य विनोद कुमार तिवारी ने किया। पहले दिन बच्चों को प्रार्थना सभा में जुंबा और योगाभ्यास कराया गया। बच्चों ने फुटबाल, क्रिकेट, वालीबाल, कबड्डी, खो-खो के साथ स्केटिंग, टेबल-टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज और कैरम का प्रशिक्षण लिया। इसके साथ शास्त्रीय एवं पाश्चात्य नृत्य, गायन, कला, सौन्दर्य व नुक्कड़ नाटक का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बच्चो ने मिटटी की आकृतियां बनानी सीखीं। बच्चों ने घुड़सवारी का आनंद लिया। नृत्य शिक्षक प्रखर ने बच्चो काके शास्त्रीय नृत्य के बारे में जानकारी दी। उधर, संगीत गायन में शिक्षक राहुल ने सरगम का अभ्यास कराया। प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों के अवकाश को आनंददायक और उपयोगी बनाने के लिए आठ दिवसीय शिविर आयोजित किया गया है, जिससे बच्चों को उनकी रूचि अनुसार प्रशिक्षण दिया जा सके। प्रबंधक आशीष गुप्ता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

शिविर कैंप में घुड़सवारी का आनंद लेती छात्रा।

समर कैंप में लुत्फ उठाते बच्चे। अमृत विचार

तीन लाख रखे थैले के गायब होने के मामले की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने पखवाड़े भर पहले रुपए से भरा थैला चोरी होने के मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मालूम हो कि गांव सिसोकन निवासी मनजीत सिंह 6 मई 2024 को एचडीएफसी बैंक शाखा मोहम्मदी से तीन लाख रुपए निकाले और एक थैले में कर रूपये अपनी बाइक की डिग्गी में रख दिए। इसी बीच किसी व्यक्ति ने रुपए से भरा बैग बाइक की डिग्गी से निकाल लिया और भाग निकला। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

नगर के सभी बड़े नालों की सफाई का काम शुरू

गोला में मेला मैदान के निकट बड़े नाले की सफाई का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: बरसात के मौसम में नगर में जलभराव को रोकने के लिए नगर के सभी बड़े नालों की तलीझाड़ सफाई का कार्य शुरू हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने डायवर्जन रोड के नाले की हो रही सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

पिछले वर्षों में नगर की सड़कों पर जलभराव की हुई समस्या को देखते हुए पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने बरसात से पूर्व नगर के सभी नालों की तलीझाड सफाई कराने के लिए सफाई नायकों को निर्देश दिये हैं। डामर रोड मेला मैदान पर चल रहे नाले की सफाई का उन्होंने स्वयं जाकर निरीक्षण किया। कहा कि नगर में जलभराव की स्थिति न हो। इसके लिए पालिकाध्यक्ष ने नगर वासियों से सहयोग की अपील कर पॉलीथिन का कम से कम प्रयोग करने की सलाह दी है। इस दौरान सभासद आशीष अवस्थी, रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षण संदीप कुमार वर्मा, सफाई नायक नरेश कुमार आदि रहे।

सीए-राजेंद्र गिरि मेमोरियल की टीमें जीतीं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार : श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल एकेडमी लक्ष्मणजती में विद्यालय संस्थापक स्वर्गीय अरविन्द गिरि की स्मृति में हो रहे द्वितीय इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप टूर्नामेंट के तीसरे दिन सेमीफाइनल में चिल्ड्रेंस एकेडमी (सीए)और राजेंद्र गिरि मेमोरियल की टीमें विजयी रही हैं। श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक मधुसूदन गिरि, विशिष्ट अतिथि पूर्व सभासद अय्यूब खां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुरुआत कराई। सेमीफाइनल का पहला मैच चिल्ड्रेन्स एकेडमी गोला और गोला पब्लिक स्कूल के मध्य हुआ। पहले बैटिंग करते हुए गोला पब्लिक स्कूल ने 74 रनों का स्कोर खड़ा किया। इस स्कोर का पीछा करते हुये चिल्ड्रेन्स एकेडमी की टीम ने 6 विकेट खोकर सातवें ओवर में 75 रन बनाकर मैच जीत लिया। अपनी टीम के लिए सर्वाधिक छक्के लगाने वाले चिल्ड्रेन्स एकेडमी के खिलाड़ी विनीत मैन आफ द मैच चुने गये। दूसरा मैच सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज और एसआरजीएम ए गोला के मध्य हुआ। सरस्वती विद्या निकेतन की टीम ने 81 रनों बनाया। एसआरजीएम ए गोला की टीम ने सातवें ओवर में 3 विकेट खोकर 82 रन बनाकर मैच जीत दर्ज की। एसआरजीएम ए गोला के शहबाज सर्वाधिक 32 रन बनाकर मैन आफ द मैच घोषित किये गये। मैच में अम्पायर की भूमिका शिक्षक सोनू तथा दुष्यंत ने निभायी। विद्यालय निदेशक मोहित पुरी ने पूरे मैच में उपस्थित रहते हुये सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य मुदित शाह जी ने आगंतुकों का स्वागत किया। शिक्षक प्रखर मिश्र, रोहित शुक्ला, सुशील शुक्ल, विकास बाजपेई, संगम गुप्ता, सुनील बाजपेई, कमाल अहमद आदि रहे। मीडिया प्रभारी राजीव प्रकाश शर्मा ने बताया कि आज टूर्नामेंट के फाइनल में एसआरजीएम ए गोला तथा चिल्ड्रेन्स एकेडमी गोला की टीमों का आमना सामना होगा।

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुरू कराते मुख्य अतिथि।

गनेशपुर में दो लाख की चोरी

संवाददाता, फरधान, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर में बुधवार की रात चोरों ने एक घर में कमरे का ताला तोड़कर 70 हजार की नगदी सहित जेवर उठा ले गए। गनेशपुर निवासी रईस मोहम्मद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार की रात छत पर सो रहे थे। चोर मकान के अंदर दाखिल हो गए, जिससे अलमारी में रखे 70 हजार रुपए नकद और जेवर चोरी कर ले गए। उसके यहां करीब दो लाख की चोरी हुई है। पुलिस ने तहरीर लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

एक लाख का कपड़ा चोरी

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : थारू गांव सूंड़ा की बाजार में स्थित एक दुकानदार का ताला तोड़कर चोर करीब एक लाख रुपये का कपड़ा चोरी कर ले गए। दुकानदार ने गौरीफंटा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। सूंड़ा मंडी में सागर की कपड़े की दुकान है। रात में उसकी दुकान का ताला तोड़कर चोर करीब एक लाख से अधिक का कपड़ा दुकान से चोरी कर ले गए। पुलिस को तहरीर दी है।

गदियाना : सड़कों पर नालियों का पानी, संक्रामक रोग का खतरा

▸▸ मुफ्त का वेतन उठा रहे सफाईकर्मी, नहीं हो रही सफाई

संवाददाता, मूड़ा सवारान

अमृत विचार: एक ओर जहां संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर गांव में तैनात सफाई कर्मचारी तैनाती की जगह जाना पसंद नहीं करते। गांव में साफ सफाई की व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए भले ही गांवों में सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई। लेकिन अफसरों की अरुचि के चलते सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है।

ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत छैरासी में सफाई कर्मचारी के न पहुंचने से नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। सफाईकर्मी ग्राम प्रधान की जेब गर्म कर घर बैठे ही वेतन ले रहे हैं। ग्राम पंचायत छैरासी के मजरा गदियाना में लोगों के घरों से निकलता दूषित पानी और कीचड़ रास्ते, सड़कों पर बह रहा है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। उच्चाधिकारियों के निर्देश हैं कि प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखकर स्वच्छ भारत अभियान का सपना साकार करना है, लेकिन बिजुआ ब्लॉक के धरातल पर इसका तनिक भी असर नहीं दिख रहा। छैरासी ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारी आशा देवी नियुक्त है जो कई वर्षों से गांव में सफाई करने नहीं पहुंची हैं। लेकिन कागजों पर साफ सफाई कर उनका वेतन जरूर हर माह निकल रहा है।

छैरासी के गदियाना गांव में सड़क पर बहता नालियों का पानी। अमृत विचार

> सफाई कर्मचारी को पूरे गांव की जिम्मेदारी होती है। नियमित गांव में जाकर नालियों, सड़कों की सफाई करनी चाहिए। यदि कोई सफाई कर्मी कोताही कर रहा है तो उस गांव में जांच करायेंगे। सफाई कर्मी को नोटिस देकर एक हफ्ते में गांव में नालियों की साफ सफाई करा दी जाएगी।
>
> –अनिल वर्मा, एडीओ, पंचायत ब्लाक बिजुआ।

शमशेर अली।

गांव निवासी शमशेर अली ने बताया कि मौसम कोई भी हो यहां हमेशा नालियों का गंदा पानी कई वर्षों से सड़कों पर ही बह रहा है। पता नहीं कब इस भीषण गंदगी से गांव वालों को निजात मिल पाएगी।

मेराज।

गदियाना गांव के निवासी मेराज ने बताया कि नालियों में भरी गंदगी के कारण मकान के सामने गुजरी सड़क तालाब में तब्दील हो गई है जिससे लोगों को निकालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां सफाई कर्मी लगभग 2 साल से नहीं आया है, शिकायत के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है। ग्रामीणां को संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा सताने लगा है।

पुतूलाल।

मलंगपुर निवासी पुतूलाल ने बताया कि जब भी इस गांव में आते हैं तो भीषण गंदगी से सामना करना पड़ता है। यहां कभी भी सफाई कर्मी नहीं दिखा। यदि सफाई कर्मी गांव में सफाई करने आता तो शायद इस गांव में ऐसा आलम न होता।

इस्लाम।

छैरासी गदियाना निवासी इस्लाम ने बताया कि मस्जिद वाली गली में लगभग एक फीट कीचड़ सड़क पर काफी समय से भरा है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों को यह भी नहीं पता कि यहां कौन सफाई कर्मी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वर्तमान में रोहित चौरसिया के नाम से जाना जाता है। अतः मेरी L.I.C में मेरा नाम चन्दन चौरसिया है। बाउन्ड नं0 – 219033675, 236375674, 226241520, 213773604 मेरा नाम त्रुटिवश चन्दन चौरसिया अंकित हो गया है। जोकी रोहित चौरसिया से जाना जाता है। **पता:– 283/701/398 आरती नगर, गढी कनौरा, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मै अर्चना कुमारी मौर्या पुत्री कमलेशवर विद्यालय श्री दीप नारायण तूफानी दास इंटर कालेज, सेमरहना मिर्हिपुरवा बहराइच से वर्ष 2020 मे इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग से परीक्षा पास की थी। जिसकी इंटरमीडिएट की मार्कशीट वास्तव मे गायब हो गयी है। जिसका अनुक्रमांक 2221609 परीक्षा वर्ष 2020 है। **– अर्चना कुमारी मौर्या पुत्री कमलेशवर, ग्राम–सेहरिया गंगापुर, कोतवाली मुर्तिहा, तहसील मोतीपुर, बहराइच, पिन कोड– 271855, मोबाईल नंबर– 9455955003**

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने बड़े पुत्र मोहम्मद शमीम तथा उनकी पत्नी बहू फिजा को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता –सरोकार नहीं होगा। – **खालिकुनिशा पत्नी गुलाम अहमद, निवासी– मोहल्ला– गदुरहवा, बलरामपुर**

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रामस्वरूप त्रिपाठी सेवा संस्थान द्वारा संचालित

विद्या कुँवरि स्मारक

सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज

05870357120 9140089004

माध्यमिक शिक्षा परिषद-उ०प्र०, प्रयागराज द्वारा विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग में अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम से मान्यता प्राप्त

अर्जुन नगर कॉलोनी, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर (खीरी) उ. प्र.

शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु

नर्सरी से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ

वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा/ सेवा में चयनित

स्मृति अग्रवाल, चार्टर्ड एकाउन्टेंट | शिवम वर्मा, राजकीय अधिकारी (NCB) | आयुष वर्मा, जिला सूचना अधिकारी | उदय प्रताप सिंह, गृह मंत्रालय | दीपशिखा, एच०पी०एस० | मयंक शेखर श्रीवास्तव, आबकारी निरीक्षक

जनपद की टॉप टेन मेधावी सूची - 2023 में सर्वाधिक 5 विद्यार्थी इसी विद्यालय से चयनित

मधु त्रिपाठी, प्राचार्या (बालिका विभाग)

महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, प्राचार्य (माध्यमिक विभाग)

प्रवेश फार्म विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध

1105 विद्यालयों में एक भी नामांकन नहीं करा सके शिक्षक, मांगा जवाब

बीएसए ने खंड शिक्षाधिकारियों को पत्र जारी कर स्पष्टीकरण लेने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। स्कूल चलो अभियान के बावजूद जिले के एक चौथाई परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक में कोई नामांकन (प्रवेश) नहीं हो सका है। बीएसए ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी खंड शिक्षाधिकारियों को पत्र जारी किया है। जिसमें संबंधित विद्यालयों से साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण मांग कर वास्तविक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि असोहा ब्लाक क्षेत्र के 64, पुरवा के 47, हिलौली के 93, बीघापुर के 64, सुमेरपुर के 101, सिकंदरपुर कर्ण के 66, सिकंदरपुर सरोसी के 71, सफीपुर के 18, फतेहपुर चौरासी के 68, बांगरमऊ के 73, गंजमुरादाबाद के 45, मियागंज के 60, औरास के 47, हसनगंज के 102, नवाबगंज के 105 और बिछिया के 62 परिषदीय विद्यालयों में नामांकन का खाता नहीं खोला जा सका है। इस पर आपत्ति जताते हुए बीएसए ने जिले के 1105 विद्यालयों में कोई नामांकन न होने पर सभी बीईओ को पत्र जारी किया है।

उन्होंने बीईओ को निर्देशित किया है कि संबंधित सभी विद्यालयों से कक्षा एक में हुए नामांकन का विवरण संकल्ति किया जाए। डाटा फीड न होने की स्थिति में संबंधित विद्यालयों से स्पष्टीकरण के साथ साक्ष्य उपलब्ध मांगे जाने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही हो चुके नामांकन का डाटा प्रेरणा पोर्टल पर उपलब्ध कराने के भी निर्देश जारी किए गए हैं।

आयु परिवर्तन से आ रही दिक्कतें

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय व प्रवक्ता मदन पांडेय ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत छह वर्ष के बच्चों का नामांकन किया जाना है। बीते वर्ष यही स्थिति रहने पर छह के बजाए साढ़े पांच वर्ष के बच्चों को प्रवेश दिलाया गया था। इसलिए अधिकांश गांवों में तय आयु के बच्चे नहीं हैं। इसीलिए शिक्षकों को नामांकन करने में असुविधा हो रही है।

बीते वर्ष 300 शिक्षकों का रुका था वेतन

- बीते वर्ष प्रेरणा पोर्टल पर शून्य नामांकन वाले विद्यालयों के 300 शिक्षक-शिक्षिकाओं का बीएसए संगीता सिंह ने वेतन रोका था। जिससे शिक्षिकों में हड़कंप मच गया था। बाद में शिक्षक नेताओं द्वारा दबाव बनाने के बाद स्पष्टीकरण तलब करते हुए अधिकांश शिक्षकों का वेतन बहाल किया गया था। हालांकि बाद में शासन के निर्देश पर आयु सीमा में रियायत देते हुए नामांकन का लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया गया था।

युवक की मौत के मामले में पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

गंजमुरादाबाद। बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव आशायस निवासी राजेश पुत्र अम्बर ने बीती 5 मई को बेहटा मुजावर थाने में दी तहरीर में बताया था कि बीती 6 मार्च 2024 को गांव के सर्वेश व अवधेश पुत्र छोटेलाल, अवधेश की पत्नी सुशीला, बेटी उपासना व पुत्र रेशू ने मिलकर उसके भाई राकेश की लात-घूसों व डंडों से पिटाई कर दी थी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया।

गंभीर घायल का लखनऊ में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान 3 मई को राकेश की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। बेहटा मुजावर पुलिस के अनुसार, थानाक्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित गोशाकुतुब नहर पुल के पास से पुलिस ने घटना के आरोपी अवधेश व सर्वेश को गुरुवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

गोली मारकर लूटने के तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- लूटे गए 55 हजार रुपये लैपटॉप व सामान बरामद

खुलासा करते एएसपी अखिलेश सिंह।

अमृत विचार। आसीवन थानांतर्गत जनसेवा केंद्र के कर्मचारी से गोली मारकर हुई लूट का खुलासा करते हुए संयुक्त टीम ने वारदात में शामिल तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से नगदी समेत लूट का अन्य माल बरामद कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया। लूट में शामिल एक अन्य आरोपी के नाबालिग होने से उसे बाल सुधार गृह भेजा गया।

एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 11 मई को मो. सलीम पुत्र रसूल बक्श निवासी गांव पेसारी थाना आसीवन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसका बेटा मो. फाईम जनसेवा केन्द्र नंगा खेड़ा चौराहा में काम करता है। 10 मई को जनसेवा केन्द्र से वह घर लौट आ रहा था। तभी टिकाना मोड़ पर बेटे की बाइक को दो बाइक सवार लुटेरों ने रोककर उसका बैग छीनने का प्रयास किया। इसका विरोध करने पर लुटेरों ने उसके पैर पर फायर कर बाइक व बैग जिसमें रुपये, लैपटाप, फिंगर मशीन सहित समान था लेकर फरार हो गए थे। घटना के खुलासे में आसीवन पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया गया था।

मुखबिर की सूचना पर टीम ने आसीवन के चौधरी खेड़ा नहर पुल के आकाश वर्मा पुत्र रामनरेश निवासी मोहरा कला थाना गोसाईगंज लखनऊ, विपिन वर्मा पुत्र शोभनाथ निवासी जयनगरा थाना शिवरतनगंज जिला अमेठी व सुमित उर्फ शीबू पुत्र इंद्रपाल निवासी मोहरा कला थाना गोसाईगंज लखनऊ को हिरासत में लिया। जामातलाशी में उनके पास से लूटी गई बाइक, फोन, लैपटाप सहित अन्य सामान के साथ 55 हजार रुपए व तमंचा बरामद हुआ।

इसमें एक नाबालिग भी शामिल था। पूछताछ में इन्होंने बताया कि विपिन ने नाबालिग के साथ मिलकर लखनऊ से की-पैड मोबाइल व बाइक चोरी की थी। इसके बाद अन्य साथियों के साथ मिलकर एक जनसेवा संचालक को गोली मारकर उसके पास से बैग में रखे एक लाख रुपये व अन्य समान लूटा था। इनके साथ आदर्श साहू भी शामिल था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। एएसपी ने बताया कि गुरुवार को सभी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से नाबालिग को बाल सुधार गृह व अन्य तीनों को जेल भेजा गया है।

चलती स्कूटी में आग लगने से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

धू-धूकर जलती स्कूटी।

अमृत विचार। सदर कोतवाली के पास गुरुवार को अचानक एक चलती स्कूटी में आग लग गई। लपटें देख राहगीरों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक स्कूटी पूरी तरह से जल चुकी थी।

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी गांव निवासी आशीष कुमार पाल गुरुवार को अपनी स्कूटी सर्विस के लिए सदर कोतवाली क्षेत्र के करोवन मोड़ स्थित वर्कशाप लाया था।

वर्कशाप कर्मी रोहित उसी स्कूटी से सदर कोतवाली क्षेत्र गया था। लौटते समय कोतवाली के सामने अचानक स्कूटी में आग लग गई। सीट के नीचे से धुंआ उठता देख रोहित ने कूदकर जान बचाई। देखते ही देखते लपटें उठने लगी। इसे देख एक तरफ का यातायात रुक गया। सूचना पर दमकल कर्मी पहुंचे और पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। स्कूटी मालिक ने बताया कि उन्होंने सर्विस के लिए स्कूटी डाली थी। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं है।

कैंसर पीड़ित दरोगा की इलाज के दौरान मौत

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सर्वोदय नगर निवासी दरोगा काफी दिनों से कैंसर से पीड़ित थे। कानपुर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। बुधवार देररात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सर्वोदय नगर मोहल्ला निवासी झांसी फील्ड यूनिट में तैनात दारोगा रमेश प्रसाद (59) की बुधवार रात मौत हो गई। पुलिस ने दरोगा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गंगाघाट पुलिस ने बताया कि दारोगा लिवर कैंसर से पीड़ित थे। कानपुर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। लेकिन कैंसर की दिक्कत ज्यादा बढ़ने से उनकी मौत हो गई। दरोगा की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- विदेश जा रहे दोस्त से मिलने जाते समय हुआ हादसा

अमृत विचार। आसीवन थानांतर्गत दोस्त से मिलने जा रहे युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही परिजन सीएचसी पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। गुरुवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

संदीप।

मुंडा गांव निवासी संदीप (23) पुत्र राम बिलास लुधियाना में एक फैक्ट्री में ठेकेदारी करता था। कुछ दिन पहले वह छुट्टी लेकर गांव लौटा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। बुधवार देरशाम वह कुलहा गांव निवासी अपने एक दोस्त को रुपये देने जाने की बात कहकर घर से निकला था। बताते हैं दोस्त को विदेश जाना था। इसलिए उसे रुपयों की जरूरत थी। परिजन दोस्त का नाम नहीं बता सके। आसीवन थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित सुभानी खेड़ा गांव के मोड़ के पास ही पहुंचा था कि पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे मियागंज सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले मोबाइल से पुलिस ने हादसे की खबर परिजनों को दी। बदहवास परिजन पहुंचे और शव देख बिलख उठे। दिवंगत युवक तीन भाइयों में छोटा था। बड़े भाई राजा बाबू, कुलदीप बहनें रेनू, चांदनी व रेशमी हैं। बेटे की मौत से मां गौरा देवी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के मौहाई गांव का मानसिंह (40) बीती 11 मई को बाइक से बांगरमऊ बाजार से खरीददारी कर लौट रहा था। तभी हरदोई-उन्नाव मार्ग पर बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत आलमपुर रेतवा गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया था। परिजन लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज करा रहे थे। बुधवार देरशाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर लौट आए। सूचना पर गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पति की मौत से पत्नी सुमन व चार बच्चे सहित अन्य परिजन बेहाल हैं।

बरामद शराब के साथ आबकारी स्टाफ। अमृत विचार

आबकारी ने बरामद की 50 लीटर कच्ची शराब

- मौरावां के लालाखेड़ा गांव में हुई कार्रवाई

उन्नाव। जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के नेतृत्व में गुरुवार को निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा व प्रतिभा सिंह आबकारी निरीक्षक बीघापुर ने आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन गुंजन सक्सेना लखनऊ प्रभार के साथ मिलकर तहसील पुरवा क्षेत्र के मौरावां थानांतर्गत गांव लालाखेड़ा में दबिश दी। दबिश के दौरान 50 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही करीब 400 किलो महुआ लहन को मौके पर नष्ट किया गया। गौरतलब है कि आबकारी आयुक्त के निर्देश पर कच्ची शराब के परिवहन व बिक्री रोकने की मंशा से अभियान चलाया जा रहा है।

9.50 लाख की लूट की दी तहरीर

औरास। थानाक्षेत्र के नीभा खेड़ा निवासी बलबीर बहादुर ने गुरुवार देरशाम थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 16 मई को उसने अपनी जमीन नौ लाख पचास हजार की बेची थी। जिसका रुपया लेकर बाइक से वह घर वापस आ रहा था। गुरुवार देर शाम लगभग पौने आठ बजे जैसे ही वह थाना क्षेत्र के अटिया व पंचम खेड़ा गाँव के पास पहुँचा तभी लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे के नीचे बीच रास्ते मे पहले से खड़ी बाइक पर तीन लोग सवार थे। आरोप है कि रास्ते मे खड़ी बाइक को हटाने के लिए हार्न बजाया तो बाइक सवार तीनो लोग नीचे उतर कर आये और उसके असलहा लगा कर बाइक की डिग्गी में रखे नौ लाख पचास हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित बलबीर बहादुर थाना औरास पहुंचे तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी।

पारा 41 पार, नगर पालिका ने नहीं लगवाए प्याऊ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- लोगों को जेब ढीली कर खरीदकर पीना पड़ रहा पानी

अमृत विचार। गुरुवार को पारा 41 पार पहुंच गया। इसके बाद भी शहर में लोगों को मुफ्त पीने का पानी नहीं उपलब्ध है। हालांकि पिछले वर्ष निकाय चुनाव की प्रत्याशिता की वजह से कुछ स्थानों पर प्याऊ संचालित कराए गए थे। लेकिन, इस बार किसी ने घड़ों का ठंढ़ा पानी मुहैया कराने की जहमत नहीं उठाई है। जबकि, पूर्व में नगर प्रशासन शहर में करीब दो दर्जन स्थानों पर प्याऊ संचालित कराता था।

इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जीविकोपार्जन व अन्य कारणों से घरों से निकलते ही लोगों का हलक सूखने लगता है। लू व धूप से बचाव के लिए शरीर में पानी की उपलब्धता को जरूरी बताया जाता है। लेकिन, अब न तो निकायों की ओर से प्याऊ स्थापित कराए जाते हैं और न ही स्वयं सेवियों के ही कान में जूं रेंग रही है।

इसीलिए आधी मई बीतने पर भी गर्मी के पीक सीजन में कामकाज से शहर आने वालों को निःशुल्क पानी नहीं मिल रहा है। प्रमुख मार्गों पर लगे अधिकांश हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। इससे जरूरतमंदों को होटल आदि पर मांग कर पानी पीना पड़ता है।

एटीएम कार्ड बदल कर पार किए 64 हजार

उन्नाव। एटीएम से रुपये निकालने आए एक व्यक्ति का एटीएम बदलकर ठगों ने हजारों रुपए पार कर दिए। पीड़ित ने सदर कोतवाली पुलिस को इसकी तहरीर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रानगर नंदन वन पार्क निवासी दिनेश बैंक आफ बड़ौदा की शाखा में लगे एटीएम से दो हजार रुपए निकालने गए थे।

पीछे खड़े दो युवकों ने उसे बातों में फंसाकर उसका एटीएम कार्ड दूसरे कार्ड से बदल दिया। इसके बाद उसके खाते से 64 हजार 995 हजार रुपये निकल गए। मोबाइल पर मैसेज आने पर उसके होश उड़ गए। उसने बैंक में जानकारी करने के बाद घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अधिवक्ता की तहरीर पर दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता बिछिया उन्नाव

अमृत विचार। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सड़क हादसे में दो अधिवक्ता समेत चार लोग घायल हो गए थे। जिसमें अधिवक्ता सुनील की तहरीर पर पुलिस ने बाइक के नंबर व दो अज्ञात लोगों पर जान से मारने की धमकी देने व गालीगलौज करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के सेमरा गांव निवासी अधिवक्ता सुनील अपने साथी अधिवक्ता अजीत के साथ बुधवार देरशाम 7 बजे बाइक से घर जा रहे थे। अधिवक्ता के मुताबिक सोनिक पावर हाउस के पास बाइक सवार दो युवकों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और तमंचा लहराते हुए निकल गए थे। जिसके बाद अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर दो अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि जान से मारने की धमकी देने व गालीगलौज करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

दुकानदार पर किशोरी से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव राजाबाग में दुकान किये अरुण निवासी खड़हरा मुस्तफाबाद गांव थाना हसनगंज ने सामान लेने आयी एक किशोरी से छेड़खानी कर दी। किशोरी ने यह बात घर जाकर अपनी मां को बताई तो पड़ोसी गांव निवासी किशोरी की मां ने कोतवाली में बेटी से छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

पालिका प्रशासन को फ्रीजर देते व्यवसायी संजीव सिंह। अमृत विचार

समाजसेवी ने नगर पालिका को सौंपा डीप फ्रीजर

बांगरमऊ। भीषण गर्मी के चलते मृतकों के शवों से कुछ ही देर में दुर्गंध उठने लगती है। इस समस्या के समाधान हेतु नगर के प्रमुख व्यवसाई व समाजसेवी चौधरी संजीव सिंह ने गुरुवार नगर पालिका प्रशासन को एक डीप फ्रीजर सौंपा। साथ ही उन्होंने शवों को नानामऊ गंगा तट तक ले जाने के लिए नगर पालिका को एक वैन देने की भी घोषणा की। प्रमुख उद्यमी द्वारा किये गए इस कार्य को देख चेयरमैन रामजी गुप्ता व प्रेमगंज वार्ड के सभासद पति सुनील, कृष्ण कुमार गुप्ता, मनीष सिंह, आफाक अहमद, अनिल कुमार व संगीत गुप्ता आदि ने धन्यवाद दिया है।

चाचा पर मारपीट करने व जान से मारने का आरोप

औरास। थानाक्षेत्र के अटरिया गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसके गांव के चाचा द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने बताया कि उसके चाचा द्वारा लगातार उसके व उसके परिवार को मारने के लिये गाड़ा लगाया जा रहा है।

श्रद्धा-भाव

दलित उद्धारक सोच रखने वाले संतों के साथ माता-पिता की प्रतिमाओं को भी किया स्थापित

विश्वनाथ ने महापुरुषों की प्रतिमा स्थापना में लगा दी पूरी कमाई

धर्मशील शुक्ला, उन्नाव

मंदिर (बौद्ध विहार) में स्थापित संतों सहित अभिभावकों की प्रतिमाएं। अमृत विचार

परिसर में विराजमान लोना देवी, संत रविदास व मध्य में मीरा।

परिसर में स्थापित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर व गौतम बुद्ध की प्रतिमा।

अमृत विचार। अंग्रेजी सहित दो विषयों से परास्नातक दस्तावेज नवीस विश्वनाथ ने दलित उद्धारक सोच रखने वाले संतों, माता-पिता व सास-ससुर का मंदिर बनवाने में जीवन भर की कमाई खर्च करने से गुरेज नहीं किया। जहां समाज में जन्मी लोना देवी, संत रविदास, कबीर साहब सहित माता-पिता व सास-ससुर की प्रतिमाएं स्थापित हैं। 81 साल के दस्तावेज नवीस के अनुसार, बच्चों की परिवरिश व शिक्षित बनाने के बाद उन्होंने आत्मसुख के लिए मंदिर बनवाया है। क्योंकि समर्थ बच्चों के लिए यह पूंजी मायने नहीं रखती।

वह बताते हैं कि शुरुआती शिक्षा पूरी कर शहर के विद्यालयों में अध्ययन किया, लेकिन कुछ कारणों से विधि की पढ़ाई नहीं कर सका। हालांकि डॉ. अंबेडकर से प्रेरित होकर न्याय पालिका के प्रति आकर्षण था। इसलिए कचहरी पहुंचकर दस्तावेज नवीसी सीखनी शुरू की। पत्नी, तीन बेटियों व दो बेटों के भरण-पोषण करते हुए बच्चों को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। कबीरपंथी परिवार होने से गांव में प्रायः साधुओं की मंडली पहुंचती रहती थी, जो डेरा जमाकर कबीरवाणी का पाठ करते थे। इसलिए सत्य-असत्य के प्रति रुचि बनी रही, जिससे पेशे से दस्तावेज नवीस होने के बावजूद स्वाध्याय जारी रखा। बच्चों के शिक्षित हो जाने पर बुजुर्गों की स्मृतियां संजोने की इच्छा बलवती होती रही। इसलिए निवास स्थान के भूतल के एक हिस्से पर बौद्ध विहार स्थापित कर लोनी देवी सहित कबीर साहब की प्रतिमा स्थापित कराई। वह बताते हैं कि लोना देवी का जिक्र परिवार सहित बिरादरी में गाए जाने वाले लोकगीतों में अब भी होता है। लोन नदी का अस्तित्व भी रहा है। इसलिए लोना देवी के विषय में जानकारी जुटाने पर ज्ञात हुआ कि वह संत रविदास की पत्नी हैं। वह मीरा को संत शिरोमणी की शिष्या बताते हुए कहते हैं कि इसीलिए यहां तीनों प्रतिमाएं स्थापित कराई हैं। इसी तरह समाज से जुड़े सम्बूक ऋषि, अनुसइया माता, शेवरी व रूपा ऋषि की प्रतिमा भी स्थापित हैं। पिता गजराज व मां रहासा के साथ पत्नी पिता कल्लू व मां की प्रतिमाओं को सम्मान दिया।

पत्नी सहित स्वयं की प्रतिमा भी की स्थापित

- विश्वनाथ ने जीवित रहते अपनी व पत्नी की प्रतिमा भी स्थापित कराई है। उन्होंने बताया कि स्थापित मूर्तियों के पास हमेशा नहीं बने रहा जा सकता है। इसलिए प्रतिमा रूप में निरंतर सानिध्य बनाए रखने के लिए ऐसा किया है। इससे जीवन न रहने के बाद भी बौद्ध विहार में वह स्थापित प्रतिमाओं के साथ बने रह सकेंगे।

स्वावलंबी हैं सभी उत्तराधिकारी

दस्तावेज नवीस का एक बेटा प्रवीन दत्त आयकर अधिकारी पद पर तैनात है, जबकि दूसरे बेटे सुनील दत्त को उन्होंने अपने पेशे से जोड़ रखा है। इसी तरह बेटियां ऊषा, निशा व आशू भी अपने-अपने परिवारों में सुखी व स्वालंबी जीवन यापन कर रही हैं।

प्रतिदिन चार घंटे देते हैं समय

बौद्ध विहार का निर्माण कराने के साथ विश्वनाथ प्रतिदिन करीब चार घंटे का समय यहां देते हैं। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से सुबह-शाम करीब सात से आठ बजे तक यहां स्थापित प्रतिमाओं की आरती व स्मरण करते हैं। इसके अलावा बाबा साहब की जयंती आदि अवसर अन्य आयोजन भी होते हैं।

चाकू से हमला करने वाले को पांच साल की कैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली अंतर्गत मामूली कहासुनी में दुकानदार को पीटने के साथ उस पर चाकू से हमला करने के आरोपी को एफटीसी कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है। वहीं एक अन्य मामले में भी गुरुवार को कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में तीन व्यक्तियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है।

बता दें कि पुरवा कोतवाली अंतर्गत कस्बा के मोहल्ला पीरजादीगढ़ी निवासी संदीप शुक्ला 29 जुलाई-2021 को पीराशाह मोहल्ला स्थित अपनी दुकान में बैठा था। तभी दलीगढ़ी निवासी मकसूद संदीप के गल्ले से रुपए निकालने लगा। इसका विरोध करने पर मकसूद ने चाकू से उस पर वार कर दिया था। उसकी तहरीर 24 सितंबर-2021 को जांच के बाद आईओ ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में पूरी हुई।

गैंगस्टर एक्ट में तीन को पांच-पांच साल की सजा

उन्नाव। माखी थाना तत्कालीन एसओ नाथूराम दोहरे ने फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के तकिया निगोही गांव निवासी श्रीराम पुत्र चट्टू रैदास, रामप्रकाश पुत्र बिहारी लोध निवासी वजीरगंज सफीपुर कोतवाली व नेकपाल पुत्र हुलासी रैदास निवासी बदलेपुरवा थाना फतेहपुर चौरासी पर चार जून-2002 में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। गैंगस्टर कोर्ट में मामला 22 वर्षों से विचाराधीन था। गुरुवार को मुक़दमे की अंतिम सुनवाई हुई। एडीजे जयवीर सिंह नागर ने श्रीराम, रामप्रकाश व नेकपाल को दोषी ठहराते हुए पांच साल की सजा सुनाई।

अभियंताओं की जांच में टूटती दिखी पुराने गंगा पुल के संचालन की आस

उच्च न्यायालय में जनहित याचिका के बाद जागे अधिकारी

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। गंगा नदी पर ब्रिटिशकाल के समय में बने पुराने यातायात पुल की तीन साल पहले कोठी जर्जर होने के कारण उसे बंद कर दिया गया था। जिस कारण तीन सालों से लगातार शुक्लागंज की लाखों की आबादी जाम का दंश झेल रही है। जन समस्या को देखते हुए संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। जहां कोर्ट ने पुल की जांच कर तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के आदेश दिये। जिस पर गुरुवार को पीडब्ल्यूडी और राज्य सेतु निगम के इंजीनियर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बारीकी से पुल की सभी कोठियों की जांच की हैं। पुल की जर्जर हालत देख चलने लायक न होने की बात कही है।

वर्ष 2021 में पुराने पुल की कई कोठियों में दरारें पड़ने के कारण कानपुर और उन्नाव जिला प्रशासन ने पुराने पुल को पूरी तरह से बंद करा दिया था। जिस कारण नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ा और तीनों सालों से लगातार भीषण जाम लग रहा है। जाम में दो मरीजों की जान भी जा चुकी हैं। जिसे देखते हुये संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप पांडे ने गंगा पुल को पैदल एवं हल्के वाहनों के लिये चालू करने के लिये 3 मई 2024 को उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की। जिस पर उच्च न्यायालय की दो जजों की बेंच ओम प्रकाश शुक्ल और राजन रॉय ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग को पूरे प्रकरण पर तीन सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। जिस पर गुरुवार को कोर्ट के निर्देश पर कानपुर पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता संजीव भारद्वाज, सेतु निगम एमडी धर्मवीर सिंह, मुख्य अभियंता सेतु निगम सलिल यादव टीम के साथ पुराने पुल पहुंचे। इस दौरान संदीप पांडे भी पहुंचे। जहां इंजीनियरों ने पुराने यातायात पुल की सभी कोठियों की बारीकी से जांच की। कुछ कोठियां के आस पास गंगा का पानी भरा होने पर नाव से बैठकर कोठी के पास पहुंचे और उसकी हकीकत देखी। अधिकारी बोले अधिकांश कोठियों की हालत जर्जर हो चुकी हैं। पुल की मरम्मत कराने के बाद चालू करने पर भी पुल अधिक नहीं चलेगा। ऐसे में दूसरे पुल की प्रक्रिया शुरू की जाये।

पुराने यातायात पुल की जांच के दौरान चर्चा करते इंजीनियर।

पुल की 10 नंबर की क्षतिग्रस्त कोठी। अमृत विचार

पूरी तरह जर्जर हुई कोठी

- जांच टीम ने बताया कि पुराने यातायात पुल की कोठी नंबर 10 काफी जर्जर है। कोठी का करीब 25 फीसदी मलवा नीचे गिर चुका है। वहीं कोठी नंबर-16 व 22 भी जर्जर हैं। जिससे पुल काफी जर्जर हो चुका है।

तीन सप्ताह में देनी है जांच रिपोर्ट

- गुरुवार को आई जांच टीम ने पुल की बारीकी से जांच की है। टीम ने बताया कि तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देनी है। पुल की जांच कर रिपोर्ट तैयार की गई है। रिपोर्ट के अनुसार तय होगा कि आगे क्या किया जायेगा।

विद्यालयों तक नहीं पहुंचीं पुस्तकें, बीएसए बोलीं होगी कार्रवाई

उन्नाव। डीजी के आदेश के बाद भी विद्यालयों में निःशुल्क पुस्तकें नहीं पहुंची हैं। हालांकि शिक्षकों को बीआरसी से विद्यालयों तक किताबें खुद ले नहीं जानी पड़ रही हैं। लेकिन, दूर के विद्यालयों के शिक्षकों को शंकुल या सड़क पर स्थित किसी अन्य विद्यालय से पुस्तकों को खुद ही ले जाना पड़ रहा है।

डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जनवरी में ही सभी बीएसए को पत्र जारी कर पुस्तकों को हर विद्यालय में पहुंचाने के निर्देश दिए थे। पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित होते ही प्रकाशक जिलों तक आपूर्ति कराएंगे। लेकिन, जिला मुख्यालय से ब्लाक व बीआरसी से विद्यालय तक पुस्तकों को पहुंचाना जिले की जिम्मेदारी होगी। पूर्व वर्षों की तरह बजट दिलाना सुनिश्चित किया था। जिले में उपलब्ध पाठ्य पुस्तकें बीआरसी मुख्यालय तक तो पहुंचाई जा चुकी हैं। लेकिन, सभी ब्लाक क्षेत्रों के शत-प्रतिशत विद्यालयों तक पुस्तकों की आपूर्ति नहीं हुई है। ब्लाक क्षेत्रों ने शंकुल स्तर तक पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराते हुए छुटकारा पा लिया गया है। बीएसए संगीता सिंह ने दावा किया कि विद्यालय तक पाठ्य पुस्तकें पहुंचाई जा रही हैं। अभीतक कोई शिकायत सामने नहीं आई है। कहीं से कोई शिकायत मिलेगी तो जांच कराते हुए निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी।

तकनीकी जांच कर मरम्मत होती तो आज भी चालू रह सकता था पुल

अमन सक्सेना, शुक्लागंज

अमृत विचार। वर्ष-2021 में पुराने यातायात पुल की कोठियों में दरार आने से पुल को बंद कर दिया गया था। लगभग तीन साल होने वाले हैं, इसके बावजूद कानपुर और उन्नाव जिला प्रशासन ने शुक्लागंज वासियों को जाम से निजात दिलाने के लिये कोई पुख्ता कदम नहीं उठाया था। इतना ही नहीं जिस समय पुराना यातायात पुल बंद हुआ था, उस समय सीआरआरआई के वैज्ञानिकों ने भी पुल का निरीक्षण कर कानपुर पीडब्ल्यूडी से 29 लाख रुपये मांगे थे लेकिन पीडब्ल्यूडी ने रुपये देना मुनासिब नहीं समझा और पुल सिर्फ इतिहास के पन्नों में रह गया।

वर्ष 1874 में ब्रिटिश काल में अवध एंड रूहेलखंड लिमिटेड कंपनी ने पुराने यातायात पुल का कार्य कराया था। रेजीडेंट इंजीनियर एसबी न्यूटन ने असिस्टेंट इंजीनियर ई वेडगार्ड के साथ आठ सौ मीटर पुल को तैयार कराया था और सौ साल तक पुल की मियाद बताई गई थी। करीब 148 साल होने पर पुल की मियाद खत्म हो गई है। पुल की कानपुर की तरफ से 2, 10, 17 व 22 नम्बर की कोठी में दरारें आने के कारण 5 अप्रैल 2021 मध्य रात्रि को आनन फानन में बंद करा दिया गया था। नवीन यातायात पुल पर वाहनों का अधिक भार बढ़ने के कारण लगभग तीन सालों से लोग जाम का दंश झेल रहे हैं। वहीं पुल की जांच के लिये जून 2021 में दिल्ली की केन्द्रीय सड़क अनुसन्धान संस्थान ने पुल का निरीक्षण किया और 29.50 लाख बताते हुए पीडब्लूडी (कानपुर) से भी कई तकनीकी खर्च के रूप में आर्थिक सहयोग की मांग की थी। पीडब्ल्यूडी ने 20 सितंबर को दोबारा सात सदस्यीय टीम ने जांच की और 1 करोड़ 90 लाख रुपये से पुल की मरम्मत की बात कही थी। लेकिन पुल चालू के बारे में किसी ने ध्यान नहीं दिया। यदि उसी समय ही पुल की जांच हो जाती तो आज पुराना यातायात पुल हल्के वाहनों के लिये चालू हो सकता था और तीन सालों से जाम का दंश झेल रही लाखों की आबादी को जाम से निजात मिल सकती थी।

बंद पड़ा गंगा का पुराना यातायात पुल। अमृत विचार

मंत्री से भी लगाई जा चुकी है गुहार

8 फरवरी 2023 को संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष ने दिल्ली स्थित परिवहन भवन पहुंचकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर पुराने यातायात पुल की मरम्मत कराने के साथ ही हल्के वाहनों के लिये चालू कराने की मांग की है।

पश्चिमी क्षेत्र की छीनी रोजी-रोटी

पुराना यातायात पुल बंद होने के कारण पश्चिमी क्षेत्र में रहने वाले दुकानदारों की रोजी रोटी छीन गई। जिससे कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर नौकरी करने को मजबूर हैं।

गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

हादसे में घायल किसान की इलाज के दौरान हुई मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- 13 मई को सड़क पार करने के दौरान बाइक सवार ने मारी थी टक्कर

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के दलनारायनपुर निवासी एक किसान चार दिन पहले आजाद मार्ग पर सड़क पर कर रहा था, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिस पर परिजन गंभीर हालत में इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गुरुवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

आजाद मार्ग स्थित दलनारायनपुर गांव निवासी अरुण निषाद (52) 13 मई की शाम साढ़े चार बजे घर आने के लिये आजाद मार्ग पर सड़क पार कर रहे थे। तभी हाइवे से मरहला चौराहे जा रही अनियंत्रित बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। जिससे वह उछल कर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिये कानपुर उर्सला में भर्ती कराया गया। जहां हालत बिगड़ने पर हैलट ले गये। वहां भी सुधार न होने पर कल्याणपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गुरुवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर पुलिस ने किसान के शव का पीएम कराया। गुरुवार को पीएम के बाद शव घर पहुंचा। जहां शव देख पत्नी भगवानदीन के अलावा पांच बेटे व एक बेटी का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

अरुण निषाद।

जेवर चोरी होने की दर्ज हुई रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंबिकापुरम में रहने वाले दंपत्ति का 13 मई को फोरलेन पर खड़ी कार के अंदर से अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवर पार कर दिये थे। पति की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अंबिकापुरम निवासी नीरज द्विवेदी अपने पत्नी लक्ष्मी द्विवेदी के साथ मिश्रा कॉलोनी में शादी की सालगिरह में शामिल होने गये थे। जहां रविवार शाम करीब छह बजे कार से दोनों वापस घर जा रहे थे, इस दौरान ऋषि नगर यूनियन कर्बाइड के पास कार रोकी और पति, पत्नी चाट बताशे खाने लगे। तभी अज्ञात चोरों ने कार का दरवाजा खोला और अंदर रखे लगभग चार लाख कीमत के जेवर से भरा बैग पार कर दिया था।

सिर व गले में किए थे दस वार

अमृत विचार फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। बिहार थानाक्षेत्र के कलानी गांव में वृद्ध किसान को कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतारने के बाद शव कुएं में फेंका गया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर खून से सनी कुल्हाड़ी बरामद कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया। बताते हैं कि आरोपी वृद्ध से कोई सामान मांगने गया था। देने से मना करने पर आवेश में आकर उसने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

बता दें कि कलानी गांव निवासी राम अवतार (90) अपने खेत में बने ट्यूबवेल में रहकर फसल की रखवाली करता था। बुधवार सुबह उसकी कोठरी के बाहर खून पड़ा देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी थी। पौत्र व नाती पहुंचे और तलाश की तो किसान का रक्तरंजित शव ट्यूबवेल के कुएं में पड़ा देख उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच में वृद्ध की किसी धारदार वस्तु से वार कर हत्या किए जाने की बात कही थी। बड़े बेटे मन्नू लाल ने गांव के रजनेश उर्फ जुग्गू यादव पुत्र हीरालाल के विरुद्ध पिता की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि वह आएदिन पिता को परेशान करता था। उसकी दीवार गिराने के अलावा वह सोलर पैनल व उसकी बैट्री भी खोल ले गया था। इसकी शिकायत पिता ने पुलिस से की थी। इसी से वह दुश्मनी मानने लगा था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की और उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल (कुल्हाड़ी) के साथ खून सने कपड़े व बर्तन भी बरामद किए। गुरुवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जिसमें सिर व गले के अलावा शरीर में करीब 10 चोटों से मौत होने की पुष्टि हुई। एसओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि वृद्ध की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

- कलानी गांव के वृद्ध किसान की हत्या का मामला

येलो-डे पार्टी मनाते शिशु मंदिर के बच्चे। अमृत विचार

गंगा नगर सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया येलो-डे

शुक्लागंज उन्नाव। गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को येलो डे एक्स्ट्रा वेगेनजा पार्टी का आयोजन हुआ। जहां विद्यालय में पढ़ने वाले नन्हे मुन्ने बच्चे पीले रंग के वस्त्र पहन कर विद्यालय पहुंचे। गुरुवार को गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में येलो डे एक्स्ट्रा वेगेनजा पार्टी का आयोजन हुआ। जहां बच्चों ने पार्टी में खूब धमाल मचाया। वहीं हँसी, खेल, उत्साह और सभी पीले रंग की चीजों से भरे पूरे दिन खेलते कूदते रहे। कुछ बच्चे पीले फल और सब्जियों, चीजों और कार्टून की तरह ड्रेस पहनकर पहुंचे। जहां बच्चों की ड्रेस देख मौजूद लोगों का मनमोह लिया। जिसके बाद विद्यालय की ओर से बच्चों को फल और स्नैक्स दिये गये। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ अनुपम सिंह, सुरेश, प्रवीण, वन्दना, प्रहलाद, अल्का, वीरेंद्र, सुरभि, विपिन, संजय, अनिल मौजूद रहे।

हाईवोल्टेज से गाजीखेड़ा और अंबिकापुरम में फुंके उपकरण

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। गुरुवार को नगर के अंबिकापुरम और गाजी खेड़ा में हाई वोल्टेज आने के कारण कई घरों के इलेक्ट्रानिक उपकरण फुंक गये। जिससे उपभोक्ताओं को हजारों का नुकसान हुआ है। गाजीखेड़ा में लगे 100 केवीए ट्रांसफार्मर का न्यूटल का तार सुबह ग्यारह बजे टूट जाने के कारण क्षेत्र में हाईवोल्टेज आ गया। घरों के इलेक्ट्रानिक उपकरण फुंक गये। लोगों की शिकायत पर मरम्मत की गई। दोपहर 3 बजे क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। इसी तरह अंबिकापुरम में भी सुबह आठ बजे हाईवोल्टेज आने से उपकरण फुंक गये। जिससे तीन घंटे तक क्षेत्र की बिजली गुल रही।

मरम्मत करते बिजली कर्मी।

आमने-सामने टकराईं बाइकें, तीन घायल

बांगरमऊ। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पीखी निवासी मारूफ पुत्र फारूक ने क्षेत्र के गांव चोहलिया में आम का बाग ठेके पर लिया है। गुरुवार शाम छह बजे मारूफ बाग से अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में लखनऊ मार्ग स्थित गांव मुस्तफाबाद के पास अचानक सामने आई बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। इसमें मारूफ के अलावा दूसरी बाइक पर सवार अनुराग पुत्र प्रदीप निवासी गांव गोपामऊ थाना माल जिला लखनऊ व निशांत पुत्र संजय निवासी गांव राम सिंह खेड़ा थाना माखी गंभीर घायल हो गए।

दोपहर में सूर्य हुआ तल्ख तो जरूरी काम वाले ही निकले

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। मई माह में पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी से आम जानमानस बेहाल हो गये हैं। दोपहर दस बजते ही सूरज कि किरणें आग बरसाना शुरू कर दे रही हैं। ऐसे में घरों से निकले लोग धूप से बेहाल हो जा रहे हैं। जरूरी कार्यों से निकले लोग सिर से पांव तक रुमाल, टोपी आदि से ढक कर लू से बचाव करते हुये आ जा रहे हैं। वहीं स्कूली बच्चों भी भीषण गर्मी से बेहाल हो गये हैं।

सुबह आठ बजते ही गर्मी के तपन से लोग बेहाल रहे। दोपहर बारह बजते ही गर्म हवाएं चलने से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। केवल जरूरी काम से निकलने वाले लोगों की ही चहलकदमी सड़कों पर दिखाई देती है। दोपहर होते ही हर कोई छांव की तलाश में इधर-उधर भटकता रहता है। आने जाने वाले राहगीर किसी तरह सिर छिपाते हुये अपने घरों को पहुंचे। इसके साथ ही दोपहर के समय स्कूलों की छुट्टी होने पर छात्र-छात्राएं धूप से बचने के लिये छाता का सहारा लेकर घर जाते हैं।

2.20 लाख लेकर भेजा दुबई, लौटे

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मियांटोला निवासी नदीम व क्षेत्र के गांव अजयपुर निवासी संदीप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने दुबई भेजने के नाम पर उन लोगों से 2.20 लाख रुपए लिए थे।

उसने दुबई में 1500 रुपए महीना सैलरी मिलने की बात कही थी। जनवरी-2023 में वे दोनों दुबई गए थे। लेकिन, वहां किसी भी कंपनी में उन्हें नौकरी नहीं मिली। घर से टिकट के पैसे मांगकर किसी तरह वे वापस आए हैं। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

डेंगू पर वार | डेंगू दिवस पर हुई गोष्ठी में बताए गए बचाव के उपाय, बांगरमऊ में भी लोगों को किया गया जागरूक

मानसून का सीजन मच्छरों के अनुकूल, बरतें सावधानी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जागरुकता व सावधानी से डेंगू बुखार को जानलेवा होने से रोका जा सकता है। यह बात राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर गुरुवार को सीएमओ आफिस में हुई गोष्ठी में कार्यवाहक सीएमओ डा. हरिनंदन प्रसाद ने कही।

उन्होंने बताया कि डेंगू दिवस को मनाने का एक मात्र उद्देश्य इस बीमारी से बचाव व खतरों के लक्षणों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस समय डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित बीमारियो का संचरण काल शुरू है। मानसून का सीजन मच्छरों के अनुकूल होता हैं। हम सावधानी बरतकर डेंगू से बच सकते हैं। गोष्ठी को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी एसीएमओ डा. जेआर सिंह ने बताया कि डेंगू एक मच्छर जनित वायरल रोग है। डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है। यह एडीज एजिप्टाई मच्छर के काटने से होता है और इसकी विशेषता है कि एक बार डेंगू वायरस से संक्रमित होने के बाद जब यह अंडे देता है तो वह अंडे भी डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाते हैं। इसके अंडे एक साल तक जीवत रह सकते हैं। सूखा अंडा पानी पाते ही नए मच्छर तैयार कर देता है। इसीलिए अपने घर के आस पास जल जमाव न होने दें। गोष्ठी में जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

गंजमुरादाबाद संवाददाता के अनुसार, राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर नगर पंचायत अध्यक्ष रूबी व ईओ अरविंद सिंह के निर्देश पर नगर की बड़ी बाजार स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें लोगों को जागरूक करते हुए फजलुर्रहमान ने बताया कि मलेरिया की तरह ही डेंगू बुखार भी मच्छरों के काटने से फैलता है। यह मच्छर फूलदान, गमले, पुराने टायर, पानी की टंकी, प्लास्टिक के डिब्बे व बेकार पड़े बर्तन में एकत्रित पानी से जनित होते हैं। साफ-सफाई रखने के साथ ही घर के अंदर व आंगन में जहां भी पानी एकत्रित हो रहा है उसे नियमित रूप से जरूर साफ करें। इस दौरान छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय स्टाफ आदि मौजूद रहा।

जानकारी देते कार्यवाहक सीएमओ। अमृत विचार

गंजमुरादाबाद में लोगों को जानकारी देते पालिका अधिकारी। अमृत विचार

पालिका ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर गुरुवार दोपहर नगर पालिका कार्यालय से पालिका कर्मियों ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिये जागरूरता रैली निकाली। इस दौरान पालिका कर्मियों ने हर रविवार मच्छरों पर वार करने के नारे लगाते हुये आगे बढ़े। इसके साथ ही आस पास जल जमाव न हो इसके लिये साफ सफाई भी की।

सीएमओ डा. सत्य प्रकाश के निर्देश पर गुरुवार दोपहर पालिका ने डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, दिमागी बुखार, फाइलेरिया आदि से बचाव को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जहां रैली में पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे, एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला, पालिका कर्मियों के अलावा पालिका के सभासद शामिल हुये। जागरूकता रैली पालिका कार्यालय से फोरलेन पर पहुंची। जहां सभी ने आने जाने वाले लोगों को आस पास साफ सफाई रखने और गमले, कूलर के अलावा अन्य स्थानों पर पानी को रोज बदलने की अपील की। इस दौरान ईओ ने बताया कि नगर में मच्छरों के प्रकोप से बचाव को लेकर प्रत्येक रविवार को क्रमबद्ध तरीके से वार्डो में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव व सफाई अभियान 31 मई तक चलाया जायेगा।

डेंगू दिवस पर रैली निकालते पालिका कर्मी। अमृत विचार

एक नजर

इंटर्नशिप प्रोग्राम में भाग लेने के लिए करें आवेदन

हरदोई, अमृत विचार। एचजेएस, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप ने अवगत कराया है कि लॉ स्टूडेंट के लिए समर इंटर्नशिप प्रोग्राम एवं 20 दिन प्रोजेक्ट वर्क का आयोजन लखनऊ में किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि जनपद के विधि/विधि विश्व विद्यालयों से इंटर्नशिप प्रोग्राम में भाग लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित प्रारूप पर 24 मई तक आवेदन करें।

सीजेएम की अदालत का बहिष्कार करेंगे वकील

हरदोई। बार एसोसिएशन की आम सभा की हुई बैठक में तय किया गया 20 मई तक सीजेएम, जेएम प्रथम व द्वितीय की अदालतों का समस्त अधिवक्ता बहिष्कार करेंगे। वहीं अपर पारिवारिक न्यायाधीश कोर्ट संख्या दो का उनके स्थानांतरण तक अदालत का बहिष्कार किया जाएगा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष कृष्ण दत्त शुक्ला की अगुवाई में हुई आम सभा की बैठक में अधिवक्ताओं ने सीजेएम, जेएम प्रथम व द्वितीय व अपर पारिवारिक न्यायाधीश कोर्ट संख्या दो के कार्य व्यवहार व क्रियाकलापों पर अपने विचार रखें। तय किया गया कि सीजेएम, जेएम प्रथम व द्वितीय की अदालतों का 20 मई तक बहिष्कार किया जाएगा। जबकि अपर पारिवारिक न्यायाधीश कोर्ट संख्या दो की अदालत का उनके जनपद स्थानांतरण होने तक बहिष्कार किया जाएगा। संचालन महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला अधेड़ का शव

हरदोई, अमृत विचार। अधेड़ का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। घरवालों का कहना है कि अधेड़ अकसर बिना बताए घर से निकल जाता था। हरियावां थाने के गौरा खेड़ा निवासी 50 वर्षीय रामरतन पुत्र बसंत बुधवार की दोपहर को घर से निकला था, उसके बाद वापस नहीं लौटा। उसी दिन शाम को कोतवाली देहात के सेवा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर अधेड़ का शव पड़ा होने की खबर सुन कर रामरतन को ढूंढ रहे उसके घर वाले वहां पहुंचे, जिन्होंने रामरतन के रूप में उसकी शिनाख्त की। रामरतन के परिवार में पत्नी रामरती दो बेटे व दो बेटियां हैं।

यूटीएस ऑन मोबाइल एप का लाभ ले रहे मुसाफिर

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। भारतीय रेल लगातार यात्री सुविधाओं का विस्तार कर रही है। भारतीय रेलवे का लगातार आधुनिकीकरण हो रहा है। साथ ही यात्रियों से जुड़ी सुविधाओं को ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन किया जा रहा है। हाल ही में भारतीय रेलवे अनारक्षित टिकट को लेकर कई अहम बदलाव किये है।

भारतीय रेल ने अनारक्षित टिकट की बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल एप को जारी किया। साथ ही अनारक्षित टिकट को बुक करने की दूरी को भी समाप्त कर दिया। भारतीय रेल ने काउंटर पर मिलने वाले अनारक्षित टिकट के लेनदेन को भी ऑनलाइन में तब्दील कर दिया है। यात्री यदि चाहे तो ऑनलाइन पेमेंट करके टिकट ले सकते हैं। भारतीय का रेलवे की

रेलवे द्वारा जारी यूटीएस मोबाइल एप।

यूटीएस ऑन मोबाइल एप सुविधा यात्रियों के लिए काफी मददगार बन गया है। दरअसल रेलवे स्टेशन पर काउंटर से अनारक्षित टिकट लेने के लिए यात्रियों को लंबी-लंबी लाइनों में प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। साथ ही


काउंटर पर टिकट लेने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

कई बार टूटे रुपए को लेकर भी रेल कर्मियों से कहासुनी की स्थिति बन जाती थी। ऐसे में अब यात्री ज्यादा से ज्यादा यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का प्रयोग कर रहे हैं जो यात्रियों को काफी लाभ दे रहा है। यूटीएस ऑन मोबाइल एप से यात्री प्लेटफार्म टिकट, अनारक्षित टिकट के साथ मंथली सीजन टिकट, क्वार्टरली सीजन टिकट और हाफ इयरली सीजन टिकट भी बना सकते हैं। हरदोई में 50 प्रतिशत से अधिक यात्री अब यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का प्रयोग कर सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। रेलवे को उम्मीद है कि आने वाले समय में यात्रियों में जागरूकता और बढ़ेगी और रेल यात्री इससे भी अधिक संख्या में यूटीएस ऑन मोबाइल एप का प्रयोग कर सुविधा का लाभ उठाएंगे।

अप्रैल माह में इतने यात्रियों ने लिया सुविधा का लाभ

रेलवे स्टेशन पर यूटीएस ऑन मोबाइल एप के हुए प्रचार प्रसार के बाद एप को प्रयोग करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। अप्रैल माह में 50 प्रतिशत से अधिक यात्रियों ने इस सुविधा का लाभ लिया। अप्रैल माह में यूटीएस ऑन मोबाइल एप से मंथली सीजन टिकट 331 बने, क्वार्टरली सीजन टिकट 15 बने जबकि हाफ ईयरली सीजन टिकट 1 बना। जबकि रेलवे स्टेशन स्थित काउंटर से मंथली सीजन टिकट 540 बने, क्वार्टरली सीजन टिकट 31 बने, हाफ इयरली सीजन टिकट 3 बने हैं। ऐसे में हरदोई रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले 50 प्रतिशत के आसपास रेल यात्री यूटीएस ऑन मोबाइल एप का प्रयोग कर अपनी यात्रा को आसान बना रहे हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले काफी रेल यात्री यूटीएस ऑन मोबाइल एप से अनारक्षित टिकट भी बुक कर रहे हैं।

42 डिग्री तापमान, 8 किमी. की रफ्तार से चली गर्म हवा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिला में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने पारे को 42 डिग्री पर पहुंचा दिया। मौसम की गर्मी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शाम सात बजे तक लोगों के चेहरे पर लू के थपेड़े पड़ते रहे।

गर्मी का कहर लगातार बढ़ता चला जा रहा है। सूर्योदय के तीन घंटे के बाद ही धूप तेज होने लगती है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता जाता है वैसे-वैसे पारा चढ़ता जाता है। गुरुवार को जिला का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। लू के थपेड़े सूरज ढलने के बाद ही शांत हुए। गर्मी का आलम यह है कि दोपहर को बिना सिर ढके निकलना मुश्किल हो जाता है। इन दिनों मांगलिक कार्य भी शुक्रअस्त होने के कारण नहीं हो रहे हैं। इस कारण दोपहर की गर्मी में दुकानों पर सिर्फ दुकानदार ही नजर आते हैं। गर्मी से राहत दिलाने के लिए आम का रस, लस्सी व अन्य ठंडे पेय पदार्थ काम आ रहे हैं। गर्मी के चलते गांवों में पशुपालकों के सामने बड़ी समस्याएं पैदा हो रही हैं। जानवरों को पानी पिलाना इन दिनों काफी मुश्किल हो रहा है, क्योंकि तेज धूप के चलते अधिकांश तालाब सूख चुके हैं। गांवों में जानवर चराने वालों को उस समय और भी दिक्कतें होती हैं। जब खेतों में चर रहे जानवर पानी की मांग करते हैं। पड़ रही गर्मी से जहां जल स्तर में कमी आई है, वहीं तालाब पोखर भी सूख चुके हैं। फिलहाल जिले में गर्मी का आलम चरम पर है।

जुआ-सट्टा, शराब और खनन के खिलाफ पुलिस करे सख्त कार्रवाई

एसपी ने जिले भर के अधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग कर दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने बुधवार की रात पुलिस लाइन में जिले के समस्त सीओ और थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग ली। क्राइम मीटिंग में थानावार उपलब्धियों व आगामी लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। एसपी द्वारा क्राइम मीटिंग में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। एसपी ने कहा कि थाने पर आने वाले पीड़ित के साथ अच्छा व्यवहसार किया जाए। नैतिकता के साथ व्यवहार करते हुए उनकी समस्या को सुने और वैधानिक कार्रवाई करें। थाने पर प्राप्त होने वाली छोटी-छोटी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें, ताकि भविष्य में घटना बड़ी न हो सके। एसपी ने जुआ, सट्टा, अवैध शराब बनाने व बेचने, खनन, शासकीय भूमि पर कब्जा, राशन माफिया, नार्कोटिक्स ड्रग गिरोह आदि पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कहा कि रेप, पॉक्सो एक्ट में आरोपियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। आरोपियों के खिलाफ एनएसए लगाए। संपत्ति संबंधी अपराधों, चोरी, नकबजनी, लूट, डकैती में कमी लाएं और तुरंत कार्रवाई करते हुए घटना का पर्दाफाश कर आरोपियों की गिरफ्तारी करें। आरोपियों की जेल रिहाई की जानकारी रखें।

बैठक में एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने कहा कि समस्त थाना प्रभारी थाना क्षेत्र के एवं पड़ोसी थाना क्षेत्र के आरोपियों की प्रोफाइल तैयार करेंगे। समस्त थाने वारंट तामीली के लिए विशेष अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा कार्यवाई करेंगे। 82/83 की कार्रवाई करेंगे। गंभीर अपराधों मे 24 घंटे के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करेंगे। नाबालिग बालक-बालिकाओं के गुम होने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जल्द से दस्तयाब की कार्रवाई करेंगे। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण का प्रतिशत 90 से अधिक होना चाहिए।

चुनाव कराने के लिए गैर जनपद रवाना हुई पुलिस फोर्स

हरदोई, अमृत विचार। पांचवें चरण का लोकसभा चुनाव कराने के लिए जिले से फोर्स फतेहपुर के लिए रवाना हो गई। गुरुवार को एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस जवानों को रवाना किया। बताया गया है पहले यह फोर्स फतेहपुर फिर देवरिया और फिर बस्ती में चुनाव संपन्न कराने के बाद वापस लौटेगा। फोर्स की रवानगी से पहले एसपी ने पुलिस लाइन पहुंचकर पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश जारी किए। चुनाव के लिए 1274 कांस्टेबल और हेडकांस्टेबल, 58 इस्पेक्टर और सबइंस्पेक्टर जिले से भेजे गए है। एसपी ने पुलिसकर्मियों से कहा कि ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी अपना आचरण और व्यवहार अच्छा रखें। ड्यूटी के दौरान अनुशासन, संयम और अच्छा आचरण करते निष्पक्ष रहकर चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया।

बस अड्डे पर लगा नया वाटर कूलर

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। दिन पर दिन तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जनपद का तापमान 41 डिग्री तक पहुंच गया है। ऐसे में यात्रियों को ठंड पेयजल उपलब्ध कराने के लिए परिवहन निगम की ओर से हरदोई बस स्टेशन पर नया वाटर कूलर स्थापित किया गया है। इस वाटर कूलर के लगने से यात्रियों को स्टेशन पर अपनी प्यास बुझाने के लिए बोतल का पानी नहीं खरीदना पड़ेगा।

बस अड्डे पर 80 लीटर की क्षमता वाला वाटर कूलर पहले से स्थापित था, लेकिन उससे यात्रियों की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही थी। यात्रियों को ठंडा पानी की काफी

परिवहन निगम बस अड्डे पर स्थापित किया गया नया वाटर कूलर। अमृत विचार

समस्या हो रही थी। जिसको संज्ञान में लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक एमएल केसरवानी ने बस अड्डे पर 150 लीटर क्षमता का नया वाटर कूलर स्थापित कराया है। पुराना वाटर कूलर सुचारू रूप से कार्य न करने पर उसे हटा दिया गया है। नए वाटर कूलर के लग जाने से यात्रियों को अब आसानी से ठंडा पानी उपलब्ध हो रहा है।

पानी की तलाश में भटक रहे जानवर

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। चढ़ता पारा जहां इंसान के लिए परेशानी का सबब बन गया है वहीं जानवर भी तेज गर्मी में प्यास की मार से व्याकुल हो रहे हैं। यही वजह है कि प्यासे जानवर घनी आबादी में अपना हलक तर करने की खातिर भटक रहे हैं। जंगल का जलश्रोत समय से पहले ही सूख चुका है। हरा भरा चारा की भी कमी हो गई है। अधिकांश जंगली जानवर भोजन और पानी की तलाश में नगर के आस पास भटक रहे हैं। नगर में सैकड़ो इंडियामार्का हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं जिसको नगर पालिका अभी तक ठीक नहीं कर पाई है। इस भीषण गर्मी में राहगीर भी पानी के लिए परेशान दिखते हैं। मवेशियों के लिए पेयजल का भी कोई कहीं प्रबंध नहीं है।

घर के पास पड़ा मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई

अमृत विचार। शाम को घर से निकले युवक का शव पड़ोसी के मकान के बगल में पड़ा देखा गया। युवक के माथे पर लगी चोंट से उसकी हत्या की अटकलें लगाई जा रहीं है, पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

टड़ियावां थाने के परसपुर निवासी 40 वर्षीय राजीव राजगिरी करता था। परिवार में पत्नी रजनी के अलावा एक बेटा प्रयांशु और दो बेटियां प्रतिभा व मुस्कान है। तीन भाइयों में छोटा राजीव बुधवार की शाम को गांव में चल रहे मेले को देखने के लिए घर से बाहर गया हुआ था, उसके बाद नहीं आया। उसके घर वाले उसके बारें में गांव वालों से पूछ रहे थे, उसी बीच रात के करीब 10 बजे वही के मन्नीलाल के बगल में उसका शव पड़ा हुआ देखा गया। राजीव के माथे पर लगी गहरी चोंट उसकी हत्या की तरफ इशारा कर रही थी। लेकिन सवाल है कि अगर हत्या हुई भी तो उसकी क्या वजह है, इस बारे में कोई कुछ नहीं बता सका। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही तस्वीर साफ हो सकेगी। जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान, भतीजों पर आरोप

हरदोई, अमृत विचार। अधेड़ ने माचिस के टुकड़े पर भतीजों पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। बेहटा गोकुल थाने के दुलारपुर गांव निवासी विनोद चौहान (53) का शव गुरुवार को गांव के बाहर तालाब के किनारे पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने उसकी जेब से माचिस का टुकड़ा बरामद किया, जिस पर लिखा था कि उसके चचेरे भाई बाबू के पुत्र उसे करीब एक साल से सता रहे थे। उसके आगे उसने सरताज के ऊपर कुछ रुपयों का उधार होना लिखा है। विनोद की शादी शाहाबाद कोतवाली के हैदरपुर की कुसुम के साथ हुई थी, उसके बच्चे नहीं थे। लोगों का कहना है उसकी जायदाद के लिए चचेरे भतीजे सता रहे थे, जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच की जा रही है।

भतीजी के साथ छेड़छाड़ का आरोप, केस दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के एक युवक और उसके दो साथियों पर उसकी बहन की पुत्री के साथ छेड़ छाड़ करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया उसकी बहन की 18 वर्षीय पुत्री बचपन से उसके पास ही रह रही है।बुधवार की शाम को वह दरवाजे पर खड़ी थे तभी गांव के एक युवक ने अल्लागंज शाहजहांपुर निवासी अपने दो साथियों सहित उसकी भतीजी को अश्लील इशारे और बाते की। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है।प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया युवती की मौसी के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

बच्चों के बौद्धिक स्तर के बारे में बताते एआरपी अभिषेक तिवारी।

निपुण लक्ष्य के लिए अर्जुन बनें शिक्षक : एआरपी

हरदोई, अमृत विचार। शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन के लिए और मेहनत करने साथ ही बच्चों को छुट्टी में पढ़ाई का ख्याल रखने की नसीहत देते हुए एआरपी अभिषेक तिवारी ने बच्चों का बौद्धिक स्तर परखा, साथ ही विद्यालय की व्यवस्था देखी। उन्होने स्पोर्ट्स किट, लर्निंग कार्नर, लाइब्रेरी को देखा। उन्होने निपुण लक्ष्य को हासिल करने के लिए कहा कि शिक्षक और शिक्षिकाओं को अर्जुन बन कर लक्ष्य को हासिल करने के लिए और बेहतर कार्य करने होंगे। एआरपी श्री तिवारी गुरुवार को बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जोगीपुर पहुंचें। पहले तो उन्होनें नामांकन के बारे में जानकारी ली, विद्यालय को निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए बच्चों का बौद्धिक स्तर को परखते हुए बच्चों के सामने उनके शिक्षक की तरह नज़र आए। एआरपी ने प्रधानाध्यापिका तरन्नुम खातून से स्पोर्ट्स किट के अलावा लाइब्रेरी और विद्यालय के रख-रखाव के बारें पूछा, उन्होने कहा कि विद्यालय को निपुण बनाना है, इसके लिए शिक्षक हो या शिक्षिका, हर एक को अर्जुन की तरह दृढ़ता के साथ निपुण के लक्ष्य को हासिल करना होगा। इस दौरान सहायक अध्यापिका रेहाना नसरीन, रुचि पुरी, प्रभा पाण्डेय, शिक्षामित्र प्रशांत कुमार अवस्थी प्रबंध समिति के अध्यक्ष परशुराम मौजूद रहे।

दबंगों पर पुत्रियों को पीटने का लगाया आरोप

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी व्यक्ति ने गांव के ही तीन लोगों पर पुत्रियों को पीटने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी गंगादीन ने बताया वह बुधवार को अपनी बड़ी पुत्री को लेने उसकी ससुराल गया था। गांव में उसके घर के निकट लिपटिस के छोटे-छोटे पेड़ लगे थे। उसकी पुत्री ने देखा शाम को पेड़ टूटे पड़े थे। पुत्री नै ऐसे ही कह दिया पता नहीं किसने पेड़ तोड़ डाले बस इसी बात से नाराज होकर गांव के रामकिशोर, लालाराम और राम लड़ैते पुत्रगण शिव लाल ने उसकी पुत्रियों को गंदी गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। गालियां देने से मना करने पर विपक्षियों ने पुत्रियों के साथ मारपीट की। सभी जान बचा कर को भागी तो विपक्षी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

नगर में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की हुई शुरुआत

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। नगर के सत्संग भवन में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। गुरुवार को भागवत कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से निकाली गई। कथा व्यास ने प्रथम दिवस भागवत कथा श्रवण से मिलने वाले लाभ के बारे में भक्तों को विस्तार से बताया।

नगर के घास मंडी तिराहा स्थित सत्संग भवन में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया। कस्बे के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़ कर लिया। वृंदावन धाम के कथा व्यास श्री विष्णु शरण जी महाराज ने पूजन कर कथा का शुभारंभ किया। कथा के प्रथम दिवस पर उपस्थित भक्तों को कथा व्यास ने भागवत कथा श्रवण से होने वाले लाभों को विस्तार से बताते हुए कहा भागवत कथा श्रवण से जाने अनजाने में हुए

कथा शुरू होने से पूर्व कलश यात्रा निकालते भक्तगण। अमृत विचार

पापों से मुक्ति मिल जाती है। मनुष्य को पैसे का बहुत लोभ हमेशा नर्क ले जाता है। भागवत कथा का विश्राम 22 मई को किया जाएगा। 23 मई को हवन और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर गणेश अरोड़ा, आशीष गुप्ता, दिनेश वर्मा, मधू अरोड़ा, प्रीती अरोड़ा, सोहन लाल, अंकित अरोड़ा, चंकित, अंकित मिश्रा, जय प्रकाश गुप्ता, शैल कुमारी गुप्ता सभासद, रचित गुप्ता सहित भक्त गण उपस्थित रहे।

मछली पालक को पीटकर किया घायल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा बीबीजई में तालाब में भैंस घुसाने से मना करने पर दबंगों ने मछली पालक को पीटकर लहूलुहान कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी रविंद्र कश्यप के अनुसार उसने तालाब में मछली पाल रखी है। उसने पड़ोस के विनोद मिश्रा व उसके साथियों पर तालाब में भैंस ले जाने से मना करने पर पिटाई करने का आरोप लगाया है।

जागरुकता उच्च रक्तचाप दिवस के मौके पर जिले के प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सीके गुप्ता ने दी जानकारी

स्वास्थ्य के साथ कार्यक्षमता पर भी असर डालता है हाई ब्लड प्रेशर

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। हरदोई के प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सीके गुप्ता ने बताया कि उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) हमारे स्वास्थ्य और हमारी कार्य क्षमता पर असर डालने वाली एक गम्भीर स्वास्थ्य समस्या है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार हिन्दुस्तान में 24 प्रतिशत पुरुष और 21 प्रतिशत महिलायें इस समस्या से ग्रस्त हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते है ब्लड प्रेशर बढने को पहले उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या के तौर पर जाना जाता था, लेकिन अब कम उम्र के लोग भी इसके शिकार होते जा रहे है।

जानकारी देते डा. सीके गुप्ता व अन्य चिकित्सक। अमृत विचार

डॉ सीके गुप्ता ने बताया कि क्रियाशील जीवन शैली को अपना कर के, आहार में नमक की मात्रा कम कर के, जीवन में तनाव कम कर के और नियमित जांच से उच्च रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है। जिससे हम दुनिया भर में पक्षाघात, हृदय रोग, और गुर्दे की बीमारी के जोखिम को कम कर सकते है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि दुनियाभर में एक अरब से अधिक लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 46 प्रतिशत लोगों में उच्च रक्तचाप के कोई लक्षण नहीं आते केवल जांच द्वारा ही पता चलता है, इसलिए इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है। उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रोकथाम के उपायों को प्रोत्साहित करने के लिये प्रति वर्ष 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। श्री गुप्ता ने कहा कि इस गम्भीर और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या पर हरदोई की जनता को जागरूक करने के लिये इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की हरदोई शाखा भी प्रयासरत है और 17 मई को पटेल नसिंग होम, धन्नूपुरवा रोड हरदोई में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया रही है।

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर पटेल नसिंग होम में लखनऊ के विशेषज्ञ डा. राहुल यादव (डी.एम. हृदय रोग विशेषज्ञ) चरक अस्पताल लखनऊ के द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा तथा रक्त चाप, हृदय रोग से सम्बधित जांचें भी निःशुल्क की जायेगी। हरदोई की जनता को उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूक करने के लिये गोष्ठी एवं पोस्टर प्रदर्शनी पटेल नसिंग होम, धन्नूपुरवा रोड हरदोई में 17 और 18 मई को लगायी जायेगी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डा आरएस तोमर और शिखा तोमर, प्रबंधक एसएस. इन्स्टिट्यूट आफ पैरामेडिकल साइन्स 17 मई को सुबह 9.30 करेंगे।

एक नजर

मारपीट के आरोप में छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी युवक ने मोहल्ले के ही 6 लोगों पर गाली गलौज कर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। नगर के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी भोला पुत्र राधेश्याम ने बताया वह बुधवार को दूध लेकर घर आ रहा था, तभी रास्ते में मोहल्ले के दिनेश, महेश पुत्रगण छोटे सिंह, कल्लू, पक्के, करन और रीशू पुत्रगण महेश ने पुरानी रंजिश के कारण उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने उसे मारा पीटा ।जिससे वह घायल हो गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

दबंगों ने महिला व परिजनों से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

पाली, हरदोई। थाना क्षेत्र के रामापुर मिश्र गांव में सजातीय आरोपियों ने महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आई हैं। पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पिता-पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। पाली थाना क्षेत्र के रामापुर मिश्र गांव निवासी खुशबू सक्सेना पत्नी पंचम ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बुधवार रात को कामता सक्सेना अपने पुत्र अमित व विनोद के साथ उसके दरवाजे पर आया और उसे व उसके जेठ नन्हें पुत्र रामदास व नन्हें के को गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा, जिससे सभी को चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है। अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

शराब पीने से युवक की बिगड़ी तबियत, मौत

पचकोहरा की बाज़ार में पी थी शराब, घर पहुंच कर शुरु हुईं उल्टियां

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। पचकोहरा की बाज़ार में शराब पीने के बाद घर वापस पहुंचें युवक की हालत बिगड़ गई, उल्टियां होने पर उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। वहां उसका इलाज हो रहा था, उसी बीच आधी रात में उसकी मौत हो गई।

बताया गया है कि सुरसा थाने के चंदन खेड़ा मजरा म्योनी निवासी 45 वर्षीय मधुकांत पुत्र रामकुमार बुधवार को पचकोहरा की बाज़ार करने के लिए घर से निकला, वहां से नशे की हालत में लौटने के कुछ देर बाद उसे उल्टियां होने लगी। उसका भाई रविकांत उसे इलाज के लिए सीएचसी ले कर पहुंचा, डाक्टरों ने देखते ही उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। वहां उसका इलाज शुरु हो गया, लेकिन आधी रात में करीब 12 बजे उसकी मौत हो गई। खेती-किसानी करने वाले मधुकांत के परिवार में उसकी पत्नी सुनैना और इकलौती बेटी, जिसे प्यार में पुत्तू कह कर पुकारा जाता है के अलावा और कोई नही है। जैसा कि बताया जा रहा है कि ज़हरीली शराब से मधुकांत की मौत हुई, वहीं पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले कुछ भी बताना बेमतलब साबित होगा।

अधेड़ की अचानक बिगड़ी हालत, मेडिकल कॉलेज में मौत

हरदोई। अधेड़ की एका-एक हालत बिगड़ गई, उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन इमरजेंसी यूनिट में पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। अधेड़ की मौत के बारे में उसके घर वाले कोई जानकारी नहीं दे सके। बताते है कि कोतवाली देहात के धर्मापुर निवासी 51 वर्षीय चन्द्रपाल पुत्र भगवान बक्श की गुरुवार की भोर पहर हालत बिगड़ गई। उसका भाई रजनीश उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले कर पहुंचा, जहां की इमरजेंसी यूनिट में ही उसकी मौत हो गई। डाक्टरों का कहना है कि सस्पेक्टेड प्वाइजनिंग से मौत हुई, मतलब उसने ज़हर खाया, लेकिन घर वालों की चुप्पी से साबित हो रहा था कि बात कुछ और ही है। पुलिस ने बताया कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहना मुमकिन होगा। चन्द्रपाल के तीन बेटे है और तीनों बाहर काम करते है।

ससुराल में फंदे से लटका मिला महिला का शव

हरदोई। ससुराल में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे से शव के साथ पुलिस ने एक बिंदी का पत्ता भी बरामद किया है, जिस पर लिखा गया है, ...आत्महत्या कर रहीं हूं..शिवानी। मामला टड़ियावां के बर्रा सराय निवासी विकास सिंह की शादी सीतापुर जिले के परसेहरा थाना मितौली निवासी पृथ्वी पाल सिंह की पुत्री शिवानी उर्फ गरिमा सिंह (20) के साथ करीब 11 महीने पहले हुई थी। गुरुवार को शिवानी का शव उसके कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। उसके ससुराल वाले उसकी मौत को सामान्य बता रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

आर्थिक तंगी व इलाज के अभाव में अधेड़ की मौत

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली के अल्लाहपुर में गरीबी के कारण इलाज के अभाव में अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जनपद शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र के ग्राम हटा दलेलपुर निवासी रामसिंह शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला अल्लाहपुर में हरियाली बाजार के निकट फुरकान के मकान में किराए पर रहता था। आठ वर्ष पहले उसकी पत्नी की मौत हो गई थी। उसके बाद उसके पुत्र अरविंद का विवाह शाहजहांपुर जिले के पुवायां थाना क्षेत्र के विकन्नापुर निवासी युवती के साथ हुई थी। विवाह के कुछ दिन बाद बेटे की ससुराल की एक विधवा महिला शांति से उसका प्रेम संबंध हो गया। शांति को लेकर राम सिंह कस्बे में किराए पर कमरा लेकर रहने लगा। उन दोनो के इस निर्णय से दोनो के पुत्र और रिश्तेदारों ने नाराजगी के कारण संबंध खत्म कर लिए। तीन वर्ष पूर्व उसका एक्सीडेंट में पैर टूट गया। तब से वह बिस्तर पर ही था। कमाने वाला कोई न होने की वजह से गरीबी में जीवनयापन हो रहा था। गुरुवार को राम सिंह की मौत हो गई। मौत की सूचना शांति ने रामसिंह के पुत्रों को दी लेकिन उन्होंने आने से मना कर दिया।

नगर पालिका की नोटिस के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

▸▸ **गुमटी-खोमचा रखे दुकानदार बने परेशानी की वजह**

अमृत विचार। मुख्य मार्ग से हरदोई मार्ग तक सड़क किनारे रखे गुमटी खोमचे रखे दुकानदारों को लेकर दिसंबर 2023 में रमेश चंद्र तिवारी व परमेश तिवारी द्वारा नगर पालिका बिलग्राम से शिकायत की थी।

जिसमें बताया था कि गुमटी खोमचे रखे कुछ दुकानदारों ने हरदोई रोड के मुख्य चौराहे पर स्टेट बैंक के पास मुख्य मार्ग के फुटपाथ पर अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुए खोखा गुमटी आदि रखकर अपने व्यवसाय का संचालन करते हैं। जिसमें आए दिन मुख मार्ग पर लंबा जाम लगा रहता है। कभी-कभी जाम इतना लंबा लग जाता है कि घंटों जाम नहीं खुलता जिसको लेकर शिकायतकर्ता रमेश चंद तिवारी व प्रवेश तिवारी ने पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने की शिकायत की थी, जिसके बाद से पालिका ने सभी गुमटी खोमचे दुकानदारों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया था। उसके बाद से पालिका ने अभी तक कोई भी अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई नहीं की। पांच माह गुजरने के बाद भी कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी से बात की तो उन्होंने बताया कि उनके संज्ञान में ऐसा कुछ नहीं है।

धूमधाम से मनाया गया माता सीता का जन्मोत्सव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। श्री राम जानकी मंदिर नवीन गल्ला मंडी में गुरुवार को माता सीता जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। माता श्री सीता जी का जन्मोत्सव वैशाख महीना शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। रामनवमी से ठीक एक महीने बाद जानकी नवमी होती है।

सीता जन्मोत्सव के लिए प्रातः काल से ही भक्तों का आना आरंभ हो गया था। सभी भक्तों ने अपने-अपने ढंग से अपने व अपने परिवार की कुशलता सुख समृद्धि शांति के लिए माता जी से प्रार्थना पूजन व अर्चन वंदन किया। इस अवसर पर माता जी का विधिविधान से वैदिक मंत्र द्वारा दूध, दही, घी, मधु, चीनी व पंचामृत से महाअभिषेक किया गया। तत्पश्चात माता सीता जी का अद्भुत श्रृंगार किया गया। नए वस्त्र धारण कराए गए। 12 बजते ही घड़ी, घंटा और शंखनाद के बीच जन्म की महाआरती प्रारंभ हुई। स्तुति बधाई तथा सोहर का गान हुआ। छप्पन भोग लगा करके नैवेद अर्पण किया गया, भोग लगाया गया। भक्तों के द्वारा भजन व बधाई गायी गई। भए प्रगट कुमारी भूमि विदारी जनहित कारी भय हारी, अतुलित छवि धारी मुनिमन हारी जनक दुलारी सुकुमारी। बधाई का गान हुआ। डगर डगर बीच मिथिला नगरिया बधाइयां बाजे आज मिथिला नगरिया बधाइयां बाजे।। उसके बाद दूसरा पद हुआ चिरजीवै हमारी दुलारी सिया। जाके हित मिथिलेश सुनैना अमित जन्म बहु तप सुकिया, चिरंजी वो हमारी दुलारी सिया। छप्पन भोग लगा करके प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, संजय गुप्ता, राकेश शुक्ला, रमेश मंत्री, कैलाश गुप्ता, सुरेश दीक्षित, रामसेवक, खुशीराम, गिरजा शंकर सहित दर्जनों भक्त मौजूद रहे।

श्री राम जानकी मंदिर नवीन गल्ला मंडी में महाआरती करते पुजारी मैथिलीशरण शास्त्री व सीता जन्मोत्सव पर जुटे भक्त। अमृत विचार

ट्रेन से गिरकर छात्र की मौत, पिता ने दोस्तों पर फेंकने का लगाया आरोप

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। टोडरपुर-बेहटा गोकुल के बीच मंगलवार को एक युवक की ट्रेन से गिर कर मौत हो गई। गुरुवार को उसकी शिनाख्त कर ली गई। बिहार का रहने वाला युवक बीए की पढ़ाई कर रहा था, वह अपने दोस्तों के दिल्ली गया हुआ था, मंगलवार को वहीं से लौट रहा था। दोस्त का कहना है कि वह चलती ट्रेन से कूद पड़ा, जबकि पिता ने उसी दोस्त के ऊपर ट्रेन से फेंकने का आरोप लगाया है। उसका कहना है वही दोस्त उसे जबरिया दिल्ली ले गए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताते चलें कि मंगलवार को टोंडरपुर-बेहटा गोकुल के बीच 21 वर्षीय युवक की चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई थी। गुरुवार को बेहटा गोकुल थाने पहुंचे फूल चंद्र निवासी महेशवारा थाना नाव कोठी ज़िला बेगूसराय बिहार ने शव की शिनाख्त अपने पुत्र अमर दीप के रूप में की। फूल चंद्र ने बताया कि अमर दीप उसका इकलौता बेटा था, वह रामचरित्र सिंह महाविद्यालय मंदौर ज़िला बेगूसराय में बीए (द्वितीय) का छात्र था। उसी के गांव का आशीष उसे 9 मई को बहला-फुसला कर अपने साथ दिल्ली ले गया था। कहा कि अमर दीप ने उससे फोन पर कहा था कि आशीष उसे ज़बरदस्ती दिल्ली लाया और पागल साबित कर हत्या करना चाहता है। पिता ने उससे भाग आने के लिए कहा था। उसका कहना है कि मंगलवार को अमर दीप दिल्ली से रवाना हुआ, आशीष भी उसके चल दिया। जैसा कि आशीष का कहना है कि अमर दीप चलती ट्रेन से कूद पड़ा, जबकि पिता फूल चंद्र ने आशीष के ऊपर आरोप लगाया है कि उसी ने उसकी ट्रेन से नीचे फेंक कर हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद छात्र का शव घरवालों के सुपुर्द कर दिया गया, सारे मामले की जांच की जा रही है।

पिता-पुत्र ने युवक को पीटकर किया घायल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवादा की बाजार में सब्जी और समान लेने आए युवक को मामूली विवाद में पिता पुत्र ने मारपीट कर घायलकर दिया। घटना की लिखित सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। थाना पाली के ग्राम किलकिली निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र ठाकुर प्रसाद ने बताया वह बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवादा बाजार में राजेश की दुकान से नल का सामान खरीदने गया था। वहीं नेवादा निवासी रोहित पुत्र बांके से उसकी मामूली कहासुनी हो गई। रोहित ने उसे गाली गलौज किया। वह दुकान से उठकर सब्जी लेने चला गया ।सब्जी और नल मरम्मत का सामान लेकर वह घर जा रहा था, तभी विपक्षी ने अपने पिता के साथ मिलकर उसे रोक लिया और गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर उसे डंडे और सरिया से मारा पीटा, जिससे वह घायल हो गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है।

बीडीसी सदस्य को पीटने वाले युवकों पर केस दर्ज

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। बीडीसी सदस्य को पीटने वाले दबंग युवक और उसके साथियों के खिलाफ सीओ के आदेश पर दलित एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया। सोनू लाल निवासी सुहागपुर के अनुसार तीन मई को बासित नगर चौराहे पर वह अपना ई-रिक्शा लेकर आया। उसी समय सुहागपुर निवासी गौरव राजपूत अपने अज्ञात साथियों के साथ आया और सोनू लाल को जाति सूचक गाली गलौज करने लगा।

विरोध करने पर आरोपियों उसे मारना पीटना शुरू कर दिया जिससे उसे काफी चोटें आईं। सोनू लाल ने उसी समय शाहाबाद कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की, परंतु कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब सोनू लाल ने क्षेत्राधिकारी शाहाबाद अनुज मिश्रा से मुलाकात कर अपनी फरियाद सुनाई। क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने आरोपी गौरव राजपूत के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश किया। आरोपी गौरव राजपूत के खिलाफ संबंधित धाराओं में शाहाबाद कोतवाली में केस दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक एसके मिश्रा ने बताया प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट अंकित कर जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

होलिका दहन की भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा

टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार। विकास खंड टोडरपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा गौरवा के मजरा मुकद्दरपुर गांव में लगभग पांच वर्षों से होलिका दहन की भूमि को दबंगों ने कब्जा कर लिया है। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उनके यहां लगभग पांच वर्षों से होलिका दहन नहीं हुआ है। कई बार इस होलिका दहन की जमीन को खाली कराने को कहा, लेकिन इन दबंगों के आगे हम लोगों की एक भी नहीं चलती, इसीलिए यहां पर कई वर्षों होलिका दहन नहीं हुआ है और यहीं से गुजर रहे रास्ते को भी कब्जा कर लिया गया है, जिससे ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है। गांव में कई वर्षों से सड़क व नाली निर्माण नहीं कराया गया, जिससे पुरानी नालियों में पानी भरने के कारण सड़के कीचड़ में तब्दील हो गई है। ग्रामीण अनेक बीमारियों का सामना कर रहे हैं व बिजली समस्या आए दिन बनी रहती है। यहीं पर बने पूजनीय कुएं को भी इन दबंगों ने कब्जा कर लिया है, जिसे ग्रामीण शादी विवाह के लिए कुंवारे के रूप में अपनाते थे उसे भी इन दबंगों ने खत्म कर दिया है जिसे कोई उच्च अधिकारी देखने व इन पीड़ित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने नहीं आता है। जब इस संबंध की सूचना उपजिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भास्कर को दी गई तो जांच का शासन देते हुए दिखवाने की बात कही है। वहीं संबंधित लेखपाल ने बताया कि मैं अभी तीन दिन तक बाहर हूं अगर कोई बीच में निर्माण कार्य करता है तो हमें अवगत करा दें वह उसे कार्य को रुकवा देंगे और वापस आजाने के बाद जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

किसान के घर में लगाई सेंध, लाखों का सामान चोरी

कोथावां, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात चोरों का आतंक फैला हुआ है, आएदिन चोर किसी न किसी के घर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं, बावजूद इसके स्थानीय पुलिस प्रशासन धृतराष्ट्र बना हुआ है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पलियाराय सिंह निवासी मुकेश पुत्र रामदास प्रजापति ने कोतवाली मे तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात वह अपने परिवार के साथ सो रहे थे, कि किसी समय अज्ञात चोरों ने घर के पीछे वाली दीवार काटकर घर के अन्दर प्रवेश कर गए, और घर मे रखे 15 हजार की नगदी व उनके जेवरात एक हार, एक जोड़ी झुमकी, एक मांग बेंदी, नथुनी, बाली व दो जोडी पायल चठा ले गये। वहीं काफी खोजबीन के बाद पीड़ित की पत्नी को जेवरात के खाली डिब्बे, पड़ोस के हरिनारायण व राजेन्द्र के खेत में पड़ज मिले। वहीं इस बारे में कोतवाली पुलिस निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

चोरों ने लाखों की नकदी व जेवर किए पार

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के बेहटी खुर्द गांव में बुधवार की रात चोरों ने पड़ोस के घर की छत से लेखपाल के घर में घुसकर नगदी समेत लाखों रुपये के कीमती जेवर चुरा लिए। घटना की सूचना पुलिस को दी। मौका मुआयना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पीड़ित लेखपाल मनोज पाठक निवासी बेहटी खुर्द ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार की रात मकान के आंगन में सो रहे थे बेटा अंकुर पाठक कमरे में सो रहा था, तभी अचानक देर रात 1:30 बजे के आसपास पड़ोस के मकान से कुछ चोर घुसे और जीने के रास्ते से उतर कर उसके घर में दाखिल हो गए। अलमारी में राखी 8000 रुपए की नगदी लगभग 12 लाख रुपए के कीमती जेवर चोरी कर लिए। जब उसके पुत्र अंकुर पाठक ने आवाज शोरगुल की आवाज सुनी तो अंदर झांक कर देखा तो आलमारी टूटी पड़ी है। उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। शोरगुल सुन परिवार के सदस्य लोग इकट्ठा हो गए। चोर उसे जगा हुए देख भाग गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया चोरी की तहरीर मिली हैं। जांच कर जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

सड़क किनारे मिली नोटों की कतरन, जांच शुरू

हरदोई। सड़क किनारे भारी मात्रा में नोटों की कतरन मिलने से सनसनी फैल गई ।इसको लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस में मामले को संज्ञान में लेते हुए इसकी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर थाना कासिमपुर क्षेत्र अंतर्गत गौसगंज के पास सड़क किनारे भारी मात्रा में भारतीय करेंसी की कतरन पड़ी देखी गई। नोटों की कतरन देखे जाने की खबर चारों ओर जंगल की आग की तरह फैल गई। खबर मिलते ही तमाम लोग उसे देखने पहुंच गए। पुलिस तक मामला पहुंचने पर मौके पर पहुंची टीम ने जांच शुरू कर दी। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक नृपेन्द्र ने बताया कि यह कतरन कैसी है कहां से आई इसकी जांच की जा रही है जांच के बाद ही इस संबंध में पता चल सकेगा ।फिलहाल सड़क किनारे भारी संख्या में भारतीय करेंसी की कतरन पाया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है।

चोरों ने प्राथमिक विद्यालय से सामान किया पार

सण्डीला-हरदोई। प्राथमिक विद्यालय जमकुरा में चोरों सामान चोरी कर लिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापक अनुराधा शर्मा ने बताया कि मंगलवार की रात चोरों ने स्कूल परिसर के भीतर कक्षाओं, कार्यालयों और भंडारण क्षेत्रों में, अलमारियां आदि में रखा सामान चोरी कर लिया। स्कूल से गैस सिलेंडर, चीनी, भट्टी सहित समस्त बर्तन, किचन सम्बन्धी सामान आदि सामान चोरी कर लिया। कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

युवक से मोबाइल छीनकर तीन बाइक सवार हुए फरार

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। शहर में 24 घंटे के अंदर लूट की दूसरी घटना हो गई। बुधवार को बदमाशों ने घर जा रहे युवक से मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। इससे पहले मंगलवार की सुबह महिला सर्राफ़ा कारोबारी के साथ दिनदहाड़े बंदूक की नोक पर बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। बुधवार की रात लगभग 10 बजे रामू गुप्ता अपनी साइकिल से बावन चुंगी स्थित अपने घर जा रहे था कि तभी जेल रोड पर उनकी मां का फोन आने पर बात करने लगा। तभी पीछे से बाइक सवार तीन युवक आए और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पीड़ित रामू गुप्ता ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। घटना का पता चलते ही पुलिस विभाग में हलचल तेज हो गई। हालांकि लुटेरे को पकड़ा नहीं जा सका था। जिस समय यह वारदात हुई उसे समय हरदोई पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी क्राइम को लेकर समीक्षा मीटिंग कर रहे थे। बता दें कि शहर कोतवाली क्षेत्र में पहले भी कई बड़ी वारदातें हो चुकी हैं। जिनका पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई है।

मोबाइल वेटनरी एंबुलेंस का नहीं मिल रहा लाभ

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। जनता के लिये सरकार जहां नई-नई योजनाएं लांच कर रही है वहीं जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते कई योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा पशुपालकों की सुविधा के लिये वेटनरी इमरजेंसी मोबाइल वैन योजना को चलाकर पशुपालकों को दरवाजे पर ही पशु के इलाज की व्यवस्था की गई। लेकिन जिम्मेदारों की हीलाहवाली के चलते यह मोबाइल वेटनरी एम्बुलेंस के पहिए चलने से पहले ही थमते नजर आ रहे हैं।

पशु अस्पताल में खड़ी मोबाइल वेटनरी एंबुलेंस। अमृत विचार

शाहाबाद क्षेत्र के लिये मोबाइल वेटनरी एम्बुलेंस शासन द्वारा भेज दी गयी है, लेकिन डाक्टरों के अभाव के कारण उसका संचालन ही नहीं हो पा रहा है। पूरे दिन चिकित्सालय के अन्दर मोबाइल वेटनरी एम्बुलेंस शोपीस बनी खड़ी दिखाई दे रही है। मोबाइल विटनरी एम्बुलेंस के लिये हेल्पलाइन 1962 जारी तो किया गया लेकिन पशुपालकों द्वारा नम्बर डायल करने पर फोन ही नहीं उठता और यदि उठ गया तो उसे उल्टा सीधा समझा कर चुप करा दिया जाता है। यदि शाहाबाद पशु चिकित्सालय की बात की जाय तो यह पशु चिकित्सालय खुद बीमार है यहां एक उप पशु चिकित्साधिकारी के अलावा अन्य कोई कर्मचारी नहीं है। पशु चिकित्सा अधिकारी मनमाने तरीके से पशुपालकों की सेवा में लगे हैं।

गुरुवार को एक पशुपालक ने लाभ लेने के लिए 1962 नंबर पर लगातार फोन किया लेकिन कोई परिणाम मिलते न देख सीधे पशु चिकित्सालय पहुंचा। वहां उसने डाक्टर की खोज शुरू की तो पता चला डाक्टर साहब छुट्टी पर हैं। जब पशुपालक ने डा. सुरेन्द्र कुमार का मोबाइल नंबर डायल किया तो मोबाइल स्विच ऑफ था। अस्पताल में पशुपालक की समस्या सुनने वाला अस्पताल में कोई नहीं था।

प्रतियोगिता हरदोई हैरिटेज कप का 15वां तथा अंतिम लीग मैच गुरुवार को खेला गया

अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी ने दर्ज कराई जीत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को हरदोई हैरिटेज कप का 15वॉ तथा अंतिम लीग मैच कॉन्सेप्ट इलेवन व अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। मैच में टॉस कॉन्सेप्ट इलेवन के कप्तान सूरज दीक्षित ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कॉन्सेप्ट इलेवन की टीम ने 17.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 69 रनों का स्कोर खड़ा किया । कॉन्सेप्ट इलेवन की तरफ से शिष्ट द्विवेदी 16 रन, सूरज दीक्षित 8 रनों का योगदान किया। अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी की तरफ से भोलेश्वर 5 विकेट, अतुल द्विवेदी 3 विकेट , कृष्ण सिंह, कफील अहमद ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी की टीम ने 9.3 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी की तरफ से आकाश शर्मा 14 रन, शुभम विश्वकर्मा ने 13 रनों का योगदान किया। कॉन्सेप्ट इलेवन की तरफ से शिष्ट द्विवेदी, संजय, अमन पाल 1-1 विकेट लिया। इस प्रकार इस मैच में अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार फुटबॉल कोच मेहताब ने भोलेश्वर को दिया। इस लीग के सेमी फाइनल मैचों की तारीख की घोषणा कुछ दिनों में की जाएंगे। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व मो. हफीज ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैटिंग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

पिकअप की टक्कर से फेरी लगाने वाले की मौत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कपड़े की फेरी करने वाला युवक शौच के बाद लौट रहा था, उसी बीच तेज़ रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पिकअप और ड्राइवर को पकड़ लिया। घायल युवक को सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय मलिहाबाद के पास उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।

टड़ियावां थाने के खाडाखेड़ा निवासी 36 वर्षीय कौशल पुत्र अहिबरन लाल कपड़ो की फेरी लगाता था, उसके 7 भाइयों में दो की पहले ही मौत हो चुकी थी। कौशल ने शादी नहीं की थी, वह अपनी बुजुर्ग मां के साथ रहता था। गुरुवार की सुबह उसने मां के लिए चाय बनाई और उन्हें देने के बाद शौच के लिए चला गया। कौशल वहीं से लौट रहा था, उसी बीच गांव के पास ही अहिरोरी की तरफ से आ रही पिकअप ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। कौशल को एम्बुलेंस-108 से पहले अहिरोरी सीएचसी ले जाया गया, वहां से मेडिकल भेज दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पिकअप और उसका ड्राइवर बघौली थाने के काईमऊ सारीपुर का बताया गया है।

एक नजर

पांच आम के पेड़ों का अवैध कटान

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के छतौनी मजरा कोलाईपुरवा में लकड़कट्टों ने आम के पांच पेड़ों को अवैध रूप से काट दिया। सूचना मिलने पर वन दरोगा अरविंद यादव मौके पर पहुंचे, लेकिन लकड़कट्टे फरार हो गये। वन दरोगा ने बताया कि थाना रामपुर मथुरा में लिखित तहरीर दी है।

सीताजी में अद्भुत सूझबूझ व साहस था

सीतापुर, अमृत विचार। खैराबाद प्रखंड के नालंदा पब्लिक उ.म विद्यालय में सीता नवमी का भव्य कार्यक्रम किया गया। मुख्य वक्ता विभाग संयोजिका दुर्गा वाहिनी, प्रांत संयोजक उत्तम सिंह, जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी, जिला सहसंयोजिका दुर्गा वाहिनी चार्ली, अध्यापिका रिचा त्रिपाठी ने बताया कि सीता जी में अद्भुत सूझबूझ और साहस था। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

देवी को साक्षी मानकर प्रेमी युगल ने मंदिर में रचाई शादी

सीतापुर, अमृत विचार। बिसवां कोतवाली इलाके के ग्राम पंचायत काजी की रहने वाली युवती सुलोचनी देवी ने अपने प्रेमी के साथ मंदिर में शादी रचा ली। पिता ने शादी को झूठा बताकर युवती को अपने साथ ले जाने का प्रयास किया, किन्तु वह विफल रहा। प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ घर रवाना हो गई। जफराबाद निवासी रोहित पुत्र टिल्लू से सुलोचनी पुत्री राम खेलावन से दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके चलते दोनों प्रेमी युगल ने बिसवां नगर स्थित मंदिर में मां शीतला देवी को साक्षी मानकर एक दूसरे के गले मे जयमाला डालकर प्रेम विवाह कर लिया। उक्त रस्म मंदिर के ही पुजारी के सानिध्य में सम्पन्न हुई। यह खबर जब सुलोचनी के पिता को हुई तो उन्होंने एतराज जताते हुए बेटी को घर चलने को कहा। जिस पर सुलोचनी ने घर जाने से इंकार कर दिया। उसने अपने पति सहित ससुराली जनों की सुरक्षा की गुहार भी पुलिस से लगाई है।

18 मई तक बाधित रहेगा सारथी पोर्टल

सीतापुर, अमृत विचार। जिले में ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों को लाइसेंस बनवाने के लिए दो दिनों तक का इंतजार करना पड़ सकता है। उसका कारण सारथी पोर्टल 18 मई तक के लिए डेटाबेस मेंटिनेंस के कारण बाधित रहेगा। आरटीओ ऑफिस से जारी होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया रविवार के बाद कार्यदिवस से चालू हो जायेगी। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने बताया कि एनआईसी द्वारा लाइसेंस के सारथी पोर्टल को मेंटिनेंस कार्य के लिये रोंका गया है, जिसके चलते बायोमैट्रिक का कार्य बाधित रहेगा।

मां और अनुराग के तीनों बच्चों को नहीं मारना चाहता था अजीत

भाई-भाभी से ईर्ष्या व लोन चुकाने की बात बनी सामूहिक हत्याकांड की वजह, आईजी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी, मुकदमे का वादी ही बना मुख्य आरोपी

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। रामपुर मथुरा इलाके के पाल्हापुर सामूहिक हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी मृतक अनुराग के भाई अजीत को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि जिला पुलिस की माने तो वारदात का मास्टरमाइंड अजीत मुख्य आरोपी है मगर इस वारदात में और लोग भी शामिल रहे होंगे। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा का दावा है कि इस नरसंहार को अजीत ने ही अंजाम दिया। उनके अनुसार पाल्हापुर निवासी शिक्षक अजीत सिंह ने सबसे पहले भाभी प्रियंका उसके बाद मां सावित्री और भाई अनुराग के बाद तीनों बच्चों को मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद बीती 11 मई की सुबह अजीत ने बड़ी ही आसानी से अनुराग को मनोरोगी और शराबी बताकर परिवार की हत्या करने की बात कही। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जब हत्या के एंगल पर जांच की तो कई कड़िया सामने आई। सीतापुर पुलिस के साथ एसटीएफ और आईजी की क्राइम टीम ने का भी इस हत्या का खुलासा करने में बहुत सहयोग रहा।

आरोपी अजीत ने बताया कि लोन की रकम कौन चुकायेगा, इस बात को लेकर अजीत व अनुराग व उसकी पत्नी प्रियंका के बीच कई बार वाद-विवाद हुआ था। 10 मई की शाम अजीत अपने गांव पाल्हापुर आया। जहां उसकी मां सावित्री व भाभी प्रियंका द्वारा उसे बताया गया कि वह (अनुराग) लोन चुकाने में असमर्थ है। इस बात पर अजीत गुस्से से भर गया। उसने शाम के समय घर में बनी खिचड़ी में नींद की गोलियां मिला दीं और सभी के सोने का इंतजार करने लगा। आरोपी अजीत ने बताया कि उसका उद्देश्य केवल भाई व भाभी की हत्या करना था। मां व बच्चों को केवल नींद की गोली देकर सुलाना चाहता था।

सामूहिक हत्याकांड में खत्म हुआ अनुराग का परिवार व मां। (फाइल फोटो)

बच्चों की मौत पर अजीत ने जताया अफसोस

पुलिस अभिरक्षा में पूछताछ के दौरान अजीत ने पूरे घटनाक्रम की एक-एक कड़ी खोलकर रख दी। शुरुआती फजीहत के बाद पुलिस घटना में अन्य लोगों के शामिल होने की तहकीकात कई दिनों तक करती रही, लेकिन अंतत: पुलिस को अजीत ही वो आखिरी शख्स मिला जिसने अकेले ही इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। सूत्रों की माने तो अजीत ने तीन बच्चों की मौत पर पुलिस के सामने अफसोस जताया था। उसका कहना था कि वह सिर्फ भाई और भाभी की हत्या करना चाहता था लेकिन वारदात के समय सब सामने आते गये और वह मारता चला गया। वह बच्चों को मौत के घाट नहीं उतारना चाहता था। वारदात को अंजाम देते समय बड़ी भतीजी और अन्य बच्चे जग गये तो उसने उन्हें भी मौत के घाट उतार दिया।

प्रियंका व उसके तीनों बच्चे। फाइल फोटो

मौतों के साथ दफन हो गये सवाल

पुलिस के खुलासे के बाद बहुत से ऐसे सवाल हैं जो सभी की मौतों के साथ दफन हो गये। पुलिस और एसटीएफ की टीम भी घटना के तीन क्राइम सीन री-क्रिएट करने के बाद भी साफ नहीं कर सकी है कि जब तीनों बच्चे वारदात के समय चीख-चिल्ला रहे थे तो अजीत को बच्चों को बारी-बारी से छत पर ले जाने का समय कैसे मिला। ऐसे सवालों के जवाब अब मौतों के साथ ही दफन हो गये।

- **बड़ी बेटी को गोली मारकर हथौड़ा मारा तो फिर उसे छत से फेंकने की वजह क्या थी।**
- **दोनों बच्चों को जीने से चढ़कर छत से फेंकने में समय लगा होगा तो बच्चे भागे क्यों नहीं।**
- **घर के अंदर 5 फायर हुए लेकिन पड़ोस में रहने वाले ताऊ आरपी सिंह और उनके परिवार को भनक क्यों नहीं लगी।**
- **बाईपास सर्जरी के बाद भी अजीत ने अकेले कैसे सामूहिक हत्याकांड को अंजाम दिया।**

वारदात स्थल पर घटना का री-क्रिएशन का दृश्य।

असलहा और हथौड़ा सहित 5 कारतूस के खोखे बरामद

आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने बताया कि एफएसएल टीम ने मौके से मिले हथौड़े और 315 बोर के अवैध असलहे सहित 4 कारतूस के खोखे बरामद किये थे। इसके साथ ही अवैध असलहे में फंसे एक कारतूस खोखे सहित खून से सने कपड़ों के ब्लैड सैम्पल को जांच के लिए लैब भेजा गया है। सूत्रों की मानें तो शिक्षक अजीत सामूहिक हत्याकांड की कहानी काफी पहले ही लिख चुका था, बस वह मौके के इन्तजार में था। सूत्र बताते हैं कि अजीत के पिता के पास एक लाइसेंसी और एक अवैध असलहा था। पिता की मौत के बाद लाइसेंसी असलहा जमा हो गया था और अवैध असलहा मां सावित्री के कब्जे में था। इस अवैध असलहे को लेने के लिए अजीत कई बार मां से विवाद कर चुका था। बताया जाता है कि वारदात से एक माह पूर्व ही अजीत ने अवैध असलहे को मां के कमरे से चुरा लिया था। जोकि भाई और उसके परिवार सहित मां की हत्या करने में प्रयुक्त किया गया।

मा व भाई के पूरे परिवार को मारने वाला आरोपी अजीत। अमृत विचार

वादी बनकर पुलिस को किया गुमराह

आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि हत्या के बाद अजीत ने फोन करके अपनी पत्नी, अपने अन्य रिश्तेदारों व गांव के अन्य व्यक्तियों को अपनी बनायी हुई कहानी बतायी। यह सभी फोन सुबह 04.15 बजे से 5 बजे के बीच किये गये जो कि मोबाइल सीडीआर में साफ हो गये हैं। सूचना पर अजीत के रिश्तेदार और मौके पर कुछ ग्रामीण इकट्ठा हो गये। आईजी ने दावा किया कि पूछताछ और ग्रामीणों से यह जानकारी हुई कि अजीत ने घायल बच्चों को ले जाने लिए गाड़ी की चाबी देने में काफी समय व्यतीत किया। आईजी ने बताया कि अजीत ने पुलिस को अपनी पहले से बनाई थ्योरी बताई और पुलिस को तहरीर देकर वारदात का वादी बनकर मृतक भाई अनुराग को ही वारदात का आरोपी बना दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस की जांच पलटी और वादी ही सामूहिक हत्याकांड का आरोपी निकला।

ग्लब्स पहनकर दिया वारदात को अंजाम!

पुलिस सूत्रों की माने तो इस खुलासे पर अंतिम मुहर लगने के बाद अब सवाल यह उठता है कि जब अजीत ने बयान में बताया था कि उसने हत्याकांड को ग्लब्स पहनकर अंजाम दिया था तो बरामदगी में ग्लब्स का शामिल न होना सवाल उठा रहा है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि बुधवार शाम तक खोजबीन के बाद भी ग्लब्स की बरामदगी नहीं हो सकी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि फॉरेंसिक और फिंगर प्रिंट टीम ने अहम साक्ष्य कैसे जुटाए होंगे।

बिजली काटकर की पूरे परिवार की हत्या

अजीत ने पुलिस को बताया कि पहला प्लान फेल होने के बाद उसने रात करीब 2 बजे पहली मंजिल पर बने प्रियंका व बच्चों के कमरे की बिजली का मेन स्विच ऑफ कर दिया। जिससे गर्मी के कारण प्रियंका कमरे से बाहर आ गयी। हत्या से पहले दोनों में बहस के बाद अजीत ने पहले हथौड़ा और फिर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि गोली की आवाज सुनकर जगने के कारण अजीत ने मां की भी हथौड़े से हत्या की क्योंकि अंधेरे में चली गोली मां को नहीं लगने से हथौड़े से अजीत ने प्रहार किया। हत्या की योजना बना चुका अजीत ने भाई अनुराग के कमरे में दाखिल होते ही पहले गोली फिर हथौड़ा मारकर उसकी हत्या कर दी। तत्पश्चात् अजीत ने अनुराग की बड़ी बेटी आर्ना सिंह को साथ ले जाकर यह समझाने की कोशिश की कि उसके पिता द्वारा मां व पत्नी की हत्या कर स्वयं आत्महत्या की है। किन्तु आर्ना नहीं मानी और वह चिल्लाने लगी। अन्य दोनों बच्चे भी चिल्लाने लगे। इस दौरान अजीत ने तीनों को बारी-बारी से ले जाकर छत से नीचे फेंक दिया। फिर नीचे आकर उनके तब तक जिन्दा होने के कारण पुन: हत्या का प्रयास किया। आईजी ने बताया कि पुलिस को दिए गये इकबालिया बयान और तीन बार क्राइम सीन री-क्रिएट करने से सभी तथ्यों का मिलान होने से यह साफ हुआ कि सामूहिक हत्याकांड को अकेले अजीत ने ही अंजाम दिया था।

> सामूहिक हत्याकांड में शामिल शिक्षक अजीत सिंह ने ही अकेले इस सामूहिक हत्याकांड को अंजाम दिया था। किसान क्रेडिट कार्ड के 24 लाख रुपये और परिवार की रायशुमारी में अजीत की उपेक्षा इस वारदात का मुख्य कारण रहा है। आरोपी अजीत को पुलिस ने जेल दिया, साथ ही विवेचना में अन्य बिन्दुओं और भविष्य में मिलने वाले साक्ष्यों को संकलित कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।
>
> -तरुण गाबा, आईजी रेंज लखनऊ

कोर्ट के आदेश पर 4 माह बाद केस दर्ज, 7 माह बाद गिरफ्तारी

संवाददाता, तालगांव, सीतापुर

अमृत विचार। तालगांव कोतवाली इलाके के एक गांव निवासी महिला के पति को दुकान की उधारी का पैसा मांगने पर उसे चार लोगों ने मिलकर जहर पिला दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। पीड़िता ने थाने से लेकर एसपी तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नही किया। पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। चार माह बाद पुलिस ने केस दर्ज किया। केस दर्ज होने के तीन माह बाद चारों को गिरफ्तार किया गया। मदनापुरगढी की सुनीता देवी के अनुसार पति प्रमोद की गांव में दुकान थी। 11 अक्टूबर 2023 को राम सिंह, राम कुमार, श्याम बिहारी उर्फ बिहारी, श्रवण कुमार दुकान पर आये तो उसके पति ने बकाया रुपये मांगे तो चारों ने कहा कि घर चलकर रुपये ले लो। पति उनके साथ चले गए। जब पति घर नहीं आया तब पत्नी व अन्य घर वाले रात्रि में विपक्षियों के घर गये, तो पता चला कि वे लोग घर पर नहीं है। सुबह पता चला कि गांव के बाहर उसके पति मरणासन्न अवस्था में पड़े हैं। प्रमोद ने पत्नी को बताया कि चारों ने मिलकर उसे शराब में जहर पिला दिया है। इतना कहने के बाद उसकी मौत हो गयी। पति की मौत के बाद पत्नी सुनीता देवी ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मोस्टमार्टम तो करा दिया लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

जेल में बंद आजम खां से मिले प्रदेश सचिव

की चर्चा

- **1 घंटे 10 मिनट चली नेताओं की मुलाकात,कागजी दस्तावेज लेकर पहुंचे थे सपा नेता**

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। जिला कारागार में बंद सजायाफ्ता कैदी और पूर्व मंत्री आजम खां से सपा के प्रदेश सचिव और रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान ने गुरुवार को मुलाकात की। मुरादाबाद से आये दो सपा नेताओं ने भी मुलाकात कर उनका हाल जाना है। लोकसभा चुनाव के बीच यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। जेल में करीब 1 घंटे 10 तक चली मुलाकात के दौरान सपा नेताओं ने आजम को कुछ कागजात और खाने की चीजें भेंट कर राजनीति को लेकर गहन चर्चा की।

फर्जी जन्मप्रमाण पत्र मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खां, पत्नी और बेटे को 7-7 साल की सजा जुर्माने के साथ सुनाई थी। रामपुर में दो दिनों तक रहने के बाद आजम खां को सीतापुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। गुरुवार को जेल में मुलाकात के लिए पहुंचे रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान, मुरादाबाद से आये सपा नेता आरिज अख्तर और मोहम्मद सलीम ने आजम से मुलाकात की। जेल में चली मुलाकात के दौरान रामपुर और मुरादाबाद के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। जेल सूत्रों की मानें तो इस दौरान आजम ने लोकसभा चुनाव में चल रही गतिविधि को लेकर भी चर्चा की। लोकसभा चुनाव के दौरान परिवार को छोड़कर राजनीतिक लोगों से आजम की यह तीसरी मुलाकात है।

आजम खां

आजम का सीतापुर जेल से पुराना नाता

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान लगभग डेढ़ साल बाद 22 अक्टूबर 2023 को एक बार फिर सीतापुर जेल शिफ्ट किए गए थे। मालूम हो कि रामपुर में फर्जी आयु प्रमाण पत्र मामले में कोर्ट से सजा मिलने के बाद उनके बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल शिफ्ट कर दिया गया था। इसके बाद उनके पिता आजम खान को सीतापुर जेल भेज दिया गया था। वहीं आजम की पत्नी तंजीम फातिमा रामपुर जिला जेल में ही रखी गई है। 22 अक्टूबर से आजम खां सीतापुर जेल की तन्हाई बैरिक में सजा काट रहे है। इस दौरान वह तीन बार रामपुर कोर्ट भी पेशी के लिए जा चुके है। बताया जाता है कि आजम खान इससे लगभग 27 महीने तक सीतापुर में विचाराधीन बंदी के रूप में बंद रहे थे। इसी जेल में काफी समय तक उनकी पत्नी और बेटे अब्दुल्ला भी उनके साथ रहे थे। आजम खान बीते 20 मई 2022 को जमानत मिलने के बाद सीतापुर जेल से रिहा हुए थे।

सार-संक्षेप

हादसे में बाइक सवार युवक घायल

मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार। बिसवां-सीतापुर मार्ग पर बिसवां की तरफ से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। नरेंद्र अपनी बाइक से घर से मानपुर किसी काम से जा रहा था। बाबा जगमोहन दास मन्दिर के पास सड़क पार करने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें नरेंद्र गंभीर रूप से से घायल हो गया। पुलिस ने उसे बिसवां सीएचसी भेजा।

पुरस्कार देकर मेधावियों का किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रधानाचार्य व मेधावी विद्यार्थी। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। मदरसा इस्हाक बेग किश्वर जहां स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जीशान अहमद खां, सहायक अध्यापक अनूप कुमार, सहायक अध्यापिका, तय्यबा बानो, शीरीन जारा, मुस्कान बानो व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना एवं राष्ट्रगान से हुआ।

स्टॉक में गेहूं देख केंद्र प्रभारियो को लगी फटकार

गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते एडीओ सहकारिता।

तम्बौर सीतापुर, अमृत विचार। गल्ला मंडी में स्थित गेहूं क्रय केंद्रों का एडीओ सहकारिता सिद्धार्थ आर्य ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केंद्र प्रभारी उपस्थित मिले और बी पैक्स बसंतापुर, चंदी भानपुर, तंबौर में किसानों के गेंहू की तौल होते हुई मिली। इसके अलावा बी पैक्स रिहार, चन्दीभानपुर, बसंतापुर, शाहपुर, डीसीडीएफ तंबौर मंडी, बेहटा पकौड़ी केंद्र काफी मात्रा में स्टॉक लगा हुआ पाया गया। जिसको भेजने के लिए संबंधित केंद्र प्रभारियों को फटकार लगाई गई और निर्देशित किया गया कि जल्द अपने परिवहन ठेकेदारों से संपर्क करके गेहूं की डिलीवरी शीघ्र से शीघ्र कराएं।

लापरवाही झील की जमीन पर हो रहा कब्जा, जिम्मेदार अंजान, वेटलैंड दिवस पर महज खानापूर्ति करता है वन विभाग

संकुचित हो गयी बसवैं झील, रूठ गए देशी और विदेशी मेहमान

संवाददाता, महोली, सीतापुर

अमृत विचार। हजारों मील दूर से हर साल इलाके की बसवैं झील में आने वाले सैकड़ो प्रवासी पक्षियों को देखना हर पक्षी प्रेमी का सपना होता है। लेकिन लोगों का यह सपना, सपना ही बनता जा रहा है। जल संरक्षण और पर्यावरण में खिलवाड़ की आंच अब परिंदों तक जा पहुंची है। बसवैं झील पर जो परिंदे हर साल सैकड़ों की संख्या में डेरा डाला करते थे, वह इस साल नदारद हैं। देशी पक्षियों में जलबगुला, टिटहरी, जलकौआ, गौरैया, तोता, मैना, बुलबुल जैसे तमाम पक्षी यहां बड़ी संख्या में दिखाई दे रहे हैं लेकिन प्रवासी पक्षियों ने शगुन के लिए भी यहां पड़ाव नहीं डाला है। यह स्थिति जिम्मेदारों के लिए चिंताजनक है ही, पर्यावरण की नजर से भी गंभीर चेतावनी है।

बसवैं झील में इस समय करीब दो दर्जन सारस हैं। राज्य पक्षी का दर्जा प्राप्त सारस की अठखेलियां देखते ही बनती हैं। सरकारी अभिलेखों में तो बसवैं झील 55 एकड़ में फैली हुई है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। प्रधान देवेन्द्र बताते हैं कि झील करीब 10 एकड़ जमीन जमीन पर पानी बचा है शेष झील सूख गयी है। 10 एकड़ से अधिक जमीन पर लोगों ने कब्जा कर खेत में मिला लिया है। उनके द्वारा 3 बार तहसील में झील का अवैध कब्जा हटाने के लिए गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

तो इसलिए रूठ गये मेहमान !

प्रदूषण की बढ़त, पानी की कमी और मांस के शौकीनों ने प्रवासी और देशी पक्षियों को संकट में डाला है। दलदल में बढ़ती जलकुंभी, झील के किनारे कम होती हरियाली पक्षियों के सहज आवास में बड़ी बाधा है। पानी गंदा होने से उन्हें कीट-पतंगे दिखाई नहीं देते। उन्हें आहार का संकट झेलना पड़ता है। प्रदूषण के चलते छोटी-छोटी-छोटी मछलियां, जीव-जन्तु कीड़े-मकोड़े मर रहे हैं। भोजन चक्र बिगड़ने से पक्षियों की संख्या साल दर साल घटती गई। अब प्रवासी पक्षियों ने यहां से अपना मुंह मोड़ लिया है।

झील के पानी में अठखेलियां करते प्रवासी पक्षी। अमृत विचार

> ये झील ग्राम समाज की है। यहां रुकुंदीनपुर से ज्यादा देशी और राज्य पक्षी सारस की संख्या है। इस झील की ओर कभी शासन का ध्यान नहीं गया। इस झील का अगर सौंदर्यीकरण हो तो क्षेत्र को नई आभा मिल सकती है। वेटलैंड दिवस पर यहां बड़ी संख्या में देशी पक्षी और सारस देखे गये थे।
>
> -केएन भार्गव, क्षेत्रीय वन अधिकारी, महोली रेंज

> झील की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए लेखपालों की टीम गठित की जाएगी और बेदखली की कार्रवाई होगी।
>
> -अभिनव यादव, एसडीएम महोली

अष्टौ गुणा : पुरुषं दीपयन्ति प्रज्ञा च कौल्यं च दम : श्रुतं च।
पराक्रमश्चाबहुभाषिता च दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च ॥

बुद्धि, उच्च कुल, इंद्रियों पर काबू, शास्त्रज्ञान, पराक्रम, कम बोलना, यथाशक्ति दान देना तथा कृतज्ञता- ये आठ गुण मनुष्य की ख्याति बढ़ाते हैं।

संपादकीय

पुतिन की चीन यात्रा

पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बनने के बाद व्लादिमीर पुतिन की चीन यात्रा पर अमेरिका समेत पश्चिम देशों ने नजर जमा रखी है। यूक्रेन युद्ध में रूस के प्रति अपना समर्थन वापस लेने के लिए अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर से पड़ रहे दबाव के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष पुतिन ने गुरुवार को अपने रणनीतिक संबंधों के भविष्य पर बातचीत की। महत्वपूर्ण है कि बातचीत के बाद दोनों देशों ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया जिसमें वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गईं। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को विनाशकारी करार देने के साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। पुतिन की ये यात्रा ऐसे समय पर हो रही है, जब यूक्रेन में रूसी सेना आगे बढ़ती जा रही और नाटो देश सीधे जंग की चेतावनी दे रहे हैं। रूस भी यूक्रेन में एक नए हमले की तैयारी कर रहा है। युद्ध के मैदान में रूस ने रफ्तार पकड़ ली है। पिछले सप्ताह उसने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर हमला करने के स्पष्ट प्रयास के तहत उत्तर-पूर्व में एक नया आक्रमण शुरू किया।

यूक्रेन अमेरिका से नए हथियार मिलने की उम्मीद कर रहा है, लेकिन यह साफ नहीं है कि यह सब रूसी हमले का सामना करने के लिहाज से पर्याप्त होगा या नहीं। पुतिन का तात्कालिक लक्ष्य इस युद्ध को जीतना है, लेकिन उनके पास जीत का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं है। वास्तव में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के चलते भू-राजनीतिक रूप से दुनिया में उथल पुथल है और रूस, चीन के नजदीकी भागीदार के रूप में उभरा है। इसका असर यह हुआ है कि रूस के खिलाफ पश्चिमी गठबंधन और सख्त हो गया है तथा चीन को भी इसका कुछ खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उधर चीन भी यूरोप से संबंध सुधारने की मुहिम में जुट गया है। पश्चिमी प्रतिबंधों की वजह से रूस की अर्थव्यवस्था चीन पर निर्भर हो गई है। साथ ही पश्चिमी देश चीन पर आरोप लगा रहे हैं कि चीन युद्ध में इस्तेमाल होने वाला सामान भी रूस को भेज रहा है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन में उम्मीद जताई कि यूरोप में जल्द ही शांति और स्थिरता लौटेगी और चीन रचनात्मक भूमिका निभाएगा। जानकारों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में चीन यूक्रेन और रूस के बीच शांति समझौते की पहल कर सकता है। क्योंकि युद्ध ने पश्चिम के साथ रूस के रिश्तों को स्थायी नुकसान पहुंचाया है और रूस को चीन के हाथों में धकेल दिया।

लोकतंत्र के उत्सव में कहां है लोक और लोक चेतना

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना है। संविधान बड़ी बात है, किंतु उससे भी बड़ी बात है-लोक चेतना। आत्मा के बिना जैसे शरीर निष्प्राण हो जाता है, व्यर्थ हो जाता है, वैसे ही लोक चेतना के बिना संविधान किताब ही है, जड़ वस्तु और उसकी राष्ट्र के जीवन में कोई सजीव भूमिका नहीं रहती, लालची लोग उसके हजार अर्थ कर देते हैं।

बड़े जोर-शोर के साथ लोकतंत्र के उत्सव की बात कही जा रही है। लोकसभा का चुनाव हो रहा है। कोई नेता संविधान की प्रति को लेकर चिंता जता रहा है तो किसी को हिंदू-मुस्लिम की चिंता है। किसी को अगड़ी-पिछड़ी जातियों की चिंता है। बाजार की शक्तियां हैं, वे चुनाव में पैसा बहा रही हैं। रैलियों और रोड शो में प्रायोजित भीड़ भी है, किंतु भीड़-भीड़ ही होती है, प्रायोजित भी, तदर्थ और तात्कालिक भी। सवाल यह है कि लोकतंत्र के उत्सव में लोक कहां है? लोक चेतना कहां है?

संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना है। संविधान बड़ी बात है, किंतु उससे भी बड़ी बात है-लोक चेतना। आत्मा के बिना जैसे शरीर निष्प्राण हो जाता है, व्यर्थ हो जाता है, वैसे ही लोक चेतना के बिना संविधान किताब ही है, जड़ वस्तु और उसकी राष्ट्र के जीवन में कोई सजीव भूमिका नहीं रहती, लालची लोग उसके हजार अर्थ कर देते हैं। लोक चेतना के अभाव में संवैधानिक संस्थाएं सजावट की वस्तु बन जाती हैं। जिन लोगों के लिए हम वोट देने को पवित्र कर्तव्य बतला रहे हैं, उनका चरित्र सचमुच क्या है? सच-सच बतलाना कि समष्टि जीवन में इन लोगों की भूमिका क्या रही है? क्या ये सचमुच जनता के हितों के प्रहरी बन सकते हैं? या लोकसभा का कोरम पूरा करना है? इसी को लोकतंत्र का उत्सव कहा जा रहा है? विभिन्न चैनल प्रत्येक चुनाव क्षेत्र में जातियों की वोट संख्या बतला रहे हैं। यह लोकतंत्र है या जातितंत्र?

लोक चेतना सामान्य जन की चेतना होती है। विशेष उसमें सम्मिलित होता है, क्योंकि अंततः तो विशेष भी सामान्य ही है। दूध विशेष है, किंतु उसका सामान्य तत्व जल है। विशेष की चेतना विशेष जन और स्थान तक सीमित होती है, कुछ खास-खास लोग या विशेष जन ही उसमें सम्मिलित होते हैं, उसका सरोकार भी सीमित होता है और उसका परिणाम भी सीमित होता, जबकि सर्वसाधारण की चेतना अगणित लोगों की चेतना होती है-कोटि-कोटि कंठ कल-कल निनाद कराले। लोक चेतना में बिना भेदभाव के विविध जाति, विविध वर्ग, विविध संप्रदाय, विविध स्तर सम्मिलित हो जाते हैं। विभिन्न प्रदेशों, जनपदों, जंगलों, पहाड़ों, नगरों, गांवों में यत्र-तत्र-सर्वत्र लोक चेतना का स्वर गूंज जाता है। लोक चेतना विभक्त चेतना नहीं होती, लोक चेतना अविभक्त चेतना होती है। विभक्त चेतना में जाति, वर्ग-वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि और पार्टियों के हित या स्वार्थ का आग्रह होता है। यदि विभक्त चेतना है तो वह जाति चेतना है, मजहबी चेतना है, पंथ चेतना है, वर्ग चेतना है, क्षेत्र चेतना है, संकीर्ण भाषा चेतना है, वह लोक चेतना नहीं है, वह राष्ट्र चेतना भी नहीं है। जाति, वर्ग, वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि की संकीर्ण चेतनाएं लोगों को बहुत जल्दी उत्तेजित करती हैं, किंतु वे लोक चेतना को खंडित करती हैं। राष्ट्रचेतना को विकृत करती हैं। सत्ता का सरोकार लोक मानस-लोक चेतना को विभक्त करता है। व्यक्ति चेतना में निजी लाभ की चेतना होती है, इसलिए उसमें भय और लालच होता है। राजस और तामस भाव होता है, जबकि लोक चेतना का भाव सात्विक होता है।

लोक एकीकरण में जगता है। एक भरोसे की टेर से जगता है। एक आदमी के लिए दूसरा आदमी जान से प्यारा है। इसका मतलब लोक जग रहा है और सभी को अपनी अपनी पड़ी है, कोई किसी का नहीं है। सब सयाने हो गए हैं, इसका मतलब लोक सो गया है। विच्छिन्नता है तो लोक सोया हुआ है।

लोक चेतना का दूसरा महत्वपूर्ण लक्षण है। लोक चेतना सर्व चेतना होती है, सर्वजन-हित अथवा व्यापक सरोकार। व्यापक सरोकार के बिना समष्टि की कल्पना ही नहीं की जा सकती। लोक चेतना में मानुष भाव प्रतिष्ठित होता है। लोक चेतना में वैश्विक-दृष्टिकोण होता है। अभिनव जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा होती है। लोक चेतना में मनुष्य और मनुष्य के संबंध की भी चिंता होती है और मनुष्य तथा प्रकृति के संबंध की भी चिंता होती है। लोक चेतना समग्र चेतना है, वह सामाजिक चेतना भी है, आर्थिक चेतना भी है और सांस्कृतिक चेतना भी है। वास्तव में लोक जागरण या लोक चेतना एक युग से दूसरे युग में संक्रमण का कारण और परिणाम होती हैः युग परिवर्तन। जैसे-भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मध्यकालीन वैचारिक परिवेश से आधुनिक वैचारिक परिवेश में संक्रमण का आंदोलन था। लोक जागरण किसी युग सत्य के प्रयोजन से होता है। जब समूचा जमाना एक अवधारणा को जीवन के प्रयोजन के रूप में स्वीकार कर लेता है। वह उस समय का युग सत्य होता है, जो शब्द लोक जीवन में उतरकर व्यापक बन जाता है, तब उस शब्द का अर्थ भी उतना ही व्यापक बन जाता है जितने लोग अपने-अपने भाव से अपने-अपने परिवेश में उस शब्द को जितने अर्थों में ग्रहण करते हैं। वे सभी अर्थ उस शब्द में प्रतिष्ठित हो जाते हैं। वह अपने युग जीवन का केन्द्रीय सत्य होता है, युग सत्य।

विकास शब्द का कोलाहल है, किंतु विकास क्या है? सबका साथ, सबका विकास, सब का विश्वास और सबका प्रयास बिल्कुल सच बात है, किंतु यदि व्यवहार में सबका विकास, कुछ का विकास न बन जाए तभी यह एक सौ एक प्रतिशत सच है, लेकिन यदि उसमें से "सब" की जगह "कुछ" की प्रतिष्ठा हो जाए तो वह "विकास" केवल शब्द की चकाचौंध ही है। क्या उद्योगों का अव्यवस्थित जाल विकास है? क्या प्रकृति में हस्तक्षेप और छेड़छाड़ विकास है? क्या जंगलों का विध्वंस विकास है? क्या सड़क और रेल का विकास सामाजिकता का विकास है? पर्यावरण को जीवन के लिए समस्या बना देना विकास है? नदियों को विषाक्त बना देना विकास है? क्या सुरसा की तरह विषमता के प्रसार का नाम विकास है? लोगों का जीवन स्तर इतना गिर जाए कि उनको मुफ्त में पांच किलो या दस किलो अनाज की खैरियत या रहामत मिले, क्या इसका नाम विकास है? लोक चेतना को जगाए बिना विकास का अर्थ ही क्या है? लोक चेतना में अध्यात्म का सूत्र अंतर्निहित होता है। सच तो यह है कि लोक चेतना अध्यात्म है। सच यह है कि आस्था के बिना लोक चेतना जगती भी नहीं, सर्व के प्रति आस्था, समष्टि के प्रति आस्था, सामान्य के प्रति आस्था। मनुष्य और मनुष्य के बीच सघन संबंध और परस्पर भरोसा अध्यात्म की ही देन है। अध्यात्म का माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है जिसमें सर्व समाया हुआ है जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। उदाहरण के लिए आजादी की लोक चेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी, सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्र वाक्य बना-सत्यमेव जयते। सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है। सच्चाई, ईमानदारी, सामाजिकता का भाव, श्रम, समानता, लोक कल्याण स्वतंत्रता आंदोलन के जीवन-मूल्य हैं। लोक चेतना का एक महत्वपूर्ण लक्षण और है-लोक जीवन की निरंतरता या परंपरा।

लोक मानस मिथकीय बिंब और मिथकीय भाषा में सोचता है। मिथक समष्टि को आंदोलित करता है, प्रेरित करता है, उत्तेजित करता है। लोकभावों का संचार करता है। भारत माता की जय। यह कोटि-कोटि जन की एकता का मंत्रघोष है। भारत माता की जय। यह सामूहिकता का भावसूत्र है। सामूहिक-स्वीकृति का कोई विकल्प नहीं होता। अन्याय-अत्याचार-विषमता के विरुद्ध बगावत का इतना प्राणवान स्वर दूसरा और कौन सा है? इस मंत्रघोष ने जनता को जगाया उसमें प्राणों का संचार किया। लोक चेतना दिखती नहीं है, किंतु बिजली के करंट की तरह काम करती है। लोक जागता भी है, किंतु हर समय जगा नहीं रहता। सोता है, तब सो भी जाता है।

लोक एकीकरण में जगता है। एक भरोसे की टेर से जगता है। एक आदमी के लिए दूसरा आदमी जान से प्यारा है। इसका मतलब लोक जग रहा है और सभी को अपनी अपनी पड़ी है, कोई किसी का नहीं है। सब सयाने हो गए हैं, इसका मतलब लोक सो गया है। विच्छिन्नता है तो लोक सोया हुआ है। इस समय लोक विच्छिन्न है, सोया हुआ है। संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना। लोक चेतना ः जिसका न आयात हो सकता है और न निर्यात।

प्रसंगवश

आलोचना और विपक्ष की भूमिका

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

सरकार के अनुचित कदमों और कामों की जमकर आलोचना होनी चाहिए, लेकिन आलोचना उचित होनी चाहिए। अनुचित कदमों और कामों की अनुचित आलोचना या सरकार के खिलाफ अनुचित विरोध प्रदर्शन सेल्फ-डिफीटिंग होता है। खासकर तब जब सरकार में अपने अनुचित कदमों और कामों का औचित्य सिद्ध करने के लिए ऐसी आलोचनाओं की नियत और गुणावगुण को लेकर आलोचक की जमकर खिंचाई करने की प्रवृत्ति और क्षमता हो। साथ ही एक बड़ा वर्ग उसे मानने को तैयार बैठा हो। तब सरकार ऐसे आलोचकों की अविश्वसनियता का डंका पीट-पीट कर उन्हें अविश्वसनीय मनवा लेती है। ऐसे में सरकार की सही आलोचनाओं को भी अविश्वसनीय माना जाने लगता है और सरकार को ऐसी आलोचना से राजनीतिक हानि के बजाय राजनीतिक लाभ होने लगता है। मनुष्य का स्वभाव दूसरों से अपेक्षा का मानदंड बहुत ऊंचा रखता है। अपने लिए कोई मानदंड रखता ही नहीं, सहज प्रवृत्तिवश जो भी उससे हो जाए, वही उसके लिए मानदंड है। इसमें असहज होने की कोई बात नहीं, अमूमन लोग ऐसे ही पाए जाते हैं। फेसबुक ने इस बात को सूरज की रोशनी की तरह स्पष्ट कर दिया है। बड़बोले, बड़बड़िया और छद्म लोगों की बाढ़ लाने में इसने बड़ा योगदान दिया है। इसलिए कि ऐसे लोग अपने जीवन में क्या और कैसे करते हैं? इसे जानने का कोई सुराग नहीं होता। गरीबों, पीड़ितों, मजलूमों का मसीहा बनने में एक टका नहीं जाता, बस सुंदर भाषा आनी चाहिए। नफरत मनुष्य का सहज गुण है। किसी न किसी से नफरत पाले बिना जीवन निःसार लगता है।

नफरत प्रेम की तरह ही अंधी होती है। प्रेम की तरह ही नफरत की गिरफ्त में पड़े लोग उसके नाना रूपों को फैंटेसाइज करने की प्रवृत्ति रखते हैं। फिर इन्हीं फैंटेसीज को सत्य की तरह प्रस्तुत कर टारगेट के प्रति भड़ास निकालने का मौका खोजते रहते हैं। ऐसे में यदि नफरत का टारगेट मूढ़ता या उन्माद में उनकी मदद करने लगे तो समझ लीजिए, वह बिना समझे अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने में लग गया है।

झूठे-भ्रामक विज्ञापनों की जालसाजी


डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

भ्रामक विज्ञापनों को लेकर दर्शक रिपोर्ट भी करते हैं, लेकिन कोई एक्शन नहीं होता। ऐसे विज्ञापनों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध की सख्त दरकार है।

देशभर में झूठे, भ्रामक, फरेब, जालसाज जैसे विज्ञापनों का मामला गर्माया हुआ है। चाहे टीवी हो, अखबार हो या सोशल मीडिया हर जगहे झूठे एड भरे हैं। झूठे विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए तमाम सख्त नियम मौजूद हैं। कानून भी हल्के नहीं, कठोर हैं, लेकिन सभी हाथी के सफेद दांत जैसे निष्क्रिय ही हैं? निष्क्रिय क्यों हैं या किए हुए हैं! इस गणित को भी आसानी से समझ सकते हैं।

दरअसल 'झूठा विज्ञापन तंत्र' कइयों की जेबें भर रहा है। एक पूरी चेन है इस खेल में? विज्ञापन कंपनियां से लेकर नामचीन हस्तियां, आर्टिस्ट व सरकारों का सीधा वास्ता है, सभी मिलकर मोटा माल काट रहे हैं। ताज्जुब होता है कि ऐसी फिल्मी हस्तियां जो शराब नहीं पीती, लेकिन दारू का विज्ञापन करती हैं। ऐसे क्रिकेटर जो गुटखा-खैनी को हाथ तक नहीं लगाते? पर पैसों की चाह में उसका एड करते हैं। ऐसे भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध और हस्तियों पर जुर्माने का दिखावा-डर कैसे दिखाया जाता है जिसका ताजा उदाहरण सामने हैं।

आज से पांच वर्ष पहले, जब उपभोक्ता संरक्षण कानून-1986 को रिफार्म करके केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में नए कानून उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 के रूप में इस नियत से पारित किया था कि अब झूठे विज्ञापनों पर पूर्ण विराम लगेगा, लेकिन दुर्भाग्य वैसा हो न सका। तब नियम तो ऐसे बनाए गए थे कि किसी ब्रांड का अगर कोई नामचीन व्यक्ति झूठा एड करेगा, उस पर 10 लाख रुपये का जुर्माना या पांच वर्ष तक की जेल भी हो सकती है। वो बदला हुआ कानून भी कराह रहा है। मौजूदा समय में टीवी के पर्दे झूठे विज्ञापनों से भरे पड़े हैं। सवाल उठता है, क्या उन्हें सरकार की निगरानी समिति नहीं देखती? जरूर देखती है, लेकिन देखकर अपनी आंखें मूंद लेती हैं। बीते कुछ महीनों में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की विज्ञापन निगरानी समिति ने खाद्य व्यवसाय ऑपरेटरों के जरिए भ्रामक दावों वाले करीब तीन दर्जन केसों की पहचान की और ये सिलसिला रूका नहीं, बल्कि तेजी से आगे बढ़ रहा है। समिति केंद्र सरकार को अप्रोच करती है कि रोकथाम लगाए, लेकिन उनकी भी कोई नहीं सुनता? झूठे विज्ञापन के लिहाज से हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने अब तक का सबसे बड़ा मामला एक्सपोज किया।

भ्रामक विज्ञापन प्रसारित करने पर बाबा रामदेव द्वारा संचालित कंपनी 'पतंजलि आयुर्वेद' को तगड़ी फटकार लगाई, उनकी मार्केटिंग गतिविधियों पर प्रतिबंध भी लगाया। सरकार को कमर कसना होगा, वरना चीजें और बिगड़ेंगी। बाएं हाथ का खेल है हुकूमतों का? हर्जाना और सजा दोनों बिना देर किए एक्टिव की जाएं। हालांकि कंपनियां और हुकूमतें भी अच्छे से जानती हैं कि ये धंधा गंदा है, जनता परेशान है, पर क्या करें, अंधी कमाई के सामने वो भी नतमस्तक हैं। पतंजलि केस को सुप्रीम कोर्ट में 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने दायर किया था। उनका आरोप है कि पतंजलि ने एलोपैथिक चिकित्सा को बदनाम किया है। कोविड-19 के दौरान टीकों के बारे में गलत जानकारी देश में फैलाई। यद्यपि इस मामले में चारों तरफ से जब बाबा रामदेव फंसे तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से मांफी भी मांगी, पर कायदे से देखें तो उनकी माफी इस बात पर मुहर लगाती है कि उनकी मंशा झूठे दावों की आड़ में क्या करने की रही होगी? पतंजलि का मामला इसलिए उजागर हुआ, क्योंकि उसे 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने कोर्ट में खदेड़ा था। वरना शिकायतें और भी बहुतेरे पीड़ित करते हैं जिनकी सुनवाई कोई करना मुनासिब नहीं समझता? एक बात पल्ले नहीं पड़ती कि पढ़ा-लिखा और जागरूक समाज भी भ्रामक विज्ञापनों के चंगुल में फंस रहा है। ये सोची समझी साजिश ही है।

बहरहाल झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर जैसे ही हमले होने शुरू हुए, उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया है। सोशल मीडिया की घेराबंदी कर ली। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर भद्दे, अश्लील और अशोभनीय विज्ञापनों की मौजूदा समय में भरमार है। लिंग वृद्धि, स्टेमिना बढ़ाना, मर्दाना जोश बढ़ाना, लंबाई-ऊंचाई में वृद्धि करने जैसे तमाम असभ्य विज्ञापन इस वक्त दिखाई पड़ते हैं। इन पर प्रतिबंध लगाना केंद्र सरकार के लिए कोई बड़ी बात नहीं? भ्रामक विज्ञापनों को लेकर दर्शक रिपोर्ट भी करते हैं, लेकिन कोई एक्शन नहीं होता। ऐसे विज्ञापनों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध की सख्त दरकार है। अगर दिक्कत है तो इस आफत को भी 'एआई' तकनीक से काबू करना चाहिए।

सोशल फोरम

शुभ मुहूर्त...

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

कभी कभी फिल्मों में एक दृश्य आपने देखा होगा। पति बाथरूम में नहा रहा है और अंदर से ही आवाज लगा पत्नी को तौलिया देने को कहता है। फिर पति तौलिया देने आई पत्नी का हाथ पकड़ उसे बाथरूम में खींच लेता है। अब आगे मत पूछिए नव दंपतियों के शुरुआती दांपत्य जीवन के ऐसे बहुत से किस्से होते हैं, जहां जवानी के आवेगों के बस में कपल ऐसी हरकतें करते हैं।

ऐसा कमोबेश सभी के जीवन में घटा होगा। इससे कम ही लोग इंकार कर पाएंगे। अब सवाल है कि क्या इन हरकतों से पहले किसी ने भी घड़ी देखी, शुभ-अशुभ पर विचार किया। मुझे नहीं लगता कि ऐसा करना या सोचना भी किसी को याद रहा होगा। ऐसा क्यों है कि प्रकृति की सबसे खूबसूरत नेमत के वक्त हमें वक्त, शुभ-अशुभ का ध्यान नहीं रहता, लेकिन बाकी जिंदगी में हम शुभ अशुभ वक्त के चक्कर में पड़े रहते हैं। व्रत-रोजा अच्छी बात है, लेकिन सहरी और इफ्तार का वक्त मुकर्रर होने की वजह मुझे समझ नहीं आती। इसका रोजे से मिलने वाले सवाब से क्या संबंध है? इसका खुलासा कोई विद्वान मित्र करें। ऐसा ही कुछ बहुसंख्यकों के धर्म में व्रत-उपवास और किसी खास शुभ घड़ी में ही पूजा-पाठ त्योहार मनाना बताया गया है। यहां तो शादी-ब्याह भी कुंडली और शुभ लग्न देखकर ही तय किए जाते हैं। अब इसमें एक बड़ी रोचक बात पता लगी कि पंचांगों में ग्रहों की जिन स्थितियों के आधार पर गणना कर मुहूर्त निकाला जाता है। दरअसल ग्रहों की वास्तविक स्थिति उससे अलग होती है। इसमें लगभग पांच दिन का अंतर होता है।

पंचांगों के अनुसार सूर्य मकर में 15 जनवरी को प्रवेश करता है, जबकि वास्तव में ये 19/20 जनवरी को होगा। अब सवाल बड़ा सीधा है कि पंचांगों के अनुसार दिखाई गई गलत ग्रह स्थितियों के आधार पर सही मुहूर्त कैसे निकलेगा? क्या शुभ मुहूर्त एक विश्वास के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं जिसका हकीकत से कोई संबंध नहीं। आखिर बहुसंख्यक आबादी अगर इस पर विश्वास करती है तो इसकी वजह क्या है? और जो ये सब नहीं मानते उनका क्या बिगड़ गया और जो मानते हैं उनका क्या बन गया? **-फेसबुक वॉल से**

कर्तव्यों के पालन में जीवन की सार्थकता


हरिकांत त्रिपाठी
सेवानिवृत्त आईएएस

मेरे रिटायरमेंट के बाद ऐसे अनेक अवसर मिले जब मुझे समाज के प्रति योगदान ने अपनी सार्थकता की प्रतीति कराई। मेरा मानना है कि कोई इंसान रिटायर्ड हो जाने से अगले ही दिन फ्यूज बल्ब नहीं हो जाता।

सोशल साइट पर एक पोस्ट पढ़ रहा था कि एक रिटायर्ड आईएएस सज्जन अपने गृहनगर, जो अपेक्षाकृत छोटा शहर था, में सपरिवार किसी मजबूरी में रहने चले गए। अमूमन वे पार्क में घूमते वक्त लोगों से मिक्सअप नहीं होते थे, केवल एक-दूसरे बुजुर्ग सज्जन से कभी कभार बातें करते थे तो अक्सर अपने आईएएस होने की डींग हांकते और इस शहर के छोटी जगह होने को लेकर अपनी हिकारत व्यक्त करते रहते थे। एक दिन उन बुजुर्ग सज्जन ने पूर्व आईएएस अधिकारी को समझाया- देखिए भाई, जो रिटायर्ड हो जाता है वो फ्यूज बल्ब हो जाता है।

फ्यूज होने के पहले वो किस कंपनी का था, क्या कीमत थी, कितनी रोशनी देता था, आदि महत्वहीन और मूल्यहीन हो जाते हैं। उन बुजुर्ग सज्जन ने आगे बताया कि वे कभी किसी को यह नहीं बताते कि वे दो बार सांसद रह चुके हैं, उन्होंने बहुत सारे अन्य वॉकर्स की ओर इशारा करके बताया कि वे सब रिटायरमेंट के पूर्व बड़े-बड़े महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत थे, पर अब सामान्य नागरिक बन चुके हैं और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। मुझे यह बेहद व्यावहारिक बात लगी कि रिटायरमेंट के बाद अपने पदीय रुतबे को पूरी तरह त्यागकर सामान्य नागरिक की तरह रहना चाहिए, पर यह रिटायरमेंट के बाद ही क्यों? इंसान को तो हमेशा अपने को आम आदमी महसूस करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इसके बड़े फायदे हैं। मैंने अपनी सेवा के आखिरी नौ साल सचिवालय में बिताए और सेवानिवृत्ति के दिन मेरे सरकारी ड्राइवर ने मेरी पत्नी से कहा कि उसने अपनी लंबी सेवा अवधि में बहुत सारे अधिकारियों को सेवानिवृत्त होते देखी है, पर इतने सहज भाव में प्रसन्नता से सेवानिवृत्त होते किसी को नहीं देखा। मैं जब लंबी अवधि में सचिवालय के महत्वहीन पद पर कार्यरत था तो मेरे लिए सेवानिवृत्त होने पर किसी अतिरिक्त महत्वहीनता महसूस होने का अवसर ही नहीं था। मेरे तमाम साथी जिलाधिकारी, कमिश्नर और विभागाध्यक्षों के महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर रहे थे और निश्चय ही जब वे सेवानिवृत्त हुए होंगे तो उनमें से बहुतों को लगा होगा कि उन्हें आसमान से एकाएक धरती पर पटक दिया गया। मैं अब भी रोज सायं जब पैदल भ्रमण पर निकलता हूं तो पार्क के अतिरिक्त बाजार, सब्जी मंडी, फल की रेहड़ियों तक भी जरूर जाता हूं। तमाम सारे दुकानदार, रेहड़ी वाले, सब्जी मंडी के दुकान वाले न मेरा नाम जानते हैं और न मेरी पृष्ठभूमि, पर वे प्रायः मुझे देख कर खुश हो जाते हैं और उनमें से बहुत सारे बाबूजी नमस्ते भी बोलते हैं और मैं उनसे बहुत प्यार से भैया, बेटा कहकर बात करता हूं, दोनों पक्षों को अच्छा लगता है। फ्यूज बल्ब वाले उदाहरण से मैं सहमत नहीं हो पाता। फ्यूज बल्ब मतलब निष्प्रयोज्य जिसकी जगह कूड़ेदान में हो। क्या वाकई रिटायर्ड होते ही एकाएक कोई निष्प्रयोज्य हो जाता है? मैं अपने परिवार के लिए तो अब भी बहुत काम का हूं। अनेक विशेष कामों के अलावा रोजमर्रा की जिंदगी को चलाने के लिए भी मेरी परिवार में बड़ी उपयोगिता बनी हुई है। परिवार के अलावा मैं समाज के लिए भी अभी अपनी भूमिका को सार्थक पाता रहता हूं।

तीन चार दिन पहले मेरे एक मित्र घर आए और बोले कि उनकी बेटी को कनाडा की परमानेंट रेजिडेंटशिप लेनी है जिसमें बर्थ सर्टिफिकेट की आवश्यकता है। चुनाव की व्यस्तता के कारण काशीपुर (उत्तराखंड) के एसडीएम साहब के आदेश नहीं हो पा रहे हैं, लगता है मेरी बेटी का आवेदन बर्थ सर्टिफिकेट के अभाव में रिजेक्ट हो जाएगा। मैंने एसडीएम साहब को फोन कर उनकी समस्या बताई तो उन्होंने सहृदयतापूर्वक अगले दिन ही आदेश कर दिया। करीब ढाई महीने पहले मेरे बचपन के मित्र आचार्य जी को मेजर हार्ट अटैक पड़ा। वे सेवानिवृत्त शिक्षक हैं और फैजाबाद में रहते हैं। उनका जीवन बेहद सात्विक है और वे मजबूत शरीर के पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति हैं। फैजाबाद में प्राथमिक चिकित्सा के बाद घर वाले उन्हें डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल गोमती नगर ले आए जहां आधा तो वे मुझे देखकर ही स्वस्थ महसूस करने लगे। उनकी एंजियोग्राफी वगैरह कराकर एंजियोप्लास्टी करा दी गई और फैजाबाद अगले ही दिन वापस लौट गए। बीच- बीच में वे नियमित चेकअप के लिए आते रहे और अब लगभग ठीक हो चुके हैं।

अमेठी के तेईस वर्षीय युवा पांडेय जी को मैं फेसबुक पर जानता था। लगभग छह महीने पहले पता चला कि उनके हृदय का वाल्व एकदम खराब हो गया है, उसे रिप्लेस करवाना पड़ेगा जिसमें लगभग चार पांच लाख रुपए लगेंगे। पांडेय जी अद्भुत विद्वत्ता और प्रतिभा संपन्न हैं, पर निर्धनता इतनी है कि वे हताशा में डूब गए। उनका आयुष्मान कार्ड बनवाकर पीजीआई में उनका वाल्व बदलवा दिया गया और अब वे पूर्ण स्वस्थ हो गए हैं।

मेरे रिटायरमेंट के बाद ऐसे अनेक अवसर मिले जब मुझे समाज के प्रति योगदान ने अपनी सार्थकता की प्रतीति कराई। मेरा मानना है कि कोई इंसान रिटायर्ड हो जाने से अगले ही दिन फ्यूज बल्ब नहीं हो जाता। यह व्यक्ति की सोच पर निर्भर करता है कि वह एक सार्थक जीवन जीता है या फ्यूज बल्ब बनना चाहता है, इसका नौकरी में रहने या रिटायर होने से कोई लेना-देना नहीं है।

बैंकों की प्रमुख जिम्मेदारी

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के नवरत्न कहे जाने वाले उपक्रमों में से एक राष्ट्रीयकृत बैंकों के मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष के मुनाफे के आंकड़े जारी किए। इन 12 राष्ट्रीयकृत बैंकों ने एक बार फिर नए प्रतिमान स्थापित करते हुए 1.41 लाख करोड़ का शुद्ध मुनाफा दर्शाते हुए अपनी उपयोगिता सिद्ध कर दी है। यह ऐतिहासिक प्रदर्शन सार्वजनिक उपक्रमों पर जनता के भरोसे को भी दर्शाता है। इस मुनाफे में सबसे बड़ा हिस्सा सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक का ही है।

यह लाभ कुल 61077 करोड़ है, जबकि यूनियन बैंक ने रुपये 13649 करोड़, पंजाब नेशनल बैंक ने 8249 करोड़ रुपये और सेंट्रल बैंक ने कुल रुपये 2549 करोड़ लाभ अर्जित किया। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक ने इसी वित्तीय वर्ष में 300 नई बैंक शाखाएं और खोलने तथा 15000 नई नियुक्तियों का भी ऐलान किया है। यह अभूतपूर्व मुनाफा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों, कुशल प्रबंधन और स्टाफ के भरपूर योगदान से ही मुमकिन हो सका है। इसका श्रेय खराब ऋण (एनपीए) की वसूली को भी दिया जाना चाहिए।

अब देखना होगा कि इस उल्लेखनीय मुनाफे के मद्देनजर स्टेट बैंक की तरह अन्य बैंक भी जो स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। क्या नई भर्ती की सौगात देंगे। क्योंकि विगत समय में बैंकों में स्टाफ की अत्यधिक कमी देखने को मिल रही है। 2014 में बैंकों का कुल स्टाफ 842813 था, जो मार्च 2023 तक घटकर 785892 रह गया है। अच्छे मुनाफे के साथ नए स्टाफ की भर्ती बैंकों की प्रमुख जिम्मेदारी होनी ही चाहिए।

एक नजर

फैशन बनता जा रहा हूटर बजाकर चलना

बेलसर, अमृत विचार : जांच की आंच से बेखबर युवा काले फिल्म वाली गाड़ियों में हूटर बजा कर चलने में अपनी शान समझते हैं। विभाग की लाचारी कहें या ऊंची पहुंच का नतीजा, सड़क पर गांव की गलियों से लेकर गोंडा के छोटे छोटे बड़े कस्बों में काली फिल्म वाली गाड़ियां बिना किसी डर के हूटर बजाते हुए फर्राटे भर रहे हैं। लेकिन पुलिस हूटर बजा कर चलने वालों पर कार्यवाही नहीं कर पा रही है। वहीं हूटर वाली गाड़ियों के नियमित आवागमन से लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

शिविर में 103 लोगों के आंखों की हुई जांच

रुपईडीह, अमृत विचार : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल गौतम ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न गांवों को मिलाकर 103 नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि जांच के बाद नौ नेत्र रोगियों में मोतियाबिंद पाया गया। इन सभी नेत्र रोगियों को आगामी 27 मई को ऑपरेशन के लिए अयोध्या चिकित्सालय भेजा जाएगा।

पीएचसी रुपईडीह में लगाए गए आठ कैमरे

रुपईडीह, अमृत विचार : पीएचसी परिसर में अपराधियों के गमनागमन पर अंकुश लगाए जाने के लिए आठ सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। चिकित्साधीक्षक डा. अजय कुमार यादव ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशानुसार आठ कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन कैमरों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था पर नियमित रूप से निगरानी की जाएगी।

लविवि : चौथे में पूछ लिए छठे सेमेस्टर के सवाल

बीए उर्दू विषय की परीक्षा में बरती गयी लापरवाही

लखनऊ विश्वविद्यालय

- हंगामे पर परीक्षा निरस्त, अब 8 जून को होगी, प्रश्न पत्र निर्माता और मॉडरेटर को नोटिस
- लखनऊ सहित 5 जिलों में 2000 विद्यार्थी दे रहे थे परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों में गुरुवार को हुई बीए उर्दू के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में छठे सेमेस्टर के सवाल पूछ लिये गए। छात्रों ने हंगामा किया तो विवि प्रशासन ने परीक्षा निरस्त कर दी। अब यह परीक्षा 8 जून को होगी। साथ ही प्रशासनिक जांच बिठाते हुए प्रश्न पत्र निर्माता और मॉडरेटर को नोटिस जारी किया गया है।

लखनऊ सहित 5 जिलों में 2000 छात्र-छात्र गुरुवार को प्रथम पाली में बीए चतुर्थ सेमेस्टर के उर्दू की परीक्षा देने पहुंचे। प्रातः 9:00 बजे परीक्षा आरंभ हुई। प्रश्न पत्र वितरित हुआ तो छात्रों के पैरों तले जमीन खिसक गई, चौथे सेमेस्टर के प्रश्न पत्र में छठे सेमेस्टर के प्रश्न पूछ लिये गए थे। फिर क्या था, हंगामा शुरू हो गया। अफरातफरी के बीच सूचना परीक्षा केन्द्र प्रभारी के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी तक पहुंची। फिर प्रश्न पत्र बनाने से लेकर मॉडरेटर तक से सवाल-जवाब किए गए। संबद्ध महाविद्यालयों में बढ़ता बवाल कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय तक पहुंचा। कुलपति के निर्देश पर आनन-फानन में परीक्षा को निरस्त करने के आदेश परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी किए गए। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा को निरस्त करते हुए प्रश्न पत्र निर्माता और मॉडरेटर को नोटिस जारी किया गया है।

साहब को पता नहीं और छप गए पेपर

लखनऊ विश्वविद्यालय की परीक्षाएं एक बार फिर चर्चा में हैं। प्रश्न पत्रों को तैयार होने से लेकर वितरण तक कई विभागीय प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। बड़ा सवाल है कि यदि उर्दू विभाग से जुड़े किसी शिक्षक ने प्रश्न तैयार किया तो लखनऊ विवि के विभागाध्यक्ष ने उसे बगैर जांच किए कैसे अनुमति दे दी। फिर मॉडरेटर ने क्या किया। इतना ही नहीं कई अन्य प्रक्रियाओं के बाद उसका प्रकाशन भी कैसे हो गया। गंभीर प्रकरण में जवाब को लेकर परीक्षा नियंत्रक सहित कई अन्य जिम्मेदार बचते नजर आए।

शिया पीजी कॉलेज के विभागाध्यक्ष ने तैयार किया था प्रश्नपत्र

लखनऊ विवि से संबद्ध शिया कॉलेज के उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. नाजिम हुसैन खान ने प्रश्न पत्र तैयार किया था। इस बात को लेकर जब उनसे फोन पर बात की गई तो उन्होंने प्रश्न पत्र तैयार करने की बात को स्वीकार की लेकिन गड़बड़ी के सवाल पूछने पर फोन स्विच ऑफ कर लिया। यही स्थिति लखनऊ विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के फाजिल अहसन हाशमी के साथ रही। सवाल पूछते ही बोले कि परीक्षा नियंत्रक जाने और फिर फोन बंद कर दिया। हालांकि, गंभीर प्रकरण में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने त्वरित कार्रवाई की। इसी के बाद शिया पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस शबीहे रजा बाकरी ने विभागीय जांच कराए जाने की बात कही। उधर, विभाग की ओर से कानूनी कार्रवाई को लेकर भी देर रात तक चर्चाओं का दौर चला।

विवि की परीक्षा में बंट चुकी हैं कानपुर विवि की ओएमआरशीट

बीते सप्ताह लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालय में आयोजित परीक्षाओं में छत्रपति साहूजी महाराज (सीएसजेएम) विश्वविद्यालय की ओएमआर शीट बंट चुकी है। इसमें भी कक्ष निरीक्षक, केन्द्र व्यवस्थापक सहित एक प्रिंटिंग प्रेस पर सवाल खड़े हुए थे।

पांच जनपदों के दो हजार के करीब छात्रों ने किया था प्रतिभाग

लखनऊ विश्वविद्यालय के अलावा लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई और रायबरेली जनपदों के महाविद्यालयों में करीब दो हजार छात्रों ने उर्दू के चतुर्थ सेमेस्टर के प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा में भाग लिया था।

मातृत्व वंदना योजना का नहीं मिल रहा लाभ

रुपईडीह, अमृत विचार: श्री रग्घू बाबा सेवा आरोग्य संस्थान घुचुआपुर के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत आवेदन पत्र न लिए जाने से की शिकायत मुख्य चिकित्साधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत विभिन्न गांवों को मिलाकर आवेदक आवेदन पत्र भरकर स्वास्थ्य केंद्र पर जमा करने के लिए स्वास्थ्य केन्द्र आ रहे हैं लेकिन यहां पर कर्मियों द्वारा यह कहकर आवेदन पत्र लेने से मना कर दिया जाता है कि आवेदन पत्र यहां नहीं लिया जा रहा है।

बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

संवाददाता, बेलसर

अमृत विचार: बेलसर-गोंडा मार्ग पर बुधवार रात बाइक की टक्कर से 58 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली देहात क्षेत्र के लौव्वा टेपरा नगिया गांव निवासी 58 वर्षीय जमुना प्रसाद पाण्डेय पुत्र देव नारायण को बुधवार रात गांव के निकट बेलसर गोंडा मार्ग पर सड़क पार करते समय बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए परिजन एक निजी अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि घर के सामने श्रीमद् भागवत कथा हो रही थी वहीं गए थे, वापस लौटते समय घटना घट गई। मृतक के तीन बेटे हैं।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार चार लोग घायल, रेफर

संवाददाता, करनैलगंज, अमृत विचार : बृहस्पतिवार को करनैलगंज-शाहपुर मार्ग पर बेलवा सम्मय टेपरा के पास आमने सामने दो बाइक भिड़ंत में चार लोग जख्मी हो गए। चिकित्सक ने घायलों के नाजुक हालात को देखते हुए गोंडा रेफर कर दिया। घाघरा घाट के रहने वाले ऊदल अपने बुआ के यहां कुतुबपुर गोड़ियन पुरवा आये थे। जो यहीं के शिवा के साथ करनैलगंज बाजार बाइक से आये थे और वापस लौट रहे थे, वहीं दूसरी तरफ से बहुवन मदार माझा निवासी राममिलन बाइक पर बाबूलाल को बैठाकर करनैलगंज की तरफ आ रहे थे। दोनों बाइक सवारों में सरयू महाविद्यालय के आगे सम्मय माता मंदिर के पास आमने सामने भिड़ंत हो गई। कोई हेलमेट नहीं लगाए हुए थे जिससे सभी गम्भीर घायल हो गए। विवेक सिंह, शिवम सिंह ने एम्बुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहाँ सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अनुज व डॉक्टर इमरान मोईद ने प्राथमिक इलाज कर सभी को गोंडा रेफर कर दिया।

अब महिलाओं का अलग पंजीकरण काउंटर

मेडिकल कॉलेज में पहले एक ही काउंटर पर होता था महिलाओं व पुरुषों का पंजीकरण

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: मेडिकल कालेज में क्षेत्रीय निदान केंद्र में एक ही काउंटर पर महिला ,पुरुष रोगियों का पंजीकरण होता था, इससे काफी भीड़ हो जाती थी। इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत भी हुई थी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन में महिलाओं के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था की है जिससे महिला मरीजों को सहूलियत मिल रही है। क्षेत्रीय निदान केंद्र के पंजीकरण काउंटर को बदल दिया गया है। महिलाओं के लिए अलग पंजीकरण काउंटर खोला गया है। अभी एक ही काउंटर पर पंजीकरण होने से रोगियों को दिक्कत का सामना करना पड़ता था।

मेडिकल कॉलेज में खुला महिलाओं के लिए अलग काउंटर। अमृत विचार

काउंटर गैलरी में होने से लाइन नहीं लग पाती थी, इससे रोगियों को मुश्किल होती थी। अब काउंटर को केंद्र के मुख्य गेट के सामने खोला गया है। महिला व पुरुष का अलग-अलग पंजीकरण किए जाने की व्यवस्था की गई है। थायराइड सहित दूसरी मशीनों को ठीक करा दिया गया है। चिकित्साधीक्षक डा. एमडब्ल्यू खान ने पंजीकरण काउंटर का निरीक्षण कर आपरेटर से व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पंजीकरण कर रहे कर्मियों को निर्देश दिया कि मरीज को कोई समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान दिया जाए। महिलाओं के साथ सहूलियत से बात की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार मरीजों की समस्याओं पर लेकर गंभीर है मेडिकल कॉलेज में समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाता है अलग काउंटर बनने से पंजीकरण में आसानी होगी। प्रधानाचार्य डा. धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने ने कहा कि खून की जांच के लिए दो पंजीकरण काउंटर खोले गए हैं।

मानकविहीन हो रहा इंटरलॉकिंग कार्य

की गयी शिकायत

संवाददाता कुतुबनगर, सीतापुर

अमृत विचार। दो वर्ष पूर्व इंटरलॉकिंग के कार्य को पूर्ण दिखाकर योजना की लागत की रकम बंदरबांट करने का आरोप एक युवक ने जिम्मेदारों पर लगाया है। युवक ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत के बाद जिम्मेदारों ने कार्य तो शुरू करा दिया पर मानकों को फिर भी ताक पर रख दिया।

मामला विकास खण्ड मिश्रिख के ग्राम सभा लोहारखेड़ा का है। आईजीआरएस के माध्यम से दर्ज शिकायत में कहा गया कि वर्ष 2021-22 में परशुराम के घर से रामेंद्र के घर तक और शैलेंद्र के घर से छोटे मुन्ना के घर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण प्रस्तावित था, लेकिन आरोप है कि गली वैसी ही रह गई और लागत का जिम्मेदारों ने बंदरबांट कर लिया। इस बात की शिकायत गांव निवासी युवक ने 13 अप्रैल को आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री पोर्टल पर की। इस संबंध में त्रिस्तरीय जांच कमेटी बनाकर मामले की जांच की गई तो भ्रष्टाचार का मामला सत्य पाया गया। बीडीओ ने 10 मई को जांच आख्या पोर्टल पर दर्ज कराई। साथ ही संबंधित जिम्मेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण की मांग भी की। घटिया निर्माण होने की पुनः शिकायत 11 मई को भी दर्ज कराई गई है।

इंटरलॉकिंग का कार्य करते मजदूर। अमृत विचार

प्रधानाध्यापक ने शिक्षामित्र से की छेड़छाड़

संवाददाता, सदरपुर, सीतापुर

अमृत विचार। प्रधानाध्यापक पर महिला शिक्षामित्र ने अभद्रता करने, धमकाने, बिना मर्जी फोटो खींचने और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए थाना सदरपुर में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

सदरपुर थाना क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर तैनात एक महिला ने प्रधानाचार्य अभिनव सिंह पर आरोप लगाते हुए बताया कि प्रधानाचार्य उसकी बिना मर्जी फोटो खींचता और वीडियो बनाता है। विरोध पर नौकरी से निकालने की धमकी देता है। पीड़िता नौकरी जाने के डर से अभद्रता बर्दाश्त करती रही। बुधवार की सुबह पीड़िता विद्यालय गई थी। स्कूल में तैनात अध्यापक नागेश यादव व अध्यापिका बबिता पाठक किसी कारणवश विद्यालय नहीं आए थे। विद्यालय में प्रधानाचार्य अभिनव सिंह और पीड़िता, बच्चे और दो रसोईया थीं। महिला शिक्षामित्र का आरोप है कि कोई और अध्यापक के न आने के कारण प्रधानाचार्य अभिनव सिंह ने समय से करीब 15 मिनट पहले बच्चों और रसोइयों को छुट्टी दे दी। इसके बाद पीड़िता घर जाने के लिए प्रधानाचार्य अभिनव सिंह के पास रखे उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर बनाकर जाने लगी तो अभिनव ने पीड़ित शिक्षामित्र का गलत इरादे से हाथ पकड़ लिया और बहकी-बहकी बातें करने लगा। किसी तरह वह अपना हाथ छुड़ाकर घर चली गई। उसने इस बारे में परिजनों को बताया। जब पीड़िता के घरवाले स्कूल पहुंचे तो प्रधानाचार्य स्कूल खुला छोड़कर भाग निकला था। पीड़िता ने थाना सदरपुर में तहरीर दी है। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानाध्यापक से मांगा गया है स्पष्टीकरण : बीईओ

बीईओ पहला ने बताया कि प्रधानाध्यापक अभिनव सिंह को अनुपस्थित होने के कारण पूर्व में नोटिस दिया गया है। पीड़िता के पति से मिली सूचना के आधार पर प्रधानाध्यापक को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क नहीं सुधारी

नगरा सलेमपुर में पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़क।

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कुम्भी ब्लाक की ग्राम पंचायत नगरासलेमपुर के मजरा फूलपुर में जल निगम ने पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदवाई गई सड़क की मरम्मत न किए जाने से राहगीर परेशान हैं, जिन्हें आवागम में काफी असुविधा हो रही हैं। जलनिगम ने गांव फूलपुर में बीच रोड पर मशीन से वाटर पाइपलाइन खोद कर डाल रहे हैं। पाइपलाइन डालने के बाद उखाड़ी गई ईंटो को सही से नहीं लगा रहे है। इसकी जानकारी बीडीओ कुंभी को दी गई तो उन्होंने बताया कि यह मामला संज्ञान में है, इसकी जानकारी जल निगम के अधिकारियों को दी जा चुकी हैं लेकिन जल निगम ने कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही खोदी गई पाइप लाइन को सही कराने की मांग की है, जिससे आवागमन में सुविधा हो सके।

समाजसेवी ने मजदूरों को धूप से बचाव के लिए बांटी कैप

सीतापुर, अमृत विचार। तेज धूप में मेहनतकश लोगों की सहायता के लिए समाजसेवी सुनील टंडन आगे आये। उन्होंने गरीब रिक्शा चालकों, मजदूरों व अन्य जरूरतमंदों को तेज धूप से बचाव के लिए कैप (टोपियां) बांटीं। समाजसेवी सुनील टंडन ने बताया कि रिक्शा चालकों, मजदूरों धूप से कुछ राहत मिल जायेगी।

गरीब रिक्शा चालक को कैप पहनाते समाजसेवी सुनील टंडन।

कहीं पानी की बौछार तो कही पानी एक बूंद नही

बिझौली, अमृत विचार : एक तरफ सरकार गांव के घर-घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का वादा कर रही है। विकास खंड लखीमपुर के ग्राम पंचायत बिझौली में यह योजना फिसड्डी साबित हो रही है, जिससे सबको स्वच्छ पानी पिलाने का दावा फेल हो रहा है। गांव रमुआपुर में लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण कराया गया था, जिससे ग्रामीणों में एक उत्साह जगा कि शहरों की तरह गांव में भी सबको टंकी से स्वच्छ पानी मिलेगा। टंकी बन तो गई, लेकिन पाइप लाइन में लगातार लीकेज होने से सुचारू रूप से टंकी नही चल पा रही हैं, जिससे अब तक ग्रामीणों को स्वच्छ पानी नसीब नहीं हो पाया है। कई गावां में इंतजार के बाद भी पानी घरों तक नहीं पहुंच पाया है। ऐसे में सरकार की सारी योजनाएं बस हवा में चल रही हैं। ग्रामीण सुमित, संदीप, लखैया निवासी परविंदर सिंह, सरबजीत सिंह, सतनाम सिंह ने बताया कि लोगों के

शमशान की भूमि पर कब्जा खेतों में की जा रही अंत्येष्टि

संवाददाता, भीरा

अमृत विचार : शमशान भूमि पर अवैध कब्जा होने के कारण नगर के मोहल्ला मन्ना डांटा व रामकुमार टांडा के लोगों को अपनों के शव का अंतिम संस्कार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परिजन शव को सड़क के किनारे या फिर खेतों में जलाते और दफन करते हैं। ग्रामीणों की तमाम मांगों के बाद भी तहसील प्रशासन शमशान की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त नहीं करा सका है। नगर पंचायत भीरा के वार्ड नंबर 13 शहीद भगत सिंह नगर के मन्ना टांडा, रामकुमार टांडा के निवासियों के लिए शमशान भूमि नहीं है। इससे उन्हें अपने लोगों के शवों का अंतिम संस्कार खेतों या सड़कों के किनारे करना पड़ता है। कभी-कभी खेत मालिकों का पीड़ित परिवारों को झेलना भी पड़ता है। वार्ड सभासद नरेश सिंह का कहना है उनके वार्ड के दोनों मोहल्ले के पूर्व में प्रशासन की ओर से मरघट के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई थी, जिस पर क्षेत्र के कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। श्मशान घाट की भूमि से कब्जा हटाने की मांग ग्रामीण कई कर चुके हैं, लेकिन कब्जा नहीं हट सका है। सभासद नरेश सिंह ने एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह से हस्तक्षेप कर शमशान घाट की भूमि से कब्जा हटवाने की मांग की है।

निजी बसों समेत आठ वाहनों का चालान

पलिया कलां, अमृत विचार। गौरीफंटा प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार यादव ने नेपाल सीमा पर सवारियों के इंतजार में खड़ी निजी बसों के साथ ही कारों, टैक्सियों आदि के कागज देखा। कागजात पूरे न होने पर आठ वाहनों का चालान किया। गौरीफंटा की नेपाल सीमा से टैक्सियां, निजी कारें, निजी बसें नेपाली सवारियों को दिल्ली, जयपुर, मुंबई, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, लखनऊ, कानपुर, बरेली आदि स्थानों को ले जाने के लिए खड़ी रहती हैं। गौरीफंटा कोतवाली प्रभारी अवधेश यादव ने बताया कि आठ वाहनों का चालान किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से चालकों में हड़कंप मचा रहा।

नहर में पानी न आने से सूख रही फसल

- दर्जनों गांवों में सिंचाई का नहीं है दूसरा साधन

संवाददाता, कमलापुर, सीतापुर

अमृत विचार। तेज धूप व पछुआ हवा तेज चलने से खेतों की नमी के साथ गन्ना, उड़द, मक्का, मूंग की फसलें सूखने लगी हैं। ब्लाक कसमण्डा क्षेत्र में निकली खीरी ब्रांच नहर में पानी न होने के कारण सुल्तानपुर मारूफ, चपरुआ, गोपी पुरवा, मढिया, बहदुरापुर, बल्दीपुरवा, ललवा, बन्नी, नेवादा, उसरी, बेहणा, बलवंतपुर, ककरहिया, गवहिया, भीमपुर, महोली, गौरा, पतारा कलां व थानापट्टी आदि गांवों में फसलों की सिंचाई का कोई अन्य साधन नहीं है। समय रहते यदि फसलों की सिंचाई के लिए नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो पैदावार पर इसका विपरीत असर पड़ेगा। जिसका असर किसानों की आय पर भी पड़ेगा। किसान जरार, अजय शर्मा, गुड्डू भारती, दिलीप शुक्ला व आजेंद्र आदि किसान ने मांग की है कि नहर में जल्द पानी छोड़ा जाए। जब इस विषय पर अवर अभियन्ता नहर विभाग विशाल पोरवाल से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि कसमण्डा क्षेत्र में बहुत जल्द सिंचाई के लिए खीरी ब्रांच नहर में पानी पहुंच जाएगा।

सूखी पड़ी खीरी ब्रांच की नहर। अमृत विचार

हरदोई में डबल डेकर बस पलटने से नेपाल में हड़कंप

पलिया कलां, अमृत विचार : नेपाली नागरिकों को भरकर पलिया से मुंबई जा रही एक डबल डेकर निजी बस दो दिन पहले जनपद हरदोई के शाहाबाद-पाली के बीच पलट गई थी। इसकी सूचना मिलते ही नेपाली यात्रियों के परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में परिजन नेपाल बॉर्डर पर पहुंचे और अपनों का हाल जानने के लिए वहां के अस्पतालों के लिए रवाना हो गए हैं। भारत-नेपाल सीमा के गौरीफंटा, तिकुनिया बॉर्डर से कई डग्गामार बसें मुंबई, हरियाणा, राजस्थान समेत कई प्रदेशों व महानगरों के लिए चलाई जाती हैं। अफसरों की नजरों से बचने के लिए चालक मुख्य मार्गों के बजाय लिंक मार्गों से ही अधिकतर आते-जाते हैं। मंगलवार की शाम को गौरीफंटा बॉर्डर से नेपाली यात्रियों को लेकर बस मुंबई जा रही थी।

पेशी— 23.05.2024
व अदालत श्रीमान जनपद
मुकाम न्यायाधीश महोदय हरदोई
मुकदमा नं0 फौ0नि.सं. 31 सन् 2023
विनोद कुमार बनाम ऊषादेवी आदि
हरगाह मुशम्मो मिगरानी कलां मैं दरख्वाश्त इस अदालत से गुजराई है कि बनाम— 1. ऊषादेवी पत्नी रणजीत सिंह, 2. नैमिष पटेल पुत्र रणजीत सिंह, 3. शेर सिंह पुत्र सरजू प्रसाद सर्वनिवासी ग्राम व पोस्ट ईश्वर पुरसाई परगना व थाना मल्लावाँ तहसील बिलग्राम जिला हरदोई (उ.प्र.) लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालाज मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो बवक्त 10 बजे बतारीख 23 माह 05 सन् 2024 ई0 इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वाश्त के खिलाफ वजह दिखलाइये। अगर आप ऐसा न कर सके तो दरख्वाश्त मजबूरन आपके गैर हाजिर में समाप्त हो जायेगी। आज बतारीख माह सन् 20 ई0 को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में जारी किया गया।
आज्ञा से — न्यायालय

किसान गोष्ठी मडोर गांव में सेकसरिया चीनी मिल बिसवां के वैज्ञानिक व प्रमुख सलाहकार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया कार्यक्रम

रासायनिक खादों के प्रयोग से बंजर हो रही जमीन : डॉ. रामकुशल

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अधिकाधिक उपयोग से जमीन का स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा है,वह बंजर होती जा रही है। हमारी फसलों के लिए उपयोगी जीवाणु मिट्टी से नष्ट होते जा रहे हैं। यदि जल्दी ही हम सचेत नहीं हुए तो आने वाली हमारी पीढ़ियों को तमाम संकटों से जूझना पड़ेगा। हमारे पास न तो रोग मुक्त अनाज बचेगा और न ही पीने के लिए शुद्ध पानी। यह बात सेकसरिया चीनी मिल बिसवां के वैज्ञानिक व प्रमुख सलाहकार डॉ. रामकुशल सिंह ने सकरन के मडोर गांव में जैविक खेती करने वाले गन्ना किसान महेश मिश्रा के गन्ने के खेत पर आयोजित गन्ना किसानों की गोष्ठी में कहीं।

गोष्ठी के उपरान्त गौवंशों को चारा खिलाता किसान। अमृत विचार

डॉ. रामकुशल सिंह ने कहा कि धरती माता को बंजर होने से केवल गौ माता के आशीर्वाद से ही बचाया जा सकता है। गाय के गोबर और मूत्र से बने जीवामृत व घनजीवामृत के उपयोग से धरती माता स्वस्थ रहेंगी। जिससे हमें रोग मुक्त अनाज,गुड़,सब्जियां और दालें मिलेगी। गाय के गोबर और मूत्र के उपयोग से बनने वाले जैव कीटनाशक बायोपेस्टिसाइड के उपयोग से फसलों को हानि पहुंचाने वाले कीट/पतंगे नष्ट हो जाते हैं। लेकिन मिट्टी में फसलों के लिए उपयोगी जीवाणुओं की संख्या और बढ़ जाती है। जिससे हमें रोग मुक्त फसलें तो मिलती ही हैं। वहीं खेत की मिट्टी का स्वास्थ्य भी अच्छा बना रहता है। उन्होंने बताया कि जैविक पेस्टिसाइड बनाने के लिए ताजा गाय का गोबर,चार दिनों से अधिक पुराना गोमूत्र,10 पर्णी पत्तियों का चूरा पेस्ट जिनमें नीम, तंबाकू, मदार, पपीता, कनेर, गेंदा, बेहया, धतूरा, गन्ने का रस गुड, हरा मिर्चा, लहसुन, अदरक, हल्दी, कली चूना इन सब का पेस्ट बनाकर एक एक कर प्लास्टिक के ड्रम में भर देना है। इस घोल को अच्छी तरह मिलाना है। एक महीने की नियमित देखभाल से यह जैव कीटनाशक तैयार हो जाएगा।

चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक डॉ. अमरीश सिंह तोमर ने गन्ने की रोग मुक्त भरपूर पर देने वाली 15023, 14201, 13235, 0118 आदि प्रजातियों की बुवाई ट्रेंच विधि से करने के लिए कहा। उप गन्ना प्रबंधक विमल मिश्रा ने गन्ने के साथ आलू, गोभी, लहसुन, प्याज, उर्द, मूंग, जौ, चना, मटर, मशूर आदि की सहसली खेती करके अधिक लाभ पाने के बारे में बताया। डॉ. राम कुशल सिंह ने गोष्ठी में मौजूद किसानों से कहा कि स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाजों को अपने भोजन में जरूर शामिल करें। खेती में ज्वार, बाजरा, मक्का, सांवां, कोदों, मेडुवा आदि की फसलों को जरूर उगायें।

अपनी ढपली अपना राग

देश की गरीबी हटाने का दावा करने वाले राहुल गांधी 15 वर्षों में अमेठी की गरीबी तो हटा नहीं पाए वो देश की गरीबी क्या हटाएंगे। – स्मृति ईरानी

भाजपा ने 10 वर्षों में मोटरसाइकिल की कीमत दोगुनी कर दी है। अगर भाजपा सरकार फिर आ गई तो फौज की नौकरी के बाद अब पुलिस की तीन साल की नौकरी हो जाएगी। – अखिलेश यादव

आजादी के बाद से ज्यादातर समय कांग्रेस के हाथ में सत्ता रही, जो गलत नीतियों के कारण सत्ता से बाहर हो गई। अब भाजपा भी जाने वाली है। –मायावती

किसानों को प्रधानमंत्री मोदी ने धोखा दिया। मोदी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की बात की थी, लेकिन कानून तो छोड़िए किसानों की इतनी दुर्दशा इस सरकार ने कर दी कि किसी और की नहीं हुई। – पवन खेड़ा

मतों के ध्रुवीकरण में ब्राह्मण कभी नहीं रहा शामिल

2009 पुनर्गठित कैसरगंज सीट पर सबसे अधिक हैं ब्राह्मण मतदाता

हर बार जनेऊ जोड़ने की मुहिम हुई है धराशायी

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार : कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का रहस्य किसी से छिपा नहीं है। ब्राह्मण इस सीट के खेवनहार रहे हैं। क्षेत्रवाद, जातिवाद और धर्म के नाम पर मतों का ध्रुवीकरण होता रहा है लेकिन इनमें ब्राह्मण कभी शामिल नहीं रहा। जीतने वाले क्षत्रप किसी जाति धर्म संप्रदाय के रहे हों लेकिन जो जीता वही सिकंदर साबित हुआ और और ब्राह्मण वोटर हमेशा उसी के साथ खड़ा रहा है।

2009 में लोकसभा व विधानसभा सीटों के परिसीमन के तय हुए क्षेत्र पर जातिवार आधिपत्य स्थापित करने की मंशा कामयाब नहीं हो पाई। 2009 के पहले कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का फैलाव बाराबंकी तक रहा और अपने सजातीय वोटरों के भरोसे बेनी प्रसाद वर्मा जीतते रहे।

इस सीट पर रुद्रसेन चौधरी से लेकर रानावीर सिंह सहित तमाम दिग्गज लोकसभा की ड्योढ़ी पर पहुंचे। लेकिन पुनर्गठित कैसरगंज लोकसभा पर राजनीतिक दलों का ब्राह्मण कार्ड कभी सफल नहीं हुआ। वर्ष 2009 के चुनाव में बसपा से सुरेंद्र नाथ अवस्थी और भाजपा से लालता प्रसाद मिश्र को मैदान में उतारा गया। लेकिन दोनों का वोट प्रतिशत 21-21 रहा। इसमें ब्राह्मण के साथ अन्य जातियों का वोट शेयर शामिल रहा।

दोनों ब्राह्मण उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था। इसी तरह 2014 में चार प्रमुख दलों के उम्मीदवारों में एक मात्र ब्राह्मण उम्मीदवार के रूप में बसपा से कृष्ण कुमार ओझा मैदान में थे लेकिन इकलौते ब्राह्मण उम्मीदवार का वोट प्रतिशत घट कर 15.6 हो गया।

2019 में भी एक मात्र ब्राह्मण प्रत्याशी विनय कुमार पांडेय कांग्रेस के टिकट पर मैदान पर थे। लेकिन उनका वोट प्रतिशत कुल 3.84 प्रतिशत पर जाकर सिमट गया। यानि ब्राह्मण के नाम पर राजनीति में इंट्री करने की कोशिश करने वालों को ब्राह्मणों ने दूर भगा दिया है। 2024 में भी सपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलने की कोशिश में भगत राम मिश्र को मैदान में उतार दिया है। लेकिन ब्राह्मण वोटरों के रुझान व इतिहास से यह कयास लगाना कि ब्राह्मण कार्ड सफल होगा यह सही नहीं है।

लोकसभा चुनाव- 2009

प्रत्याशी	मिले वोट	प्रतिशत
बृजभूषण शरण सिंह	196063	34.7%
सुरेंद्र नाथ अवस्थी	123864	21.9%
डा एलपी मिश्रा	120561	21.3%
मोहम्मद अलीम	73140	12.9%

लोकसभा चुनाव-2014

प्रत्याशी	मिले वोट	प्रतिशत
बृजभूषण शरण सिंह	381500	40.4%
विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह	303282	32.1%
कृष्ण कुमार ओझा	146726	15.6%
मुकेश श्रीवास्तव	57401	6.1%

लोकसभा चुनाव-2019

प्रत्याशी	मिले वोट	प्रतिशत
बृजभूषण शरण सिंह	581358	60.04%
चंद्रदेव राम यादव	319757	33.02%
विनय कुमार पांडेय	37132	3.84%

सबसे अधिक हैं ब्राह्मण वोटर पर निर्णायक नहीं

कैसरगंज लोकसभा में करीब 4.5 लाख ब्राह्मण मतदाता हैं। इनमें कटरा बाजार व तरबगंज में दो लाख से अधिक हैं और करनैलगंज में भी क्षत्रिय, मुस्लिम व अन्य जातियों के साथ ब्राह्मण वोटों की बहुलता है। पयागपुर में भी विशेश्वरगंज ब्लाक में सबसे अधिक ब्राह्मण मतदाता हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या तो सबसे अधिक हैं परंतु ये निर्णायक नहीं रहे हैं।

कैसरगंज का ब्राह्मण मतदाता किसी दल से बंधा नहीं

कटरा बाजार के पप्पू शुक्ल कहते हैं कि कैसरगंज का ब्राह्मण मतदाता किसी राजनीतिक दल से बंधा नहीं हैं। उन्हें जहां सम्मान मिलता है वह वहीं चले जाते हैं। धार्मिक आस्था के कारण उनका नरम रुख होता है। जिस तरह अन्य जातियों में रूढ़ियों की जकड़न है और अपने बिरादरी की ललक होती है ब्राह्मणों में नहीं होती है। सत्यम तिवारी कहते हैं हिंदूवादी छवि के साथ सम्मान के भूखे होते हैं।

चुनावी चक्कर

राहुल के कारण चर्चा में है मिथुन की दुकान :

राहुल गांधी इन दिनों निरन्तर चुनावी दौरों पर हैं। इस बीच वह कुछ ऐसे पल निकालते हैं, जिससे उनका आम जन के प्रति निकट से जुड़ाव झलकता है। इसी क्रम में रायबरेली में पिछले दिनों एक नाई की दुकान पर उनकी एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है, जहां वे अपने बाल कटवाने और दाढ़ी ट्रिम कराने के लिए पहुंचे। हालांकि, अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच से राहुल गांधी अक्सर ऐसे-ऐसे क्षण साझा करते हैं, जिससे उनकी जमीनी छवि भी सामने आती है। ऐसा ही एक पल रायबरेली में उनका नाई की दुक़ान पर पहुंचना भी रहा। उस वक्त न्यू मुंबा देवी हेयर कटिंग सैलून चलाने वाला मिथुन कुमार अचरज से भर गया था, जब राहुल गांधी अचानक सैलून में अंदर आ गए और उन्होंने दाढ़ी ट्रिम करने को कहा। इसके बाद तो रायबरेली में अचानक मिथुन के सैलून की चर्चा बढ़ गई। इस बीच, राहुल गांधी के जाने के बाद मिथुन से मीडिया वालों ने संपर्क किया। बातचीत में मिथुन ने कहा कि उन्होंने कभी इस बात की कल्पना भी नहीं की थी कि कभी राहुल गांधी जैसा बड़ा नेता उनकी दुकान पर आएगा। फिलहाल मिथुन की दुकान पर ग्राहक बढ़ गए हैं।

जर्जर मार्ग को लेकर मतदान का विरोध करते ग्रामीण। –अमृत विचार

रोड नहीं तो वोट नहीं, लगा दिया बैनर

तारुन, अयोध्या

अमृत विचार : यहां चुनाव बहिष्कार के लिए जनता तैयार है, रोड नहीं तो वोट नहीं यह बैनर लगा है तारुन नंसा मार्ग अंतर्गत सहसीपुर पहुंच मार्ग पर।

इस अनुसूचित बाहुल्य ग्राम पंचायत का पहुंच मार्ग की निर्माण कब हुआ था, उसके बारे में युवा वर्ग अनजान है। सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि उस पर तारकोल का नामोनिशान तक नहीं है। सड़क पर अगर कुछ दिखाई दे रहा है तो वह है बड़ी बड़ी गिट्टियां। उसपर पैदल चलना है तो अपने को बचा कर ही चलना पड़ता है।

सड़क बनाने के लिए वर्ष भर पहले प्रधान व ग्रामीणों ने लिखा था बीडीओ को पत्र

सड़क बनाने का वादा चुनाव शुरू होने पर सभी प्रत्याशी करते है, लेकिन जीतते ही किया गया वादा सभी भूल जाते है। ग्रामसभा निवासी बब्बन, राकेश पांडेय, मायाराम वर्मा, अमित, देवमणि, धर्मेंद्र, राम गणेश, मो फारुख, सुनील आदि ने बताया कि सड़क का निर्माण न होने से इस बार हम सभी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना लिए है। यह अकेले सहसीपुर सम्पर्क मार्ग का ही हाल नहीं है। पारा गरीबशाह से ददरा एवं टिकरी से पिछौरा तक वर्षों पूर्व बनाई गई सड़क की हालत इससे भी बदतर हो गयी है, जिसपर चलना ही क्षेत्र वासियों ने छोड़ दिया है। पिछौरा के ग्राम प्रधान नन्हकू प्रसाद सहित ग्राम वासियों ने अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोकनिर्माण विभाग को साल भर पूर्व रजिस्टर्ड पत्र देकर सड़क के निर्माण की मांग किया था, लेकिन विभाग मौन रहा।

सोनिया आज रायबरेली में जनसभा को करेंगी संबोधित

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी शुक्रवार को रायबरेली में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी, जबकि अमेठी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने बताया कि रायबरेली में सोनिया गांधी चुनाव सभा को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशी राहुल गांधी को जिताने की अपील करेंगी। इस दौरान मंच पर राहुल के साथ ही, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा व सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि अमेठी में चुनावी सभा के पहले राहुल गांधी नंद महर धाम में दर्शन करेंगे। इसके बाद संयुक्त जनसभा में राहुल-अखिलेश कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को जिताने की अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि चुनावी सभा के लिए सोनिया गांधी रायबरेली में पहुंच गई हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि रायबरेली की राजनीति के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक होगा, क्योंकि यह पहली बार हो रहा है, जब एक ही दिन में कई दिग्गजों का जमावड़ा लग रहा है।

मतदाताओं की खामोशी ने बढ़ाई उम्मीदवारों की धड़कन

अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच टक्कर

बसपा मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर किले को बचाने में जुटी

2009 व 2019 में बसपा ने दो बार जीत का परचम फहराया जबकि 2014 के चुनाव में भाजपा को मिली थी जीत

सुभाष गुप्ता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: लोहिया की धरती और बहुजन समाज पार्टी के किले के रूप में पहचान बन चुकी अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर चुनाव 6वें चरण में 25 मई को होना है। भले ही इस चुनाव में प्रमुख राजनीतिक पार्टी भाजपा, बसपा और सपा के नेता मतदाताओं की गणेश परिक्रमा कर अपनी-अपनी पार्टी की जीत का दावा कर रहे हो, लेकिन चुनाव की करीब आ रही तारीख और मतदाताओं की खामोशी ने उनकी धड़कनों को बढ़ा दिया है।

इस सीट पर सबसे ज्यादा चुप्पी मुस्लिम और वैश्य समाज के मतदाता साधे हुए हैं। हालांकि इन दोनों समाज के नेता जिस दल में हैं वह सभी इन दोनों समाजों का वोट अपनी-अपनी पार्टी में मिलने का दावा कर रहे हैं। वैश्य समाज भाजपा का मतदाता माना जाता है। जबकि मुस्लिम मतदाताओं के बारे में चर्चा रहती है कि उनका वोट अक्सर ही भाजपा को हराने वाली पार्टी को जाता है। जिसके कारण अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर भाजपा को हराने के लिए सपा और बसपा दोनों ही दम भर रहे हैं। फिलहाल इस बार लोकसभा सीट पर लड़ाई भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच में मानी जा रही है। लोकसभा सीट पर भाजपा जहां अपनी जीत को एक तरफा मान कर चल रही है।

रितेश पांडे

लालजी वर्मा

कमर हयात

25 को होना है अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर छठे चरण में मतदान

वहीं जनपद की पांचों विधानसभाओं पर जीत का परचम फहराने के कारण सपा अपनी लड़ाई को भाजपा से ही मान रही है। जबकि बसपा ने अपने सिटिंग सांसद के भाजपा में शामिल होकर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने पर मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर अपने किले को बचाने की कवायद में जुट गई है। लोकसभा सीट पर बसपा ने जिस रणनीति के तहत मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट दिया है। यदि उसमें उसे कामयाबी मिलती है तो यहां पर लड़ाई त्रिकोणीय भी हो सकती है। हालांकि मुस्लिम मतदाताओं की खामोशी से सपा और बसपा के प्रत्याशी और कार्यकर्ता दोनों ही बेचैन है। नए परिसीमन के बाद अनारक्षित श्रेणी में आई लोकसभा की इस सीट पर हुए अब तक हुए चुनाव की बात करें तो इस सीट पर बसपा का ही पलड़ा भारी रहा है। 2009 व 2019 में बसपा ने दो बार जीत का परचम फहराया है। जबकि 2014 के चुनाव में भाजपा को जीत मिली थी। जबकि सपा का इस सीट पर अभी तक खाता नहीं खुल पाया है।

जातीय समीकरण को लेकर गुणा-गणित तेज

लोकसभा चुनावी की बिसात पर जातिगत समीकरण को लेकर भी गुणा-गणित तेज हो गई है। जातीय समीकरण की बात करें तो लगभग साढ़े 18 लाख मतदाताओं वाले इस संसदीय सीट पर दलित मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। जो 3 से 4 लाख के बीच बताई जा रही है। दलित मतदाता बसपा के वोट बैंक माने जाते हैं। बसपा ने यहां पर मुस्लिम प्रत्याशी के रूप में कमर हयात को उतार कर दो से ढाई लाख के करीब मुस्लिम मतदाताओं को अपने पाले में कर अपना यह किला बचाने का दावा करती दिख रही है। फिलहाल 25 को मतदान होने के बाद पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही मतदाताओं की गणेश परिक्रमा तो समाप्त हो जाएगी। लेकिन सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के द्वारा किए जा रहे अपनी-अपनी जीत के दाव पर मोहर 4 जून को गिनते के बाद ही लग पाएगी।

उम्मीदवार कर रहे हैं अपनी-अपनी जीत का दावा

भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडे क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य मतदाताओं के साथ अन्य पिछड़ी जातियों व मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ पाए दलित व मुस्लिम मतदाताओं को भी अपने पक्ष में मतदान करने का दावा करते हुए इस सीट पर 2014 का इतिहास दोहराने का ख्वाब संजोए हैं। बसपा से कद्दावर नेता के रूप में पहचान बना चुके सपा के प्रत्याशी लाल जी वर्मा सपा के एम-वाई समीकरण के साथ स्वजातीय कुर्मी मतदाताओं व बसपा में मौजूद अपने चहेते कार्यकर्ताओं के सहारे सपा के लिए अब तक उबड़-खाबड़ रही अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर साइकिल की रफ्तार तेज कर हर सभा में जीत का दावा कर रहे हैं।



उम्मीदवार	वोट
रितेश पांडे	564,118
मुकुट बिहारी	4,68,238
प्रेमनाथ निषाद	2,390



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	हरिओम पांडे	4,32,104
बसपा	राकेश पांडे	2,92,675
सपा	राम मूर्ति वर्मा	2,34,467
कांग्रेस	अशोक सिंह	22,775
एमएडीपी	सुरेश कुमार बौद्ध	7,694

विकास के सपने देखती रही बलरामपुर व श्रावस्ती क्षेत्र की जनता

विभिन्न पार्टियों ने स्थानीय सांसदों को कभी टिकने का मौका ही नहीं दिया

जाति व धार्मिक समीकरण से चुने जाने के कारण विकास का मुद्दा रहता है पीछे

रमेश चंद्र गुप्ता,तुलसीपुर/बलरामपुर

अमृत विचार: श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र की जनता हमेशा बाहरी नेताओं को संसद भवन पहुंचाकर अपने विकास के सपने देखती रही लेकिन वह बेकार और बेबुनियाद साबित हुआ । अब श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र की जनता इस संसदीय चुनाव के बढ़ते माहौल को देखते हुए यह कह रही है कि हमने तो इस संसदीय क्षेत्र से ऐसे सांसद को दिया जो देश के प्रधानमंत्री भी रहे । 2024 के संसदीय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी साकेत मिश्रा तथा समाजवादी पार्टी से निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मोइनुद्दीन खान उर्फ हाजी दद्दन खान बड़ी मशक्कत करके भारत के सबसे बड़ी अदालत संसद भवन पहुंचने की फिराक में दिन-रात एक किए हुए हैं।

बलरामपुर संसदीय क्षेत्र की जनता ने चुनाव के दौरान 1952 से लेकर 2019 तक जितने भी सांसद को चुनकर संसद भेजा उनमें अधिकांश बाहरी प्रत्याशी रहे जो मौके का फायदा उठाकर जनता से मत लेकर संसद भवन तो पहुंच गए लेकिन दोबारा लौटकर नहीं आए। बलरामपुर संसदीय क्षेत्र की जनता का हाल वैसे तो श्रावस्ती बलरामपुर संसदीय क्षेत्र जब एक हुआ तब भी ऐसा होता रहा। जैसे इस क्षेत्र की जनता की मानसिकता बन चुकी हो कि हम अपनों के सिर पर ताज पहनना नहीं देख सकते है।

अगर एक नजर डाली जाए इस लोकसभा चुनाव में तो एक तरफ तो भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा पार्टी प्रत्याशी बनाया है जो अपने श्रावस्ती क्षेत्र में चलकर ये मान रहे हैं कि मेरे ननिहाल की राजनीतिक विरासत के चलते श्रावस्ती क्षेत्र की जनता मुझे सांसद बनाकर भेजेगी। क्योंकि भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा पूर्व के नौकरशाह होने के साथ-साथ पीएम के पूर्व सलाहकार तथा श्री राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा के पुत्र भी हैं। अगर दूसरी तरफ देखा जाए तो निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा 2019 में बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले चुनाव में बाजी मारकर सांसद बन गए थे। लेकिन 5 साल हो ऐसे गायब रहे जैसे कि मानो कुछ हुआ ही ना हो। जब 2024 का चुनाव आया क्योंकि यह व्यापारी होने के नाते व्यापार का गुणा भाग लगाकर पाला बदलकर समाजवादी पार्टी के बैनर तले इंडी गठबंधन का प्रत्याशी बनकर श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में आ गए। चुनावी गुणा भाग में परिपक्व हो गए राम शिरोमणि वर्मा ने देखा इस क्षेत्र की जनता धार्मिक और जातीय भावनाओं में उलझ कर रह जाती है तो इन्होंने जातीय भावनाओं से काम चालू किया।

सुबह उनके श्रावस्ती कटरा के आवास पर भारी भीड़ रहती है । मतदाता चुपचाप तमाशा देख रहा है। जनता किसको अपने मतों से सांसद बनाएंगे यह आने वाली 4 जून को ही पता चल पाएगा।



राजा भइया की दरियादिली या सपा से नजदीकी..

सपा प्रत्याशी पर दर्ज कराये मुकदमे को वापस लेंगे कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह

कुण्डा, प्रतापगढ़

अमृत विचार: कौशाम्बी लोकसभा सीट पर राजनीतिक परिस्थितियां प्रतिदिन नया मोड़ ले रही हैं। ऐसा ही अब एक नया मामला सामने आया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज द्वारा रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के विरुद्ध बोले गए अमर्यादित टिप्पणी को लेकर मुकदमा दर्ज कर गया था। मामले में रघुराज प्रताप सिंह ने मतदान के ठीक चार दिन पहले सपा प्रत्याशी पर दर्ज कराया मुकदमे को वापस ले लिया। इस घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं पर गौर करें तो लोग इसे राजा भइया की दरियादिली और सपा से नजदीकी को देख रहे हैं।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान वर्ष 2019 में सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज द्वारा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर चुनाव माहौल को गर्म कर दिया था। जिसे लेकर जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश दिखा और लोगों की भावनाएं आहत हुई थी। जिसके बाद सपा प्रत्याशी के विरुद्ध न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया था। उक्त मुकदमा इस समय एमपी एमएलए कोर्ट संख्या 14 में विचारधीन है। जिसमें न्यायालय ने धारा 500 संहिता के तहत सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज को तलब किया है। राजा भइया के अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पांडेय ने बताया कि 13 मई की शाम इंद्रजीत सरोज अपने बेटे पुष्पेंद्र सरोज जो वर्तमान में समाजवादी पार्टी से कौशांबी लोकसभा के प्रत्याशी व अन्य लोगों के साथ बेंती कोठी पहुंचे थे।

इंद्रजीत सरोज

उन्होंने रघुराज प्रताप से मिलकर उनसे आग्रह किया और पूर्व में हुए गिले शिकवे टिप्पणी व गलत बयान बाजी को भूलने का आग्रह करते हुए राजनीतिक शुचिता को बनाये रखने का प्रयास किया। इस कारण से राजा भइया अब सभी बातों को भूलकर न्यायालय में दाखिल मानहानि के मुकदमे को खत्म करने की तैयारी की हैं। राजा भइया द्वारा दाखिल मानहानि का मुकदमा अब न्यायालय में समाप्त कर लिया जाएगा। राजा भइया के चचेरे भाई व एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने बताया कि सपा नेता इंद्रजीत सरोज पर दर्ज मुकदमा जल्द ही वापस कर लिया जाएगा। कोई गिला शिकवा नहीं है,राजनीतिक शुचिता बनी रहनी चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में नामांकन के दौरान दो दिन प्रवास करने के एक दिन बाद ही फिर से उत्तर प्रदेश में खासतौर पर पूर्वांचल के रण में हल्ला बोल दिया है। तपती-चुभती भीषण गर्मी की परवाह किए बिना मोदी ने गुरुवार को चार लोकसभा क्षेत्रों प्रतापगढ़, आजमगढ़, जौनपुर (मछली शहर) और भदोही में रैलियां करके बता दिया कि इस बार यहां वह कोई सीट खोना नहीं चाहते हैं। माना जा रहा है कि इन चार सभाओं से मोदी ने करीब एक दर्जन लोकसभा सीटों को साधने का प्रयास किया। जौनपुर से 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव ने जीत दर्ज की थी, तो मछली शहर में भाजपा के बीपी सरोज को 181 वोट के मामूली अंतर से जीत मिली थी। पूर्वांचल में आजमगढ़ के बाद जौनपुर को ही सपा का गढ़ माना जाता है। ऐसे में आजमगढ़ और जौनपुर में जीत के समीकरण साधने के साथ ही मोदी ने आसपास की चार और लोकसभा सीटों पर भी अपना संदेश फैला दिया है। प्रतापगढ़ से सुल्तानपुर और कौशांबी, अमेठी, रायबरेली और जौनपुर की सीमा लगती है। इसी तरह भदोही में जहां मोदी की सभा हुई वहां से वाराणसी, फूलपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर और जौनपुर लोकसभा क्षेत्र की दूरी केवल 35 किमी ही थी।

पूर्वांचल का रण जीतने के लिए भाजपा ने शुरू की चढ़ाई

2019
में पूर्वांचल की 26 लोकसभा सीटों में भाजपा 17 पर ही जीत पाई थी चुनाव

मुकाबला कांटे का

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल की चुनावी जंग जातीय समीकरणों के लिहाज से कठिन मानी जाती है। प्रदेश के इस हिस्से में जातियों का प्रभाव बहुत ज्यादा है। भाजपा ने इसे भांपते हुए ही प्रदेश में अपने लिए जिन चार सहयोगियों को चुना था, उनमें लोकदल को छोड़कर सुभासपा, अपना दल और निषाद पार्टी इसी इलाके से आती हैं। इसके बावजूद पिछली बार सात सीटों पर मिली हार को देखते हुए पीएम मोदी ने इस बार खुद आगे बढ़कर मोर्चा संभाल लिया है।

माना जा रहा है कि मोदी का पूरा फोकस अब पूर्वांचल क्षेत्र में ही रहने वाला है। तीन-चार दिनों के अंतर से वह पूर्वांचल के रण में फिर से धावा बोल सकते हैं, इसकी एक वजह इसी क्षेत्र में आने वाली उनकी वाराणसी सीट भी है, जिस पर सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है।

सपा और बसपा ने कमजोर सीटों पर बिछाया है जातीय समीकरण का मजबूत जाल

- पूर्वांचल में 11 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर सपा और बसपा जीत नहीं हासिल कर सकी है। सपा को वाराणसी, बस्ती, संत कबीर नगर, कुशीनगर और भदोही में जीत नहीं नसीब हुई है, जबकि बसपा वाराणसी, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, बासगांव और बलिया में जीत हासिल करने से दूर है। इस बार दोनों दलों ने अपनी कमजोर सीटों पर जातीय चक्रव्यूह का मजबूत ताना-बाना बुना है।

प्रदेश में 80% लेकिन पूर्वांचल में स्ट्राइक रेट था 65%

- पूर्वांचल में कुल 26 लोकसभा सीटें आती हैं। 2019 में भाजपा इन 26 में 17 सीटों पर ही चुनाव जीत पाई थी। दो सीटों राबर्ट्सगंज और मिर्जापुर पर उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने जीत हासिल की थी, जबकि गाजीपुर, घोसी, आजमगढ़, लालगंज, श्रावस्ती, जौनपुर समेत सात लोकसभा सीटों पर सपा-बसपा का गठबंधन बाजी मारने में कामयाब रहा था। पूर्वांचल में भाजपा का स्ट्राइक रेट 65 फीसदी था, जो कि प्रदेश के ओवर आल स्ट्राइक रेट 80 फीसदी से काफी नीचे था। ऐसे में मिशन-80 और 400 पार के लिए इस बार भाजपा को यूपी में भी दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल और गुजरात जैसे 100 फीसदी सफलता वाले स्ट्राइक रेट की जरूरत है।
- साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आजमगढ़, लालगंज, घोसी, गाजीपुर, जौनपुर, श्रावस्ती और अंबेडकर नगर सीट पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। इनमें आजमगढ़ से सपा जबकि अन्य जगह बसपा के सांसद चुने गए थे। इस बार माना जा रहा है कि ज्यादातर सीटों पर भाजपा की लड़ाई इंडिया गठबंधन में सपा-कांग्रेस के गठजोड़ से है। जानकार भदोही सीट को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला बता रहे हैं। भदोही सीट पर भाजपा और टीएमसी में सीधी लड़ाई है। सपा ने यह सीट टीएमसी के लिए छोड़ी थी। टीएमसी से यहां ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनके लिए सभा करने आने वाली हैं।

- वाराणसी में दो दिन प्रवास के एक दिन बाद ही चार रैलियां करके पीएम मोदी ने धावा बोला
- दो सीटों राबर्ट्सगंज और मिर्जापुर में भाजपा की सहयोगी अपना दल (एस) को मिली थी 2019 में जीत
- गाजीपुर, घोसी, आजमगढ़, लालगंज, श्रावस्ती और जौनपुर में सपा-बसपा गठबंधन ने मारी थी पिछली बार बाजी

पिछली बार था 50-50 का स्कोर, चार रैलियों से जीत की गारंटी का भरा जोश

इस बार भाजपा ने आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, प्रतापगढ़ से सांसद संगमलाल गुप्ता, मछली शहर से सांसद बीपी सरोज, लालगंज सीट पर पिछली बार हारीं नीलम सोनकर, जौनपुर से कृपाशंकर सिंह और भदोही से अपने सांसद रमेश बिंद की जगह विनोद कुमार बिंद को चुनावी मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में भाजपा इन छह लोकसभा सीटों में तीन पर ही जीत हासिल कर सकी थी। हालांकि 2022 में हुए उपचुनाव में आजमगढ़ सीट जीत ली थी। इस तरह से चार सीटों पर उसका कब्जा है और दो सीटें बसपा के पास हैं। गुरुवार को चार रैलियां करके पीएम मोदी इन सभी छह सीटों पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जीत का जोश भर दिया है।

धनंजय और राजा भैया के फैसलों का असर तीन सीटों पर या और आगे तक

चुनाव डेस्क

विधायक रघुराज प्रताप सिंह।

बाहुबली धनंजय सिंह।

अमृत विचार। पूर्वांचल की जातीय सियासत में ओबीसी, दलित और सवर्ण तीनों वोटर अहम भूमिका में रहते हैं। इसके आधार पर ही इस बार भी यहां भाजपा, सपा और बसपा ने अपनी चुनावी बिसात बिछा रखी है। इसी क्रम में भाजपा ने अपना जातीय गणित दुरुस्त करते हुए जौनपुर में बाहुबली धनंजय सिंह का साथ हासिल कर लिया है। धनंजय ने जौनपुर और मछलीशहर सीट पर भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है, लेकिन प्रतापगढ़ में राजा भैया का साथ भाजपा को नहीं मिल सका है। कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' ने अपने समर्थकों को अपनी पसंद से वोट देने के लिए कहा है। इससे जानकार भाजपा के लिए प्रतापगढ़ और कौशांबी सीट पर राह थोड़ी मुश्किल भरी होना मान रहे हैं। लेकिन धनंजय सिंह के खुले समर्थन से कयास हैं कि जौनपुर के साथ ही पूर्वांचल की कई सीटों पर भाजपा को फायदा हो सकता है। धनंजय का अपनी ठाकुर बिरादरी में खासा प्रभाव है। जौनपुर में दो लाख से ज्यादा ठाकुर वोट हैं। धनंजय के समर्थन से पिछली बार जौनपुर सीट हारने वाली भाजपा अब राहत महसूस कर रही है। जौनपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार ठाकुर उम्मीदवारों को ही जीत मिली है। इस बार यहां भाजपा के कृपाशंकर सिंह का सपा-कांग्रेस गठबंधन के बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा के सांसद श्याम सिंह यादव से मुकाबला है। जानकारों की माने तो जौनपुर के अलावा प्रतापगढ़, गाजीपुर, बलिया, अयोध्या, भदोही, चंदौली, मछलीशहर, घोसी, सोनभद्र और वाराणसी सीटों पर भी ठाकुर मतदाता अच्छी संख्या में हैं।

सपा उठा सकती फायदा?: कौशांबी से सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने भी राजा भैया से मुलाकात की थी। बताते हैं, 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज की आपत्तिजनक टिप्पणी पर राजा भैया के कानूनी सलाहकार ने मानहानि का मुकदमा दाखिल किया था। पिता-पुत्र ने राजा भैया से समर्थन मांगते हुए पुराने गिले शिकवे भूलने की बात कही थी। सपा सूत्रों की माने तो जनसत्ता दल के मुखिया ने पुरानी बात का भुला दिया है। कौशांबी में भाजपा ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा से शुभ नारायण गौतम चुनाव लड़ रहे हैं। सपा प्रत्याशी 25 साल के पुष्पेंद्र सरोज लंदन से पढ़कर लौटे हैं। कौशांबी (सुरक्षित) लोकसभा की कुंडा और बाबागंज विधानसभा प्रतापगढ़ जनपद में आती हैं। इन दोनों विधान सभा क्षेत्र में राजा भैया का दबदबा चलता है।

... जब जन सत्ता दल से बनते-बनते रह गई बात

धनंजय सिंह के साथ ही भाजपा कुंडा के विधायक और जनसत्ता दल के संस्थापक राजा भैया का भी समर्थन हासिल करना चाहती थी, लेकिन यह काम उससे मैनेज नहीं हो पाया। दावा किया है जा रहा है कि इसके पीछे राजा भैया की भाजपा के कौशांबी से सांसद विनोद सोनकर से कथित तौर पर नाराजगी रही। हालांकि भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के साथ कौशांबी से भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने राजा भैया से मिलकर समर्थन मांगा था। इससे पहले राजा भैया की गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात हुई थी।

लालू की बेटियां दिखा पाएंगी कमाल

चुनाव डेस्क

मीसा भारती।

रोहिणी आचार्य।

अमृत विचार। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की दो बेटियां मीसा भारती पाटिलपुत्र व रोहिणी आचार्य सारण लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। मीसा का यह तीसरा चुनाव है, वह दो बार हार चुकी हैं, जबकि सिंगापुर से आयीं रोहिणी राजनीतिक पारी शुरू कर रही हैं।

सारण सीट पर भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी का मुकाबला राजद की रोहिणी आचार्य से है। सारण सीट पर रोहिणी के पिता लालू प्रसाद और मां पूर्व सीएम राबड़ी देवी को हार का स्वाद चखना पड़ा था, ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या रोहिणी उन दोनों की हार का बदला ले पाएंगी। सारण से लालू प्रसाद यादव 1977, 1989, 2004 और 2009 में चार बार सांसद रह चुके हैं। भाजपा के राजीव प्रताप रूडी भी यहां से चार बार 1996, 1999, 2014 और 2019 में चुनाव जीत चुके हैं।

- **सारण में पिता लालू प्रसाद और मां राबड़ी देवी की हार का बदला ले पाएंगी रोहिणी आचार्य**

रूडी इस बार पांचवी जीत के साथ लगातार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। 2009 के चुनाव में रूडी ने लालू प्रसाद यादव ने हराया था। 2014 में रूडी ने लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को भी हरा दिया था। 2019 में उन्होंने राजद के चंद्रिका राय को एक लाख से अधिक वोटों से मात दी थी। राजद ने रोहिणी के लिए ताकत झोंक रखी है। लालू प्रसाद कई बार प्रचार करने आ चुके हैं।

दो चुनाव हार चुकी हैं मीसा भारती : पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर भी दिलचस्प मुकाबला हो रहा है। यहां से तीसरी बार राम कृपाल यादव और लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती आमने-सामने हैं। मीसा ने 2014 और 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। दोनों बार भाजपा के रामकृपाल यादव ने शिकस्त दी थी। इस बार भी मीसा भारती के खिलाफ रामकृपाल यादव ही मैदान में हैं। हालांकि इस बार असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी की एंट्री से समीकरण बिगड़ गए हैं। ओवैसी ने यहां इंजीनियर फारुख रजा को मैदान में उतारा है। वह पूर्व में राजद से जुड़े रहे हैं। पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर करीब 17 लाख मतदाताओं में सबसे ज्यादा यादव हैं, जिनकी संख्या करीब चार लाख है। भूमिहार मतदाता तीन लाख, एक लाख से अधिक ब्राह्मण, पौने दो लाख कुर्मी और डेढ़ लाख मुस्लिम और बाकी दलित व अन्य मतदाता हैं।

जीत की अरदास

पंजाब में प्रचार के लिएपहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी मुखिया अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पहुंचकर माथा टेका और चुनावी सफलता की कामना की।

हावड़ा में फुटबालर प्रसून बनर्जी चौका लगाने की कोशिश में जुटे

चुनाव डेस्क

अमृत विचारः हावड़ा लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय संघर्ष का मैदान बन गया है। भाजपा से डॉ. रथिन चक्रवर्ती और सीपीआई (एम) के सब्यसाची चटर्जी का मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के सांसद प्रसून बनर्जी से हो रहा है। हावड़ा को कोलकाता का जुड़वां शहर माना जाता है। यहां स्थित हावड़ा ब्रिज या रवींद्र सेतु दुनिया में अपनी तरह का छठा सबसे लंबा पुल है। फुटबॉलर प्रसून बनर्जी ने 2013 में टीएमसी सांसद अंबिका बनर्जी की मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में यहां जीत हासिल की थी और तब से उन्होंने इस सीट पर कब्जा जमा रखा है। हावड़ा घनी आबादी वाला काफी हद तक अनियोजित इलाका है। एक समय में यहां तमाम लौह ढलाई के कारखाने थे जिनमें विभिन्न राज्यों के लोग कार्यरत थे। हावड़ा लोकसभा सीट पर 25 फीसदी से अधिक गैर-बंगाली मतदाता हैं, जो राजस्थान, बिहार या उत्तर प्रदेश से आकर यहां बसे हैं। हावड़ा के सात विधानसभा क्षेत्रों बाली, हावड़ा उत्तर, हावड़ा मध्य, शिबपुर, हावड़ा दक्षिण, सांकराइल और पंचला सभी पर टीएमसी का कब्जा है। 2019 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी 5,76,711 वोट पाकर जीते थे। भाजपा के रंतिदेव सेनगुप्ता 4,73,016 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे। सीपीआई (एम) के सुमित्रो अधिकारी 1,05,547 वोट तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी ने सीपीएम के श्रीदीप भट्टाचार्य को हराया था। प्रसून बनर्जी को 488461 वोट जबकि सीपीएम के भट्टाचार्य को 291505 वोट मिले थे। भाजपा ने 22.05 फीसदी वोट पाए थे, जबकि कांग्रेस 5.62 फीसदी वोट पर ही सिमट गई थी।

झारखंड में सीटें बचाने की चुनौती के लिए छिड़ा संग्राम

पांचवें चरण में हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में पड़ेंगे वोट

दिग्विजय सिंह

अमृत विचारः झारखंड में भाजपा लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की तीनों सीटें बरकरार रखने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है। राज्य में लोकसभा की तीन सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट के उपचुनाव में भी 20 मई को मतदान होगा। गांडेय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन झामुमो उम्मीदवार के रूप में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाए हैं। गांडेय विधानसभा सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। सरफराज अब झामुमो से राज्यसभा के सदस्य हैं। इस बार के चुनाव में जहा कांग्रेस एक बार फिर से झामुमो और राजद के साथ गठबंधन में लड़ रही है, वहीं भाजपा को ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (एजेएसयू) समर्थन दे रही है।

हजारीबाग को कांटे के संघर्ष में मिलेगा इस बार नया चेहरा

मनीष जयसवाल।

जय प्रकाश भाई पटेल।

हजारीबाग लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा करते थे। बाद में उनके बेटे जयंत सिन्हा दो बार इस सीट से जीतकर केंद्रीय मंत्री बने। लेकिन 1998 के बाद यह पहला चुनाव है जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय वित्त और विदेश मंत्री रहे तथा विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने वाले यशवंत सिन्हा के परिवार का कोई भी सदस्य इस सीट से चुनाव नहीं लड़ रहा है। 2009 से हज़ारीबाग में भाजपा जीत रही है। 2009 में यशवंत सिन्हा के जीतने के बाद उनके बेटे जयंत सिन्हा ने 2014 और 2019 में दो बार जीत हासिल की थी। 2019 में जयंत सिन्हा ने कांग्रेस उम्मीदवार गोपाल प्रसाद साहू को 4,79,548 वोटों के बड़े अंतर से हराया था। उन्हें 67.42% यानी 7,28,798 वोट मिले थे। इतनी बड़ी जीत के बाद भी भाजपा ने जयंत के स्थान पर मनीष जयसवाल को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है, जो इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल का मुकाबला कर रहे हैं। कुर्मी उप-समुदाय के नेता जय प्रकाश पटेल झामुमो के सह-संस्थापक टेक लाल महतो के पुत्र हैं। पहले वह झामुमो में थे लेकिन बाद में भाजपा में चले गए और लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जयप्रकाश पटेल ने कांग्रेस में जाने के लिए हज़ारीबाग सीट के मांडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इस बार दोनों प्रत्याशी नए होने से यह तय है कि हज़ारीबाग की जनता को सांसद के रूप में नया चेहरा मिलेगा। फिलहाल यहां करीबी संघर्ष होते नजर आ रहा है। इसकी वजह पटेल का मांडू से पूर्व विधायक होना है, वह तीन बार इस विधानसभा से जीत चुके हैं। कांग्रेस ने आखिरी बार यह सीट 1984 में जीती थी जब दामोदर पांडे ने सीपीआई उम्मीदवार को हराया था।

चतरा में ओबीसी, एससी-एसटी वोटर तीन चौथाई, मुकाबला ब्राह्मण और भूमिहार में

चतरा लोकसभा सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एसटी) का वर्चस्व है। तीनों समुदायों का संयुक्त रूप से 75% से अधिक वोट शेयर है, लेकिन यहां मुकाबला भूमिहार और ब्राह्मण उम्मीदवारों के बीच हो रहा है। इस बार दोनों प्रत्याशी स्थानीय होने से इतना तय है कि पहली बार कोई स्थानीय व्यक्ति चतरा का सांसद बनेगा। भाजपा ने अपने दो बार के सांसद सुनील कुमार सिंह, जिन्होंने 2014 और 2019 में चतरा सीट जीती थी, के स्थान पर भूमिहार जाति से आने वाले कालीचरण सिंह को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने भी पिछला चुनाव हारने वाले मनोज कुमार यादव की जगह ब्राह्मण नेता पूर्व मंत्री कृष्णनंदन त्रिपाठी पर दांव लगाया है। भाजपा प्रत्याशी शिक्षक कालीचरण को चुनाव लड़ने का अनुभव नहीं है। वह प्रधानमंत्री की लोकप्रियता के सहारे जीत की उम्मीद लगाए हैं। वह पीएम का चेहरा आगे करके स्थानीय समीकरण साधके हुए कैडर वोट एकजुट करने में लगे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार जातीय समीकरण और राजद के वोटरों को साथ रखते हुए गुटबाजी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि बसपा से पूर्व सांसद नागमणि के मैदान में उतरने से कुर्मी-कोइरी वोट में सेंधमारी की संभावना है। बिहार के रहने वाले नागमणि अविभाजित बिहार के समय 1999 में लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। चतरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र सिमरिया, चतरा, मनिका, लातेहार और पांकी शामिल हैं।

अन्नपूर्णा देवी।

विनोद सिंह।

जय प्रकाश वर्मा।

कोडरमा में त्रिकोणीय संघर्ष में फंसीं केंद्रीय मंत्री

कोडरमा लोकसभा सीट पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी लगातार दूसरी बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में बगोदर से तीन बार के विधायक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह के खिलाफ मैदान में हैं। यहां झामुमो के बागी नेता पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने मुकाबले को लगभग त्रिकोणीय बना दिया है। कोडरमा को अगर भाजपा का गढ़ कहा जाता है, तो यह इलाका अपनी अभ्रक बेल्ट के लिए भी प्रसिद्ध है। 1977 में अस्तित्व में आई कोडरमा लोकसभा सीट पर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं। इनमें आठ बार भाजपा ने कमल खिलाया है। कांग्रेस को सिर्फ तीन बार जीत मिली है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में गांडेय विधानसभा के अलावा बगोदर, जमुआ, धनवार और कोडरमा विधानसभा सीटें आती हैं। यादव और कुशवाह जाति के मतदाता यहां बड़ी संख्या में होने के कारण चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2004 में बिहार से अलग राज्य बनने के बाद कोडरमा का प्रतिनिधित्व झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने किया था। अन्नपूर्णा देवी पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव से पूर्व वह भाजपा में शामिल हो गई थीं। इसके बाद भाजपा ने उन्हें कोडरमा से लोकसभा की प्रत्याशी बनाया था। अन्नपूर्णा देवी ने 2019 के चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) से मैदान में उतरे बाबूलाल मरांडी को हरा दिया था। अन्नपूर्णा देवी को 64.3% वोट मिले जबकि मरांडी 24.6% वोट ही हासिल कर पाए थे। उनकी जीत का अंतर 4.55 लाख वोट था। इस तरह कोडरमा से राजद के टिकट पर 2014 का विधानसभा चुनाव हारने वाली अन्नपूर्णा देवी पांच साल बाद भाजपा सांसद बन गईं। मरांडी जैसे दिग्गज नेता को हराने के इनाम के रूप में उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ, तो उस समय भाजपा और जदयू में खींचतान चल रही थी। अन्नपूर्णा देवी को इसका फायदा मिला और यादव कोटे से वह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री बन गईं। उनका कद और बढ़ गया। माना जा रहा है कि बगोदर से विधायक कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह राजद के समर्थन से यादव वोटों में सेंधमारी कर पाने पर ही अन्नपूर्णा देवी के लिए चुनौती बन सकते हैं।

एक नजर

राज्यसभा सांसद से अभद्रता के आरोपी पर कार्रवाई करे आप : मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोशल मीडिया पर आम आदमी पार्टी (आप) की महिला राज्य सभा सांसद के साथ दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली अभद्रता को लेकर इंडी गठबंधन व अन्य पार्टियों को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के मामले में इंडी गठबंधन के नेताओं को दोहरा मापदंड नहीं अपनाना चाहिए, बसपा के शीर्ष से सबक लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए गुरुवार को कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व उत्पीड़न के साथ किसी भी नेता द्वारा कोई भी गलत कार्य करने पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। मुख्यमंत्री आवास में घटित अभद्रता के गंभीर मामले में दोषी के विरुद्ध अब तक कार्रवाई न होना ही अनुचित है। ऐसे में सभापति व महिला आयोग को भी इस घटना पर समुचित संज्ञान लेने की जरूरत है।

शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की

अमृत विचार, लखनऊ : इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र ने कर्मचारियों से अपील की है कि अपनी ताकत दिखाने के लिए लोकसभा निर्वाचन में परिवार सहित वोट अवश्य करें। यदि चुनाव ड्यूटी लगी है तो बैलेट पेपर से अवश्य वोट दें। परिवार से भी कहें कि मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार इप्सेफ की मांगों को पूरा करने का वादा करें उसी को वोट दें।

सपा विधायक पर लगा पांच हजार का हर्जाना

अमृत विचार, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने समाजवादी पार्टी से प्रतापगढ़ के रानीगंज क्षेत्र के विधायक राकेश कुमार वर्मा पर 5 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर की एकल पीठ ने रानीगंज से ही भाजपा प्रत्याशी रहे अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा की निर्वाचन याचिका पर पारित किया है। दरअसल अभय कुमार ने राकेश कुमार वर्मा के 2022 विधान सभा चुनाव में रानीगंज से विधायक निर्वाचित किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी हुई है। उनके अधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी की दलील थी कि राकेश कुमार वर्मा ने अपने हलफनामे में अपने आपराधिक इतिहास की जानकारी छिपाई। साथ ही उम्र संबंधी तथ्य भी गलत लिखे। गुरुवार को सुनवाई में राकेश कुमार वर्मा के अधिवक्ता ने सुनवाई टालने की अपील की। न्यायालय ने पाया कि पूर्व में कई अवसरों पर भी राकेश कुमार वर्मा की ओर से सुनवाई टालने का अनुरोध किया जा चुका है।

साइबर ठगों ने लगाई टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों में सेंध

कारगुजारी : कर्मचारियों को लालच देकर हासिल करते हैं खातों और पंजीकृत फोन नंबर की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साइबर जालसाजों ने सुनियोजित तरीके से टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों में सेंध लगा दी है। बिना खाताधारक की जानकारी के खातों से रकम निकालने के कुछ मामलों में एसटीएफ निजी बैंक और टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारी और एजेंटों को गिरफ्तार भी कर चुकी है।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव के मुताबिक इसमें जालसाजों का नेटवर्क काम करता है। गिरोह के सदस्य बैंक कर्मचारियों से संपर्क करते हैं। उनको मोटी रकम का लालच देकर एक बार में सैकड़ों खातों की जानकारी हासिल कर लेते हैं। वहीं, कुछ सदस्य टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं। जो आसानी से मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हैं। साथ ही कुछ एजेंट और कर्मचारी प्री एक्टिवेटेड सिम भी मुहैया कराते हैं।

50 हजार से एक लाख रुपये होती है जानकारी की कीमत : जालसाज बैंक खातों की जानकारी हासिल करने के लिए मोटी रकम खर्च करते है। 50 लाख रुपये से अधिक के खातों की जानकारी देने वाले कर्मचारी 25 से 50 हजार रुपये दिए जाते है। जो कर्मचारी करोड़ों बैंक बैलेंस वाले खातों की जानकारी देता है। उसे प्रति खाते एक लाख रुपये दिए जाते हैं। इसके लिए पहले ही रकम तय की जाती है।

चीन के मोबाइल एप का करते हैं प्रयोग

साइबर ठगों के कुछ गिरोह आम लोगों को जिस तरह चीन के एप के जरिये ठगते है, उसी तरह के एप का प्रयोग कर बैंक व टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारियों के मोबाइल व डेस्कटॉप हैक कर लेते हैं। ऐसा मिलीभगत के चलते किया जाता है। इसके बाद डाटा हैक होने की जानकारी कर्मचारी अपने अधिकारियों को देता है ताकि एफआईआर दर्ज कराई जा सके।इससे कर्मचारी पर कोई संदेह नहीं करता। इसके बदले में साइबर ठगों के एजेंट उसे तय रकम भी पहुंचाते हैं।

इन एप का करते है प्रयोग

हेलो, वी चैट, वीबो, शेयरइट, क्यूक्यू मेल, लिवयू, एपीयूएस, एएमओआर, वीगो, मीटू, वीवा, एमआई, मेल मास्टर और वीमैट का प्रयोग करते है। इसके अलावा कुछ अन्य एप जैसे टीम व्हीवर, एनी डेस्क, इनसाइडर, इंस्टॉल बैक ट्रैक ऑन एंड्रायड, फिंग नेटवर्क, डब्ल्यूपीएस और जांटी

ये सावधानी बरतें

बैंक में खाता खुलवाने के दौरान कई दस्तावेज जमा कराए जाते हैं। बैंकों की कार्यशैली ऑनलाइन होने के कारण ज्यादातर दस्तावेज को स्कैन करने के बाद रद्दी में फेंक दिए जाते हैं। ग्राहकों को चाहिए के वे अपने स्कैन दस्तावेज ही बैंक को उपलब्ध कराएं।साथ ही इस बात की पुष्टि कर लें की वे आपके खाते की फाइल में लगाए गए हैं या नहीं।

दर्जनों बैंककर्मी हो चुके गिरफ्तार

साइबर ठगी के मामले में दर्जनों बैंक कर्मचारी गिरफ्तार हो चुके है। हाल ही में एक महीने पहले वाराणसी पुलिस ने रिटायर्ड शिक्षिका से साढ़े तीन करोड़ की ठगी करने के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें आईसीआईसीआई बैंक लखनऊ में रीजनल हेड अयोध्या के पुरानी सब्जी मंडी निवासी सरफराज आलम और लखनऊ एचडीएफसी बैंक का कैशियर नुरूलहुदा शामिल है। इसके अलावा एसटीएफ ने दो साल पहले नोएडा से 10 जालसाजों को गिरफ्तार किया। उनमें एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक की दो महिला कर्मचारी सहित चार लोग शामिल थे जो साइबर ठगों को खातों की डिटेल उपलब्ध कराते थे।

21 लाख के गांजा के साथ दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने गाजीपुर जिले के जंगीपुर से अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा सप्लाई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को 21 लाख रुपये के गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों में एक आजमगढ़ तो दूसरा गाजीपुर का निवासी है। एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि विगत कुछ दिनों से एसटीएफ को असम, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश आदि राज्यों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। इस दौरान एसटीएफ की एक टीम गाजीपुर पहुंची। टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग असम राज्य से गांजे की बड़ी खेप लेकर ट्रक से आजमगढ़ पहुंचने वाले हैं। एसटीएफ ने शक के आधार पर जंगीपुर के पास एक ट्रक को रोककर तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया था।

छठे चरण में धनबलियों की भरमार 162 में 59 उम्मीदवार करोड़पति

इस चरण के चुनाव में सबसे धनवान प्रत्याशी भाजपा की मेनका गांधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : छठे चरण के चुनाव में सबसे धनवान प्रत्याशी भाजपा की मेनका गांधी हैं और सबसे ज्यादा आपराधिक मुकदमे सपा के बाबू सिंह कुशवाहा पर हैं। चुनाव लड़ने वाले 162 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच में 59 उम्मीदवार करोड़पति हैं। 38 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, इनमें 21 पर गंभीर मामले हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा 14 निर्वाचन क्षेत्रों के नामांकनों पत्रों की जांच रिपोर्ट के आधार पर करोड़पति प्रत्याशियों में भाजपा सबसे आगे है, उसके सभी 14 उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिनकी औसतन संपत्ति लगभग 28 करोड़ हैं। दूसरे नंबर पर सपा के 12 में 11 करोड़पति प्रत्याशियों के आधार पर औसतन संपत्ति 13 करोड़ हैं। वहीं, बसपा के 14 में से 9 प्रत्याशी करोड़पति हैं, औसतन संपत्ति चार करोड़ है।

- कुल 38 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज
- सपा के बाबू सिंह कुशवाहा पर 25 मामले दर्ज

आपराधिक इतिहास वाले प्रत्याशी भी कम नहीं

छठे चरण के 38 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कई पर तो गंभीर धाराओं में मुकदमे हैं। जौनपुर लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा पर 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह का एनएचएम घोटालों में नाम आया था, जिसके बाद मायावती ने पार्टी से उन्हें निष्कासित कर दिया था। यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर संजय सिंह ने बताया कि दूसरे नम्बर पर सुल्तानपुर सीट से सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद पर आठ मामले दर्ज़ हैं। वहीं, तीसरे नंबर पर मोइनुद्दीन अहमद खान जो बसपा से श्रावस्ती के उम्मीदवार हैं, उनके ऊपर 10 मुकदमे पंजीकृत हैं। दलवार देखें तो बसपा के कुल चार प्रत्याशियों पर, भाजपा के छह, सपा के नौ प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

अनपढ़ प्रत्याशी नहीं

छठे चरण में कोई प्रत्याशी असाक्षर या अनपढ़ नहीं है। उच्च शिक्षित उम्मीदवार सबसे ज्यादा 105 हैं, 5वीं और 12वीं के बीच शिक्षा ग्रहण करने वाले 51 प्रत्याशी हैं। डिप्लोमा धारक तीन प्रत्याशी हैं और तीन उम्मीदवार मात्र साक्षर हैं।

सबसे गरीब प्रत्याशी

छठे चरण में प्रतापगढ़ से एसयूसीआई (सी) के प्रत्याशी राम कुमार यादव के पास मात्र 1686 रुपए हैं, दूसरे नंबर पर मछली शहर से निर्दलीय प्रत्याशी सुबास के पास मात्र 10 हज़ार रुपये और तीसरे नंबर पर मछली शहर से ही समाज परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी उर्मिला ने अपनी कुल संपत्ति 34 हज़ार रुपये बताई है।

धनवान प्रत्याशियों की बात करें तो सुल्तानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी हैं। जिनकी संपत्ति लगभग 97 करोड़ के आसपास है। फूलपुर से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रवीन पटेल के पास करीब 64 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वहीं, प्रतापगढ़ से सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल के पास लगभग 46 करोड़ के आसपास की संपत्ति है।

27 प्रत्याशी 60 वर्ष से ज्यादा 10 महिला प्रत्याशी मैदान में

छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्तकबीर नगर, लालगंज (सु.), आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर (सु.) और भदोही में चुनाव है। इन सीटों पर कुल 162 प्रत्याशियों में मात्र 10 महिलाएं हैं और 61 से 80 साल की आयु के प्रत्याशियों की संख्या 27 है। वहीं, 25 से 40 वर्ष के बीच के 60 प्रत्याशी, सबसे ज्यादा उम्मीदवार 41 से 60 साल के बीच के हैं, जिनकी संख्या 75 है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार। अमृत विचार

महंगाई-बेरोजगारी पर जवाब दे केंद्र सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के भीतर देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है, इस पर केंद्र की भाजपा सरकार लोगों के समक्ष अपना जवाब पेश करे। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में देश का माहौल बिगड़ गया है, इसलिए अमन चैन स्थापित करने के लिए इंडी गठबंधन की सरकार बनना जरूरी है। उप मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

- कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार बोले, देश में अमन चैन के लिए इंडी गठबंधन सरकार बनना जरूरी

उन्होंने कहा की महंगाई-बेरोजगारी ने सुरसा का रूप ले लिया है। कर्नाटक में सरकार बनने के बाद से हर माह 10 किलो अनाज गरीब परिवारों को दिया जा रहा है। गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत एक करोड़ 20 लाख महिलाओं को दो हजार रुपये प्रति माह दिया जा रहा है। एक करोड़ 50 लाख परिवारों को 200 यूनिट फ्री बिजली दी जा रही है। यहां बेरोजगारों को तीन हजार रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है। प्रदेश की महिलाओं को मुफ्त में बस यात्रा उपलब्ध कराई जा रही है। कर्नाटक की आबादी 6.7 करोड़ है। 52,000 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी और पार्टी ने घोषणा पत्र में जो गारंटी दी है, उसे लागू किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य सी चंद्रशेखर ,राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय, नेशनल कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा बाथम आदि मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-72

बाएं से दाएं

1.1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।

3.1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।

6.1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।

7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।

8.1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।

ऊपर से नीचे

2.1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला

3.1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी

4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।

5.1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।



वर्ग पहेली -71 का हल

1 गुं		2 रि				
ज		3 का	नू	न	गो	
न		र्				
	4 मों	ड	लिं	5 ग		6 मे
7 लो				8 ज	मी	न
भी				दं		हो
	9 खु	रा	फ़ा	ती		ल

सुडोकू -151

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1			2				
	4		5					
			3			8		
2			9	7				
8								9
				6	1			
		6			4		2	
		3			5			
		9		8			7	

सुडोकू -150 का हल

5	1	8	9	6	7	3	2	4
2	9	7	3	4	5	6	1	8
3	6	4	2	8	1	7	5	9
4	5	6	8	7	2	9	3	1
8	2	9	6	1	3	4	7	5
7	3	1	5	9	4	8	6	2
6	4	2	7	5	8	1	9	3
9	8	3	1	2	6	5	4	7
1	7	5	4	3	9	2	8	6

विकास के पथ पर बढ़ रहा उत्तर प्रदेश : राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः प्रदेश के विकास की पहली शर्त होती है कि वहां की कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था में सुधार होने के बाद प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह राजाजीपुरम में आयोजित सभा के दौरान उक्त बात कहीं।

उन्होंने कहा कि सपा-बसपा की सरकार में विकास की सिर्फ बातें होती थी और धरातल पर कुछ नहीं दिखता था। विकास के कारण यूपी की चर्चा अब दूसरे प्रदेशों में भी होने लगी है। रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का निर्माण तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश भारत के लिए कभी अच्छी बात नहीं सोचता है मगर वहां के एक सांसद ने कहा कि भारत महाशक्ति बन रहा है और पाकिस्तान दुनिया के आगे हाथ फैलाकर खड़ा है। देश ने 31000 करोड़ के रक्षा उपकरणों का निर्यात किया है। देश में सबसे ज्यादा संविधान में बदलाव कांग्रेस ने किए हैं।



- आम आदमी के पार्टी के नेता जेल की यात्रा से आए हैं, जेल के साइड इफेक्ट के कारण कर रहे हैं भविष्यवाणी : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे देश में एक ही नारा गूंज रहा है कि अबकी बार चार सौ पार। उन्होंने आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके नेता अभी जेल से बाहर आए हैं। जेल का साइड इफेक्ट होने के कारण ही भविष्यवाणी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास हो रहा है वहीं गरीब कल्याणकारी योजनाओं के नए कीर्तिमान बन रहे हैं। कोरोना जैसी महामारी के बाद भी प्रधानमंत्री के प्रबंधन के कारण हालात नहीं बिगड़े। देश के 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है और कोई विधायक, सांसद या पदाधिकारी मुझे पत्र लिखता है कि आयुष्मान कार्ड न होने के कारण किसी व्यक्ति का पैसा इलाज में खर्च हो रहा है तो मैं सीधे उसके खाते में धनराशि भेजता हूं। सभा में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल, अंजनी श्रीवास्तव, भारत डांगर, शंकर लाल लोधी, मनीष दीक्षित, जितेंद्र सिंह, रमेश तूफानी, अनुराग मिश्रा सत्येंद्र सिंह, दिवाकर त्रिपाठी, राघवेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

सजायाफ्ता अभियुक्त 10 वर्ष बाद गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : 2014 में रामनगर तरहर थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा निवासी एक युवक की हत्या के मामले में सजायाफ्ता अभियुक्त को एसटीएफ ने जानकीपुरम से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त विगत 10 वर्षों से फरार था। पुलिस ने उस पर 50 हजार का इनाम भी रखा था। बता दें कि हत्याकांड में शामिल चार अभियुक्त आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

एसटीएफ के एएसपी दिनेश सिंह ने बताया कि हत्या में अभियुक्त कप्तान मिश्रा की लंबे समय से तलाश की जा रही थी। कप्तान पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम भी रखा हुआ है। गुरुवार को सूचना मिली कि अभियुक्त लखनऊ में छिपकर रह रहा है। इस दौरान हरि प्लाजा, नहर रोड, प्लाट नं. 36,

- 50 हजार का था इनामी, गांव के ही युवक की हत्या के मामले में मिली थी सजा
- एसटीएफ ने जानकीपुरम से किया गिरफ्तार, विभिन्न थानों में नौ मुकदमे हैं दर्ज

तिवारीपुर, थाना जानकीपुरम में अभियुक्त की लोकेशन पाई गई। एसटीएफ टीम द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर कप्तान को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ पर उसने बताया कि वह वर्ष 2014 में गांव की आपसी रंजिश को लेकर अपने साथी सोनू, सुरेन्द्र, सर्वेश, सुनील के साथ मिलकर गांव के ही अमित शुक्ला नामक युवक की हत्या कर दी थी और शव बाराबंकी के थाना क्षेत्र रामनगर में फेंककर फरार हो गए थे। घटना में शामिल चारों अन्य सहयोगियों को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08.48 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 21.18 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

मेष — आज व्यवसाय में आय बढ़ने से प्रसन्न रहेंगे। क्रोध व जल्दबाजी के कारण महत्वपूर्ण काम बिगड़ सकते हैं। प्रेमी जन को विवाह के लिए प्रपोज कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में उत्तम सामंजस्य रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

वृष — आज जीवनसाथी से अपने दिल की बातें शेयर कर सकते हैं। आलस्य की वजह से कुछ काम लंबित हो सकते हैं। स्वार्थी व्यवहार से आपको बचना चाहिए। आपकी छवि भी खराब हो सकती है। व्यापार में अदूरदर्शी निर्णय लेने से बचना चाहिए।

मिथुन — आज सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। पैतृक संपादा से लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं।

कर्क — आज का दिन आपके लिए कुछ चुनौतीपूर्ण हो सकता है। थोड़े से धन लाभ के लिए कोई गलत काम न करें। परिवार के सदस्यों से अपने संबंध अच्छे रखें। आपको अपनी आर्थिक स्थिति की चिंता रहेगी। बुरे व्यवहार के लोगों से मित्रता हो सकती है।

सिंह — आज सभी कार्य समय पूरे हो जाएंगे जिसके कारण काफी दिनों से चला आ रहा तनाव समाप्त होगा। विदेश में नौकरी कर रहे लोगों का वेतन बढ़ सकता है। नए कारोबार में लाभ प्रतिशत बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे।

कन्या — आज गलत कार्यों की तरफ आपका रूझान बढ़ेगा। अपना चरित्र अच्छा रखें। शेयर मार्केट और कमीशन संबंधी कार्यों में नुकसान हो सकता है। यदि संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। व्यापार में आपको काफी सावधान रहने की आवश्यकता है।

तुला — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। घर की साज-सजावट का आप पूरा ध्यान रखेंगे। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग आपके प्रति काफी नरम भाव रखेगा। व्यापार में नए अवसर मिलने की संभावना निर्मित हो रही है।

वृश्चिक — आज रुके हुए कार्यों में प्रगति होने की संभावना है। पुराने ऋण का भुगतान करने से आपके ऊपर से भार कम होगा। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो दिन आपके पक्ष का रहने वाला है।

धनु — आज उच्चाधिकारी आपके काम के ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। गंभीर और बुद्धिमान लोगों की संगत में रहना पसंद करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपका कोमल व्यवहार लोगों को आकर्षित करेगा।

मकर — आज महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। घर और कार्यक्षेत्र में तालमेल की कमी रहेगी। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। शांतिपूर्वक परिस्थितियों का अवलोकन करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है।

कुंभ — आज धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था मजबूत होगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार देने का प्लान कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा भी कर सकते हैं। आपको व्यवसाय में शानदार लाभ मिलेगा। धन संबंधित परेशानियां दूर होगी।

मीन — आज आपकी गलतियां लोगों के सामने आ सकती हैं। झिझक के कारण आप अपनी बातों को ठीक तरह से रख पाने में भी मुश्किल होगी। योग और व्यायाम अवश्य करें जिससे आपको फोकस करने में आसानी होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मेला — सुबह : 10.00
- हिरासत — रात : 07.00

&pictures
- मालामाल वीकली — सुबह : 10.50
- ऊंचाई — रात : 08.00

SONY PIX
- स्पाइडर मैन : होमकमिंग — सुबह : 11.10
- वंडर वुमन — रात : 08.29

ZEE CINEMA
- नाम शबाना — सुबह : 10.45
- अकेले हम अकेले तुम — शाम : 04.25

colors CINEPLEX
- हैलो ब्रदर — सुबह : 08.57
- देवदास — दोपहर : 02.13

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक बच्चा पार्क मैं बैठकर बहुत सारी चॉकलेट खा रहा था।
पास बैठी एक महिला बोली, ज्यादा मीठा खाने वाले जल्दी मर जाते हैं।
लड़का-आपको पता है मेरी दादी की उम्र 106 वर्ष थी,जब वह मरी थी।
औरत-वह कम मीठा खाती होगी
लड़का-नहीं, वह अपने काम से काम रखती थी।

नेता-हम आपको मोबाइल देंगे, लैपटॉप देंगे ,साइकिल देंगे।
जनता-और मालिक नौकरी?
नेता-वो हमारे मामा के साले के भतीजे के लिए हम जबान दे चुके।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-985 फ्लैग-1100 डीएमओ-870 बोल्ड-1160
चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 870

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	88650
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	90000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	95000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75550
गिन्नी (प्रति नग)	56300-56500
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,200
चांदी आभूषण	85,000

रिलायंस ने आरईसी सोलर नॉर्वे की बिक्री पूरी की

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने करीब 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर में आरईसी सोलर नॉर्वे एएस को ओस्लो में सूचीबद्ध एल्केम एएसए को बेच दिया है। बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब आरईसी नॉर्वे कंपनी की अनुषंगी कंपनी नहीं है। आरआईएल ने अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और एशिया में अन्य जगहों सहित वैश्विक स्तर पर हरित ऊर्जा बाजारों में विस्तार को चाइना नेशनल ब्लूस्टार ग्रुप को. से आरईसी सोलर होल्डिंग्स को अक्टूबर 2021 में खरीदा था।

घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटा

नई दिल्ली। सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को गुरुवार से 8,400 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,700 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नई दरें 16 मई से प्रभावी हैं। भारत ने पहली बार एक जुलाई 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया था।

सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 22 हजार पार

एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली, अमेरिका व एशिया के बाजारों में तेजी से मिला समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 676 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं एनएसई का निफ्टी भी 22,400 अंक के पार निकल गया। वहीं बुधवार को आई गिरावट के बाद बाजार गुरुवार फिर से संभल गया है और करीब एक प्रतिशत के लाभ में रहा। एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली तथा अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 676.69 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,663.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 73,749.47 अंक तक गया और नीचे में 72,529.97 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 203.30 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,403.85 अंक पर बंद हुआ।

- अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रहने के मिल रहे संकेत

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच घरेलू बाजार में तेजी दिखाई दी है। मजबूत वैश्विक रुख यह संकेत देता है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रह सकती है। इससे इस साल वहां नीतिगत दर में कम-से-कम दो बार कटौती की उम्मीद जान पड़ती है।

वहीं सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और कोटक महिंद्रा बैंक आदि प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक आदि के शेयर शामिल हैं।

उतार- वढ़ाव के बीच बाजार एक प्रतिशत लाभ लेने में रहा सफल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि कारोबार के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव रहा लेकिन यह लगभग एक प्रतिशत लाभ लेने में कामयाब रहा। मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (मिडकैप) 1.07 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (स्मॉलकैप) 0.85 प्रतिशत लाभ के साथ मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट बुधवार को भी बढ़त में था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.33 प्रतिशत घटकर 82.45 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,832.83 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

विनिवेश के बाद एयर इंडिया नहीं रही सरकार की इकाई : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसले में कहा कि जनवरी, 2022 में टाटा समूह के हाथों अधिग्रहीत होने के बाद एयर इंडिया संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकार या इसकी इकाई नहीं रही है और इसके खिलाफ मौलिक अधिकार के उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है। साथ ही शीर्ष अदालत ने बंबई हाईकोर्ट के 20 सितंबर, 2022 के फैसले के खिलाफ दायर अपील को रद कर दिया।

हाईकोर्ट में एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों की तरफ से वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति जैसे मसलों को उठाया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि हाईकोर्ट ने एयर इंडिया के निजीकरण को आधार बनाते हुए इन रिट याचिकाओं को सुनवाई के लायक न मानते हुए उनका निपटारा कर दिया था। पीठ ने कहा कि सरकार ने एयर इंडिया के विनिवेश के दौरान

- 2022 में टाटा समूह ने एयर इंडिया को कर लिया था अधिग्रहीत
- एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति की उठाई थी मांग

अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की इकाई टैलेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी लिहाजा अब इस निजी कंपनी पर उसका कोई प्रशासनिक या सघन व्यापक नियंत्रण नहीं है। एयर इंडिया का सरकार ने विनिवेश किया था जिसमें टाटा समूह के हाथ में इसकी कमान आ गई थी। अपने विनिवेश के बाद कंपनी का नियंत्रण निजी हाथों में चले जाने के बाद उसे अब एक सरकारी इकाई नहीं माना जा सकता है।

अल्पकालिक परिपक्वता पर एसबीआई ने एफडी दर बढ़ाई

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता पर सावधि जमा दर में 75 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। यह कदम अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी उठाए जाने की संभावना है। एसबीआई की वेबसाइट पर जारी किए गए संशोधित आंकड़े के अनुसार, 46-179 दिन की सावधि जमा (एफडी) के लिए दर 75 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 4.75 प्रतिशत थी। अन्य दो परिपक्वता अवधि 180-210 दिन और 211 दिन से लेकर एक वर्ष से कम में 25 आधार अंक की वृद्धि हुई है, जो क्रमशः छह प्रतिशत और 6.25 प्रतिशत है। दो करोड़ रुपये से कम जमा पर नई दरें 15 मई 2024 से प्रभावी हैं। इसमें कहा गया कि वरिष्ठ नागरिक मानदंडों के अनुसार संशोधित दरों पर अतिरिक्त 50 आधार अंक के पात्र होंगे। एसबीआई ने एक वर्ष से अधिक की अन्य परिपक्वता अवधियों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रखी हैं।

निर्यात बढ़कर पहुंचेगा 500 अरब डॉलरः फियो

नई दिल्ली। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद देश का वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष में 12 से 15% बढ़कर 500 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। फियो ने निर्यात को गति देने के लिए दीर्घकालीन कर्ज देने, ब्याज छूट बढ़ाने, निर्यात विकास कोष बनाने जैसे सुझाव दिये। वस्तु निर्यात 2023-24 में 437.1 अरब डॉलर रहा है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि देश का सेवा निर्यात 2024-25 में 390 से 400 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है।

मेंथा पर फिर फिदा हुए किसान, बढ़ाई पैदावार

- सिंथेटिक मेंथा के उत्पादन व कम दाम से 2020 से घटा था प्रदेश का रकबा
- तीन साल में काफी हुई बढ़ोतरी, नए जिलों में बंद हो गई पैदावार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : देश-विदेश में मेंथा ऑयल की मांग बढ़ने से प्रदेश के किसान इसको पुनः गंभीर हुए हैं। निष्कर्ष यह कि वर्ष 2020 से घटे रकबा और उत्पादन में 2023 तक बढ़ोतरी हुई है। लाभ होता देखकर मेंथा बेल्ट के 37 जिलों के किसान मुख्य फसल उगाने लगे हैं। जबकि कन्नौज समेत कुछ जिलों में पैदावार बंद हो गई है। क्योंकि 2020 में सिंथेटिक मेंथा ऑयल ने बाजार में जगह बनाई थी। जो सस्ता होने से खूब बिका। इससे पैदावार और बिक्री प्रभावित हुई। इस वजह से बेल्ट टूटती गई, लेकिन दवाएं, खाद्य और पेय पदार्थ आदि में असली की जगह सिंथेटिक नहीं ले सका। इस वजह से प्राकृतिक मेंथा की मांग बढ़ने से रकबा और पैदावार में इजाफा होने लगा है।

ठंडी होती तासीर, किया जाता निर्यात

मेंथा ऑयल की तासीर ठंडी होती है। इसका उपयोग खुशबू वाले उत्पाद में होता है। ज्यादातर औषधीय दवाएं बनती हैं। खाने की चीजें जैसे पान, टॉफी, च्युइंगम, चाकलेट, कैंडी, चाय और मिठाई आदि में डाली जाती है। किसी खाद्य सामग्री का स्वाद बनाने में ज्यादा प्रयोग होता है। कॉस्मेटिक सामान, परफ्यूम, टूथपेस्ट, माउथवाश, शैंपू, बॉडी लोशन, दर्द नाशक क्रीम. साबुन आदि में मेंथा ऑयल डाला जाता है। इसका प्रदेश से निर्यात अमेरिका, चीन और सिंगापुर जैसे देशों में होता है।

सिंथेटिक हानिकारक, पहचान मुश्किल

कंपनियां सिंथेटिक मेंथा केमिकल से तैयार करती हैं। बिना परीक्षण इसकी पहचान मुश्किल है। इसके सेवन से बीमारियां होती हैं। दवाओं और खाद्य पदार्थों के परीक्षण पर सिंथेटिक की पहचान हुई तो प्रयोग नहीं हुआ। जबकि कॉस्मेटिक सामान बनाने वाली इकाइयां इसका प्रयोग कर रही हैं।

> सिंथेटिक मेंथा से से किसानों को अच्छे दाम नहीं मिले थे और उतार चढ़ाव लगा रहा, लेकिन सिंथेटिक की मांग न होने से सुधार हुआ है। जल्द पहले से अधिक उत्पाद करेंगे।
> –विजय बहादुर द्विवेदी, निदेशक खाद्य एवं प्रसंस्करण उप्र

इस तरह घटा और बढ़ा प्रदेश में मेंथा का क्षेत्रफल और पैदावार

वर्ष	क्षेत्रफल (हे.)	आयल (उत्पाद एमटी)
2020	3,46,003	36,304.12
2021	3,46,299	35,007.04
2022	3,47,461	35,117.46
2023	3,48,682	35,154.10

इन जिलों में हुई बढ़तोरी

जिला	2020	2023
बदायूं	4837.21	4920
मुरादाबाद	2281	2357
रामपुर	2366	2359
संभल	3591	3626
लखनऊ	910	938
सीतापुर	4656	4713
बाराबंकी	9935	9963
बरेली	74	76.21

(आंकड़े एमटी में)

राष्ट्रीय

एक नजर

भंडारे के भोजन से 90 लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

मुंबई। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक मंदिर के बाहर आयोजित भंडारे में खाना खाने से कई लोगों की तबीयत खराब हो गई और कम से कम 90 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार शाम को नायगांव में हुई। शिव मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे में श्रद्धालुओं को अम्बील और खीर का प्रसाद दिया गया। अम्बील खाने के बाद श्रद्धालुओं को चक्कर आने के साथ उल्टी होने लगी। शुरुआत में कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन देर शाम कुछ और लोगों ने खाद्य विषाक्तता की शिकायत की।

सोनीपत में बॉयलर फटने से दो लोगों की मौत

चंडीगढ़। हरियाणा के सोनीपत में बॉयलर फटने से दो लोगों की जान चली गई और 25 लोग घायल हो गये हैं। बृहस्पतिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। सोनीपत के कुंडली शहर में बुधवार की रात यह घटना हुई। कुंडली नगर के थाना प्रभारी देवेन्दर सिंह ने फोन पर बताया, हमें घटना स्थल से दो शव मिले हैं। विस्फोट से 25 लोग घायल हो गये हैं। बॉयलर फटने के कारण हुए धमाके से निकटवर्ती इमारत को भी नुकसान पहुंचा है।

कार में बंद होने के बाद दम घुटने से बच्ची की मौत

कोटा (राजस्थान)। राजस्थान के कोटा में कार में बंद हो जाने के कारण तीन वर्षीय बच्ची की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार की है जब बच्ची के माता-पिता शादी समारोह मे गए थे। मृतक बच्ची की पहचान गोरविका नागर के रूप में हुई। खतौली थाने के प्रभारी बन्ना लाल ने बताया कि प्रदीप नागर अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ जोरावरपुरा गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जैसे ही परिवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा, मां और उसकी बड़ी बेटी कार से बाहर निकल आईं और प्रदीप वाहन पार्क करने चले गए। प्रदीप को लगा कि गोरविका अपनी मां के साथ है और उन्होंने कार को लॉक किया। बाद में बच्ची का पता नहीं चलने पर उसको ढूंढना शुरू किया। माता-पिता ने बच्ची को कार की पिछली सीट पर बेहोश पाया और उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

2.71 करोड़ डोडा पोस्त छिलका जब्त, दो गिरफ्तार

चूरू। राजस्थान में चूरू जिले की सेड़वा थाना पुलिस ने गुरुवार को नाकाबंदी के दौरान कंटेनर से दो करोड 71 लाख मूल्य का डोडा पोस्त छिलका जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। एसपी जय यादव ने बताया कि थाना प्रभारी अल्का बिश्नोई की टीम ने मामले में पलविंद्र सिंह निवासी पंजाब एवं मंगल पासवान निवासी यूपी को पकड़ा है।

देश को नहीं चाहिए एक-एक साल वाला पीएम: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों के पक्ष में रैलियों को किया संबोधित

सीतामढी/मधुबनी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि देश को एक मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए, न कि बारी-बारी, एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री। बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इंडिया गठबंधन वालों का कुछ होना नहीं है। पर मान लीजिए, वे स्वप्न में भी जीत जाते हैं तो उनका प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार कौन होगा। ममता बनर्जी बन सकती हैं क्या, लालू बन सकते हैं क्या, स्टालिन बन सकते हैं क्या, शरद पवार बन सकते हैं क्या, जब गठबंधन वालों से पूछा गया कि आपका प्रधानमंत्री का प्रत्याशी कौन है तो उन्होंने कहा, बारी-बारी एक-एक साल बनेंगे। अरे यह परचून की दुकान है क्या कि पीढ़ी दर पीढ़ी चलेगी।

बिहार के मधुबनी में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अभिनंदन किया गया।

उन्होंने कहा, देश को मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए जो उसे सभी खतरों से निकाल ले। कोरोना जैसी महामारी आ जाए तो नेतृत्व करे। देश को अगर संकट से कोई बचा सकता है तो वह मोदी हैं। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, गो हत्या करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले पर शाह ने कहा, यह केंद्र सरकार का सही फैसला था। पीएफआई देश को इस्लामिक राज्य बनाना चाहता था। ये कांगेस वाले, ये फारूक अब्दुल्ला हमें डराते हैं कि पीओके मत मांगिए, पाकिस्तान के पास एटम बम है। अरे राहुल बाबा, आप डरिए पाकिस्तान से, एटम बम से, यह भारत किसी से नहीं डरता। मैं आज सीता माता की धरती पर कहकर जाता हूं, पीओके भारत का है, रहेगा और वह हम लेकर रहेंगे।

मां सीता की जन्म भूमि पर स्मारक बनाने का काम बाकी

उन्होंने कहा, मोदी जी ने अयोध्या में रामलला का मंदिर बनाया। एक काम पूरा हुआ। अब मां सीता की जन्म भूमि पर महान स्मारक बनाने का काम बाकी है। रामलला के मंदिर से अपने आपको दूर रखने वाले वह नहीं बना सकते। सीता माता का भाव, उनके त्याग, समर्पण, तपस्या और आदर्श के अनुरूप स्मारक/मंदिर अगर कोई बना सकता है तो नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ही बना सकती है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाकर जाता हूं, न केवल भारत, न केवल बिहार, न केवल पूर्वांचल, मिथिलांचल, पूरी दुनिया का आकर्षण का केंद्र हमारा सीतामढ़ी बने, ऐसा भव्य मंदिर बनाने का काम हम करेंगे। शाह ने कहा, देश में 10 साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार चली जिसमें लालू यादव भी मंत्री थे। उन्होंने बिहार को मात्र दो लाख 80 हजार करोड़ रुपये दिए, जबकि मोदी जी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में बिहार को 11 लाख 33 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया।

15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरू : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है।

जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने वोट की ताकत समझिए। आपका एक वोट, 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500

- कांगेस नेता ने एक एक वोट को बताया जरूरी

रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा- आपका एक वोट। कांग्रेस को मिला आपका एक वोट युवाओं को 1 लाख रुपए वर्ष की पहली नौकरी दिलवाएगा, आपको अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगा, अपनी सरकार चुनने का अधिकार सुरक्षित कर लोकतंत्र बचाएगा और वंचितों के हक, भागीदारी तथा आरक्षण की रक्षा करने के साथ ही जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का अधिकार कायम रखेगा। इन्डिया गठबंधन को मिला आपका हर वोट, मजबूत लोकतंत्र और सशक्त नागरिक बनाएगा।

कोर्ट के संज्ञान के बाद आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 44 के तहत एक शिकायत पर अदालत के संज्ञान लेने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह सुनवाई के दौरान अपना फैसला सुनाया।

उच्चतम न्यायालय ने अपीलकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में कई निर्देश जारी किए।

- सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में जारी किए निर्देश

शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि अगर ईडी उसी अपराध की आगे की जांच करने के लिए अदालत की ओर से समन जारी होने के बाद कोर्ट में पेश हुए आरोपी की हिरासत चाहती है तो उसे (केंद्रीय जांच एजेंसी) को विशेष अदालत में आवेदन करके आरोपी की हिरासत मांगनी होगी। इसके बाद संक्षिप्त कारण दर्ज करने के बाद आवेदन पर आदेश पारित करना होगा।

आरोपी को रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं

शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोपी को अदालत की ओर से समन किया जाना चाहिए, लेकिन उसे अपनी रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, यदि आरोपी समन (अदालत के) के अनुसार विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। इसलिए आरोपी के लिए जमानत के वास्ते आवेदन करना जरूरी नहीं है।

झारखंड के मंत्री आलमगीर छह दिन की रिमांड पर

रांची, एजेंसी

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड की पाकुड़ सीट से विधायक और राज्य सरकार में संसदीय मामलों के मंत्री आलमगीर आलम को बृहस्पतिवार को छह दिनों के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने आलम के लिए 10 दिन की रिमांड मांगी थी। आलम को ईडी ने बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

- धन शोधन में ईडी ने बुधवार को आलम को किया था गिरफ्तार

आलम के वकील किशलय प्रसाद ने कहा कि मंत्री की छह दिन की रिमांड शुक्रवार से शुरू होगी। आज, वह न्यायिक हिरासत में हैं। आलम के खिलाफ कोई विशिष्ट आरोप नहीं हैं। सब कुछ अस्पष्ट है। उन्होंने (ईडी) न तो किसी ऐसे व्यक्ति के नाम का खुलासा किया, जिसने पैसे लिये हैं और न ही अपराध किसने किया, इसका जिक्र है। नकदी किसी जहांगीर के पास से बरामद हुई है और उसका आलमगीर आलम से कोई लेना-देना नहीं है। आलम के वकील ने ईडी की रिमांड याचिका का विरोध करते हुए अदालत में 70 वर्षीय मंत्री की स्वास्थ्य स्थिति का भी हवाला दिया।

चुनाव के चार चरणों में 67% हुआ मतदान

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया। करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। आयोग ने बयान में मतदाताओं का आह्वान किया कि वे आने वाले चरणों में मतदान के लिए बड़ी संख्या में बाहर निकलें। आयोग के अनुसार, 13 मई को हुए चौथे चरण में अद्यतन मतदान 69.16 प्रतिशत था, जो 2019 के संसदीय चुनावों में इसी चरण की तुलना में 3.65 प्रतिशत अंक अधिक है। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान के लिए अद्यतन मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत रहा। 2019 के आम चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। गत, 26 अप्रैल को हुए चुनाव के दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 के दूसरे चरण में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। मौजूदा आम चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनाव में पहले चरण में 69.43 फीसदी मतदान हुआ था।

- आयोग ने मतदान करने का लोगों से किया आग्रह

बीआरएस नेता कविता की याचिका पर रुख स्पष्ट करे सीबीआई

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर गुरुवार को सीबीआई से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई को नोटिस जारी किया और सुनवाई 24 मई के लिए तय कर दी। इसी दिन ईडी के धन शोधन के मामले में जमानत को लेकर कविता द्वारा दाखिल अन्य याचिका पर भी सुनवाई होनी है। कोर्ट ने नोटिस जारी किया और अधीनस्थ न्यायालय के आदेश के खिलाफ कविता की एक अन्य याचिका पर भी सीबीआई से जवाब मांगा।

यूपी में धर्म परिवर्तन मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर शीर्ष रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के कुलपति और अन्य के खिलाफ अवैध धर्मांतरण के आरोप में दर्ज पांच प्राथमिकियों पर निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत की कार्यवाही जारी रखने के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मामले में सुनवाई अदालत में प्राथमिकी के संबंध में आगे की कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे समेत कई वकीलों की इस दलील पर गौर किया कि निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी जाए क्योंकि सभी आरोपियों को इन मामलों में राज्य पुलिस द्वारा दाखिल नए आरोपपत्रों के मद्देनजर जारी किए गए समन के बाद पेश होना होगा। आरोपियों के वरिष्ठ वकील मुक्ता गुप्ता ने कहा कि कथित पीड़ितों में से किसी की भी गवाही राज्य पुलिस द्वारा दर्ज नहीं की गई, जिनके बारे में दावा किया गया था कि उन्हें बहकाकर ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। पीठ ने दलीलें सुनीं और मामले की अगली सुनवाई दो अगस्त के लिए सूचीबद्ध की।

- प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप

कोर्ट ने यादव सिंह को सीबीआई की गिरफ्तारी से संरक्षण किया प्रदान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को नोएडा प्राधिकरण के पूर्व मुख्य अभियंता यादव सिंह को भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। भ्रष्टाचार के इस मामले में यादव सिंह ने दिसंबर 2011 में कथित तौर पर 954 करोड़ रुपये के 1280 रखरखाव ठेकों का काम आठ दिन में कराया था।

- सीबीआई के आरोप पत्र दायर करने के बाद जारी हुआ जमानती वारंट

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यादव सिंह की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि मामले में आरोपी के खिलाफ सीबीआई द्वारा पूरक आरोपपत्र दायर किये जाने के बाद उनके खिलाफ एक जमानती वारंट जारी किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि तीन साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी और अब उन्हें ताजा पूरक आरोपपत्र दाखिल होने के मद्देनजर नए सिरे से गिरफ्तारी की आशंका है।

फिल्म फैस्टिवल

दक्षिण फ्रांस में आयोजित 77वें अंतरराष्ट्रीय कान्स फिल्म महोत्सव में फोटोग्राफरों के लिए पोज देती अभिनेत्री अन्या टेलर-जॉय।

ओमान में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजनों ने एयर इंडिया से मांगा मुआवजा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- दिल का दौरा पड़ने के कारण महिला नहीं जा पाई थी पति के पास
- एआई एक्सप्रेस के चालक दल की हड़ताल के कारण रद हुई थी उड़ानें

दिल का दौरा पड़ने के कारण हाल ही में ओमान में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के परिजनों ने बृहस्पतिवार को तिरुवनंतपुरम में एअर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) के कार्यालय के बाहर शव रखकर विरोध-प्रदर्शन किया। परिजनों ने एअर इंडिया एक्सप्रेस से मुआवजे की मांग की और दावा किया कि अगर विमानन कंपनी ने उड़ानें रद नहीं की होती तो उसकी पत्नी उसके साथ होती। मृतक के परिजनों ने कहा कि एअर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों की हड़ताल के कारण उड़ानें बार-बार रद होने से महिला अपने पति के पास नहीं जा सकी और देखभाल के लिए कोई नहीं होने के कारण खाड़ी देश में महिला के पति की मौत हो गई। मृतक के शव को सुबह केरल लाया गया।

शव के साथ रिश्तेदार सीधे एआईएसएटीएस कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। यह कंपनी विमान का जमीन पर रखरखाव, यात्री सहायता और हवाई मालवहन जैसी सेवाएं देती हैं। टीवी चैनलों पर दिखाए गए दृश्यों के अनुसार, रिश्तेदारों ने शव को एआईएसएटीएस के कार्यालय की इमारत की सीढ़ियों के सामने रखा और आसपास चुपचाप खड़े हो गये। महिला के पिता ने आरोप लगाया कि एयरलाइन के खराब रवैये के कारण उन्होंने अपने दामाद को खो दिया।

फट सकता है आपकी कार का टायर भूलकर भी आप न करें ये गलतियां

वाहन में टायर सबसे अहम भूमिका निभाता है। क्योंकि रोड पर जब आपकी कार चलती है तो वो सीधा टायर से कनेक्ट रहती है। कई बार लोग वाहन के टायर का खास ख्याल नहीं रख पाते हैं जिसके कारण बीच रास्ते में टायर फट जाता है। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा से देवरिया जाते समय यमुना एक्सप्रेसवे पर दूल्हे की कार टायर फट गया। हादसे में 5 की मृत्यु हो गई, जबकि 3 लोग घायल हुए। ऐसी न जाने प्रतिदिन कितनी घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस खबर के माध्यम से आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप कैसे अपने कार के टायर का ख्याल रखें कि आपको ऐसी दुर्घटना का सामना न करना पड़े।



इसलिए फटते हैं टायर

- **तेज स्पीड** : घर्षण के चलते टायर गर्म हो जाते हैं। टायर के भीतर हवा फैलती है और प्रेशर ज्यादा होने से टायर फट जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वे इतनी गर्मी सहन करने के लिए डिजाइन नहीं होते हैं।
- **खराब टायर** : खराब टायरों का घर्षण भी ज्यादा होता है और वे जल्दी गर्म होते हैं। लोगों को समझना चाहिए कि यदि टायरों की ट्रेडिंग की गहराई कम है तो वे ज्यादा स्पीड पर चलाने के लिए मुफीद भी नहीं हैं।
- **ज्यादा हवा** : टायर में क्षमता से ज्यादा हवा होने से सड़क पर टायर की कम सतह लगती है, जिससे कंट्रोल हाथ से निकल सकता है। ठीक से कंट्रोल न किया जा सकने वाला वाहन कभी भी हादसे का शिकार हो सकता है।

यह ध्यान रखना जरूरी

- **टायर की उम्र** : सामान्यतया 40 हजार किलोमीटर के बाद टायर बदले जाने चाहिए। इतने चलने के बाद टायर गर्मी व बारिश में तेज स्पीड में चलाने लायक नहीं रहता।
- **टायर प्रेशर** : टायर कंपनियां वाहनों के आगे-पीछे के टायरों के लिए एक मानक प्रेशर तय करती हैं। लंबी दूरी की यात्रा करने से पहले टायर प्रेशर जांचना जरूरी है।
- **नाइट्रोजन भरें** : ऑटोमोबाइल एक्सपर्टस के मुताबिक सामान्य हवा के बजाय टायरों में नाइट्रोजन भरी जाए तो अच्छा है। यह हवा से हल्की होती है, जो लंबी दूरी की यात्राओं में टायर के घर्षण से गर्म होकर फैलती नहीं।
- **अलाइनमेंट** : गाड़ी का अलाइनमेंट ठीक नहीं होने से टायर पर ज्यादा इम्पैक्ट होता है जिससे वह फट जाता है। टैक्सी गाडियों का अलाइनमेंट चैकअप हर 3-4 महीने में होना चाहिए। लापरवाही मिलने पर गाड़ी मालिक के खिलाफ धारा-304 में केस हो सकता है।

एक नजर

कविता कृष्णमूर्ति लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

लंदन। प्रसिद्ध गायिका कविता कृष्णमूर्ति को लंदन में वार्षिक यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में संगीत में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मिस्टर इंडिया और हम दिल दे चुके सनम जैसी कई हिंदी फिल्मों के गीतों को अपनी आवाज दे चुकीं हैं। 66 वर्षीय कृष्णमूर्ति को चार दशक के करियर में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने लगभग 45 भारतीय भाषाओं में 50,000 से अधिक गाने गाए हैं।

यूरोप में जल्द ही शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन में उम्मीद जतायी कि यूरोप में जल्द ही शांति और स्थिरता लौटेगी और चीन रचनात्मक भूमिका निभाएगा। पुतिन की बीजिंग यात्रा ऐसे समय हो रही है जब मॉस्को यूक्रेन में एक नए हमले की तैयारी कर रहा है। चीन ने 2023 में यूक्रेन में शांति के लिए प्रस्ताव जारी किया था।

हवाई की सवाना को मिस यूएसए का ताज

न्यूयॉर्क। हवाई की सवाना गैंकीविक्ज को बुधवार को मिस यूएसए 2023 का ताज पहनाया गया। इस खिताब की पिछली विजेता नोएलिया वोइट ने करीब एक सप्ताह पहले, अपने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। होनोलूलू स्टार-एडवरटाइजर की खबर के अनुसार, महिला सशक्तीकरण गैर-लाभकारी संस्था का नेतृत्व करने वाली मॉडल गैंकीविक्ज़ के पास यह खिताब, कार्यकाल की शेष अवधि यानी अगस्त तक रहेगा।

17 विदेशियों को निर्वासित करने का दिया निर्देश

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारत सरकार को निर्देश दिया कि असम के एक निरुद्ध केंद्र में बंद ऐसे 17 विदेशियों को निर्वासित किया जाए जिनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जमा की गई एक रिपोर्ट पर संज्ञान लिया जिसमें कहा गया है कि असम के निरुद्ध (डिटेंशन) केंद्र में 17 घोषित विदेशी हैं। पीठ ने कहा हमारी राय है कि भारत सरकार को इन 17 विदेशियों को निर्वासित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं हैं।

जिनपिंग-पुतिन बोले, हिंद व प्रशांत क्षेत्र में नाटो का रुख विनाशकारी

पांचवें कार्यकाल के शपथ ग्रहण करने के बाद बीजिंग पहुंचे पुतिन, राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले

बीजिंग, एजेंसी

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को बीजिंग में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को विनाशकारी करार दिया। साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। अपने 5वें कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पुतिन पहली विदेश यात्रा पर दो दिन की चीन की राजकीय यात्रा पर बीजिंग आये हैं।

चीनी राष्ट्रपति ने यहां अपने पुराने मित्र रूसी राष्ट्रपति का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया। पुतिन ने अपने बयान में चीनी राष्ट्रपति के साथ उनकी बातचीत को असाधारण, गहन और सार्थक करार दिया। उन्होंने कहा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हमारी आज की असाधारण गहन और सार्थक वार्ता को जारी रखते हुए द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करके बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद संयुक्त वक्तव्य में चीन रूस द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए दीर्घकालिक दिशा-निर्देश तय किये गये हैं।

शी ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में पांचवी बार शपथ लेने के लिए श्री पुतिन और रूस के लोगों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि पुतिन के नेतृत्व में रूस विकास के पथ पर निश्चित रूप से और अधिक प्रगति करेगा। चीन के राष्ट्रपति ने चीन-रूस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक पड़ाव है।

बीजिंग में दलबल के साथ बैठक करते चीन व रूस के राष्ट्रपति।

पुतिन का स्वागत करते जिनपिंग।

- पूर्वोत्तर एशिया में अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की

वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई घोषणाएं की

बातचीत के बाद दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया जिसमें वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गई। रूस और चीन के नेताओं ने नाटो के रुख को विनाशकारी बताते हुए विभिन्न देशों से टकराव वाली नीतियां अपनाने, दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करने का आह्वान किया। वक्तव्य के अनुसार चीन ने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने के रूस के प्रयासों का समर्थन तथा उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध किया। कहा गया कि किसी भी राज्य को दूसरों की सुरक्षा की कीमत पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करनी चाहिए। रूस, चीन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के साथ राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और मानवीय संबंधों में सहयोग की संभावनाओं को मजबूत करने का संकल्प जताया और सैन्य निर्माण के माध्यम से पूर्वोत्तर एशिया (विशेष रूप से उत्तर कोरिया के संदर्भ में) में शक्ति संतुलन बदलने के अमेरिकी आधिपत्य प्रयासों का विरोध व्यक्त किया।

छत्तीसगढ़ में मृत तेंदुआ मिला, शरीर के कई अंग गायब

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में वन विभाग ने एक मृत तेंदुआ बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब दल वहां पहुंचा तो देखा तेंदुआ का शव क्षत—विक्षत वहां पड़ा था।

इस वन्य प्राणी के शरीर में खाल के कुछ हिस्से, नाखून, दांत और पूछ नहीं थे। अधिकारियों के मुताबिक इस क्षेत्र में अक्सर तेंदुआ देखा जाता है। गर्मी के मौसम में वे भोजन और पानी की तलाश में यहां आते रहे हैं। आशंका है कि शिकारियों ने तेंदुआ को जहर देकर मार दिया तथा उसके अंगों को काटकर निकाल लिया। वन विभाग ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाइडेन प्रशासन में 16 लाख प्रवासी अमेरिका में घुसे

वाशिंगटन, एजेंसी

- देश की दक्षिणी सीमा के माध्यम से अधिकारियों से बचकर किया प्रवेश

अमेरिका में बाइडेन प्रशासन में देश की दक्षिणी सीमा के माध्यम से अवैध रूप से लगभग सोलह लाख प्रवासियों ने प्रवेश किया है। फॉक्स न्यूज ने अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) से प्राप्त आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2021 और 2023 के बीच सीबीपी ने दर्ज किया कि लगभग 16 लाख प्रवासी अवैध रूप से अमेरिकी दक्षिणी सीमा पार करने पर अधिकारियों से बचने में सक्षम रहे। पिछले वर्षों की तुलना में ओबामा और ट्रम्प प्रशासनों के तहत वित्तीय वर्ष 2010 और 2020 के बीच अवैध रूप से अमेरिका-मेक्सिको सीमा पार करने वाले प्रवासियों की संख्या चौदह लाख से अधिक थी। अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आने वाले अधिकांश शरण चाहने वाले प्रवासी अमेरिका में प्रवेश करने के तुरंत बाद खुद को अमेरिकी सीमा गश्ती एजेंटों के पास सौंप देते हैं।

निज्जर हत्या मामले में अमनदीप कोर्ट में पेश

ओटावा, एजेंसी

- खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या से जुड़े मामले में तीन दिन पहले अमनदीप सिंह को किया था गिरफ्तार

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े मामले में गिरफ्तार भारतीय नागरिक अमनदीप सिंह को कनाडा की अदालत के समक्ष बुधवार को पेश किया गया। अदालत ने उसे 21 मई को दोबारा पेश करने का निर्देश दिया है। इस चर्चित मामले में अमनदीप सिंह, तीन अन्य लोगों के साथ सह आरोपी है। निज्जर की हत्या के मामले को लेकर भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि अमनदीप सिंह (22) को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये बुधवार को सरे की अदालत में पेश किया गया जिसके बाद न्यायधीश ने मामले की सुनवाई अगले सप्ताह के लिए टाल दी। निज्जर (45) की पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अमनदीप पर 11 मई को हत्या और हत्या करने की साजिश रचने का अभियोग लगाया गया।

अदालत कक्ष के बाहर झंडे लेकर खड़े थे खालिस्तान समर्थक

अमनदीप सिंह पेशी से पहले अदालत कक्ष के बाहर करीब दो दर्जन लोग खालिस्तान के समर्थक झंडे लेकर खड़े थे। पुलिस के मुताबिक अमनदीप, करण बराड़, कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह भारतीय नागरिक हैं। अमनदीप कनाडा के ब्रैम्पटन, एबॉट्सफ़ोर्ड और सरे में अपना समय बिताता था। कनाडियाई मीडिया के मुताबिक आरोपी उस हमलावर दस्ते के सदस्य थे जिनके बारे में माना जा रहा है कि भारत सरकार ने उन्हें निज्जर की हत्या करने का जिम्मा सौंपा था।

स्लोवाकिया पीएम फिको के हमलावर ने अकेले ही घटना को दिया था अंजाम

बांस्का बिस्त्रिका (स्लोवाकिया), एजेंसी।

- स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज ने दी यह जानकारी

स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज एस्टोक ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी करने वाले हमलावर ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया। इस जानलेवा हमले ने इस छोटे से मध्य यूरोपीय देश को सकते में डाल दिया है। नेता हमले के लिए अत्यंत राजनीतिक ध्रुवीकरण को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

गृह मंत्री एस्टोक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमले के लिए जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है उसका किसी भी राजनीतिक समूह से जुड़ाव नहीं रहा है। प्रधानमंत्री फिको पर बुधवार को एक सांस्कृतिक केंद्र के बाहर पांच गोलियां चलाई गईं जिस दौरान वह समर्थकों से मिल रहे थे। फिको का उपचार किया जा रहा है।

फिको की शल्य चिकित्सा के बाद हालत स्थिर : ब्रातिस्लावा। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत शल्य चिकित्सा के बाद स्थिर है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया टीए3 के अनुसार बीबीसी ने स्लोवाकिया के पर्यावरण मंत्री टॉमस ताराबा के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री की जान को कोई खतरा नहीं है।

नकली पुलिसकर्मियों ने कैफे मालिक से 25 लाख रुपये लूटे

मुंबई। अपराध शाखा से जुड़े होने का दावा करने वाले छह लोग मुंबई के सायन इलाके में एक कैफे मालिक के घर में घुस गए और कथित तौर पर 25 लाख रुपये ले गए।

पुलिस ने इनमें से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के माटुंगा इलाके में एक मशहूर कैफे संचालक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को छह लोग सायन अस्पताल के पास स्थित उनके घर आए और कहा कि वे मुंबई अपराध शाखा से हैं। उन लोगों ने दावा किया कि वे चुनाव ड्यूटी पर हैं और उन्हें जानकारी मिली है कि घर में धन रखा है जिसका इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में किया जाएगा।

इजराइल ने गलती से अपने ही 5 सैनिकों को उतारा मौत के घाट, सात घायल

यरूशलम, एजेंसी

उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया रिफ्यूजी कैंप में गलती से इजराइली टैंक की गोलाबारी में पांच इजराइली सैनिकों की मौत हो गई, जबकि सात सैनिक बुरी तरह से घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत नाजुक है। यह जानकारी गुरुवार को इसराइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने दी।

आईडीएफ ने बताया कि इजरायली सैनिकों ने गाजा शहर में प्रवेश किया और शरणार्थी शिविर पर फिर से हमले शुरू किये गये और इमारतों पर कब्जा कर लिया। इमारतों से कई मीटर की दूरी पर तैनात दो आईडीएफ टैंकों ने स्पष्ट रूप से एक इमारत की खिड़की में एक बंदूक देखी और लक्ष्य तय कर दो गोले दागे। सेना ने बताया कि वह इस बात की जांच कर रही है कि सैनिकों को पहचानने में गलती कैसे हुई। उन्हें फिलिस्तीनी आतंकवादियों के रूप में क्यों पहचाना गया। आईडीएफ के अनुसार, हमास के 7 अक्टूबर के हमले और बाद में गाजा पर इजरायल के हमलों में कुल 626 सैनिक मारे गये हैं।

इजराइल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ सुनवाई शुरू

हेग। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा के दक्षिणी शहर रफह में इजराइल के सैन्य अभियान को रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका के अनुरोध पर बृहस्पतिवार को सुनवाई शुरू की। यह सुनवाई दो दिन तक होगी।

यह चौथी बार है जब दक्षिण अफ्रीका ने आईसीजे से आपातकालीन उपायों का अनुरोध किया है। दक्षिण अफ्रीका ने यह आरोप लगाते हुए न्यायालय का रुख किया है कि गाजा में हमास के साथ युद्ध में इजराइल की सैन्य कार्रवाई नरसंहार के समान है। पिछले आदेश गाजा के लोगों के लिए एकमात्र शरणस्थल पर बर्बर सैन्य हमले को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

चीन कर रहा है एआई का दुरुपयोग : अमेरिका

जिनेवा, एजेंसी

- जिनेवा में प्रौद्योगिकी को लेकर हुई बैठक में अमेरिका के अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की

जिनेवा में प्रौद्योगिकी को लेकर हुई बैठक के एक दिन बाद अमेरिका के अधिकारियों ने चीन द्वारा एआई के दुरुपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की, तो वहीं बीजिंग के प्रतिनिधियों ने प्रतिबंधों और दबाव को लेकर अमेरिका की आलोचना की। उच्च-स्तरीय दूतों के बीच बंद कमरे में हुई बातचीत में एआई के जोखिमों और इसे प्रबंधित करने के तरीकों को शामिल किया गया था।

तेजी से आगे बढ़ने वाली प्रौद्योगिकी पर चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है। यह द्विपक्षीय संबंधों में टकराव का एक और मुद्दा बन गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा चीन और अमेरिका ने एक दिन पहले स्पष्ट और रचनात्मक चर्चा में एआई सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन के लिए अपने-अपने दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया। बीजिंग ने कहा कि दोनों पक्षों ने गहनता के साथ पेशेवर और रचनात्मक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया। एआई पर इस तरह की पहली अमेरिका-चीन वार्ता सैन फ्रांसिस्को में राष्ट्रपति जो बाइडन और शी चिनफिंग के बीच नवंबर में हुई बैठक का परिणाम थी। वॉट्सन ने चीन का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका ने एआई के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है। उसके मुताबिक दुरुपयोग करने वालों में चीन भी शामिल है।

फीस बढ़ोतरी मामले में निजी स्कूलों पर लगा दो-दो लाख का जुर्माना

हरदा। मध्यप्रदेश के हरदा जिले में कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के चार निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये बिना फीस वृद्धि करने पर उनके विरूद्ध दो-दो लाख का अर्थदंड लगाने के आदेश जारी किए हैं।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल ने बताया कि हरदा के जिन स्कूलों पर अर्थदंड लगाया गया है, उनमें सेंट मेरी को-एड हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, सनरेज हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, होलीफेथ बाल रेडक्रॉस हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा तथा द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा शामिल है। कलेक्टर के निर्देश पर प्राइवेट स्कूलों की विस्तृत जांच की गई, जिसमें गत वर्ष की तुलना में इस बार फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई।

आग का कहर | भयावह रहा है कैनेडियन आग का अतीत, 88000 लोगों को छोड़ना पड़ा था घर

कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : जंगलों मे आग के कहर से न केवल भारत के कई हिस्से झुलस रहे हैं, बल्कि कैनेडियन जंगलों में लगी भीषण आग ने अमेरिका के कई देशों को धुंआ धुंआ कर दिया है। जिस कारण संयुक्त राज्य अमेरिका के महानगरों की आबो हवा बेहद खराब हो चली है। प्राकृतिक संसाधन कनाडा ने रिपोर्ट जारी कर कैनेडियन जंगलों में लगी आग से आगाह किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कैनेडियन ज़ॉम्बी की आग फिर तेजी भड़कने लगी है, जो आने वाले दिनों में रौद्र रूप धारण ले सकती है। सैटेलाइट के जरिए जंगलों में आग का मानचित्र तैयार किया गया है और समय रहते काबू पाने की चेतावनी दी है। दरअसल कैनेडियन आग का अतीत हमेशा भयावह रहा है। 2023 में कनाडा के जंगल की आग ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे। जिसमें 6551 स्थानों में लगी आग से लगभग 46 मिलियन एकड़ जमीन क्षेत्र के जंगल जलकर खाक हो गए थे। यह भीषण आग बरसात व सर्दियों में थमी हुई तो नजर आई, लेकिन जमीन के अंदर धधकती रहीं और वसंत आते ही फिर से धधकने लगी।

आग का धुआं संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण हिस्से में फैलना शुरू हो गया है। इस आग को ज़ोंबी नाम से पुकारा जाता है, जो सूखे की स्थिति, गर्म तापमान और तेज़ हवाओं के कारको को जन्म दे रही है। यह आग आने वाले दिनों में तेज भड़कने लगेगी। जिसकी चेतवानी जारी कर रिहायसी क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर उपाय तलाशने को कहा गया है। प्रभावित क्षेत्रों की आशंका को लेकर लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। जंगलों की तुलना भारत से करें तो आग से बचाव की सुरक्षा को लेकर भारत में कमसेकम पलायन की नौबत शायद ही कभी रही हो। मगर जंगलों की आग से बचाव के पुख्ता उपाय पूरी दुनिया मे आज तक नही ढूंढे जा सके हैं, जो साबित करता है कि कुदरत के आगे आज भी इंसान बौना है।

कैनेडा के जंगलों में लगी भीषण आग का दृश्य। ● एजेंसी

2016 में लगी थी भयानक आग

कैनेडियन के जंगलों में सबसे बड़ी आग मई 2016 में लगी थी, जो इतिहास में फोर्ट मैकमरे ने प्रांत के क्षेत्र में सबसे बड़ी आग मानी जाती है। उस आग के दौरान, 88,000 लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। इस आग ने 2400 घरों और इमारतों को नष्ट कर दिया था। बड़ा तथ्य है यह भी है कि जंगलों की आग के धुएं से समीपवर्ती बड़े क्षेत्रों का वातावरण बुरी तरह प्रभावित होता है। जिसका बुरा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है।